आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी 07:19 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 21 जून 2025
वर्ष 3, अंक 307, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2024 में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा 14

सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान 12

## एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण फिर टला

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई बार टलने के बाद रविवार को किया गया था निर्धारित

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए रविवार को निर्धारित प्रक्षेपण स्थगित करते हुए कहा कि हाल में रूसी खंड में मरम्मत कार्यों के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए उसे अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में रिसाव, प्रक्षेपण पथ में खराब मौसम और ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के सबसे पीछे वाले भाग में रिसाव के कारण कई बार टाले जाने के बाद एक्सिओम-4 मिशन के तहत प्रक्षेपण 22 जून को करने का लक्ष्य रखा गया था।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने रविवार यानी 22 जून की निर्धारित तारीख पर प्रक्षेपण नहीं करने का निर्णय लिया है तथा प्रक्षेपण की नई तारीख आगामी दिनों में तय की जाएगी।

## देश के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में बिहार की बड़ी भूमिका : मोदी

सिवान (बिहार), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने में बिहार की बड़ी भूमिका होगी। दुनिया भारत की प्रगति से बहुत प्रभावित है। वे देख रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। इसमें बिहार निश्चित रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने सिवान में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद लगभग 45 मिनट के संबोधन में आगामी विधानसभा चुनावों में राजद नीत विपक्ष द्वारा बिहार के आर्थिक संसाधनों पर फिर से कब्जा करने के प्रयासों के प्रति लोगों को आगाह किया। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना की और कहा कि बिहार के लोग दलितों के इस आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। सिवान पहुंचे मोदी ने कहा कि आंबेडकर वंशवाद के खिलाफ थे, लेकिन उन्हें (राजद और उसके सहयोगियों को) यह पसंद नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने पैरों के पास उनकी तस्वीर रख ली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे दलितों का तिरस्कार करते हैं। इसके विपरीत, मोदी बाबासाहेब को अपने दिल में रखता है और उनकी तस्वीर को अपने सीने से लगाकर रखना चाहता है। मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा कि 70 वर्षीय बीमार व्यक्ति के पैरों के पास आंबेडकर का चित्र रखा गया था, जिसका विरोध राजग कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद-कांग्रेस के लोगों में वंचित जातियों, दलितों, ओबीसी के लोगों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। वे खुद को बाबासाहेब आंबेडकर से ऊपर समझते हैं।



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- सिवान में 5,900 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- राजद पर निशाना, कहा-बिहार दलितों के आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा

### ओडिशा में की 18,600 करोड़ के 105 प्रोजेक्ट की शुरुआत

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान 18,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 105 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की, ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का अनावरण किया और नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। लखपति दीदी सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया। जून 2024 में राज्य में भाजपा नीत सरकार बनने के बाद से छठी बार ओडिशा आए मोदी ने यहां जनता मैदान में सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में परियोजनाओं की शुरुआत की, तिरंगा यात्रा में शामिल हुए, रोड शो किया।

## एक नजर

### तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्रप्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव को भेजा गया। तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी नाव से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

### मदुरै के मंदिर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## डी-कंपनी से साझेदारी करती थीं पिछली सरकारें : मुख्यमंत्री

### योगी ने आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों साइड से किया लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

- कहा-पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज बन गया अदम्य साहस का गढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों तरफ से 7,283 करोड़ की लागत से बने 91.352 किलोमीटर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विकास कार्य करने की बजाय डी-कंपनी (दाऊद गिरोह) के साथ साझेदारी करती थीं। कहा कि कभी पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ जिला आज अदम्य साहस का गढ़ बन गया है। प्रदेश में आम आदमी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले के लिए यमलोक का टिकट कट जाता है।

लोकार्पण के बाद आजमगढ़ के सलारपुर, फूलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के साथ अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके बनने से नेपाल समेत पटना से दिल्ली की यात्रा आसान होगी। कहा कि 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा था, जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। अब 340 किलोमीटर का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं। इसके अलावा, गंगा एक्सप्रेसवे (600 किलोमीटर), लखनऊ-कानपुर, बलिया लिंक सहित छह एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे ने 3 घंटे की दूरी को 40-45 मिनट में सिमटने का गौरव हासिल किया है।

योगी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने आठ साल के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि यूपी बीमारू और जंगलराज से बाहर निकल कर अब सुरक्षा-सुशासन समेत एक्सप्रेसवे से लेकर प्रगति के हर क्षेत्र में नई इबारत गढ़ रहा है। सपा सरकार के घोटाले गिनाते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के नाम पर भी करीब 4 हजार करोड़ की डकैती की योजना थी। 15,200 करोड़ में 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे बनाना चाहते थे, हमने उसे 120 मीटर चौड़ा करके 11,800 करोड़ में बनवाया।



आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री।

### भर्ती में वसूली पर निकलते थे चाचा-भतीजा

गोरखपुर की तरफ से लोकार्पण समारोह में भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं उठते हैं। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती।

## एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे उड़ान से टकराया पक्षी



**मुंबई।** दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुए एयर इंडिया के विमान से शुक्रवार को एक पक्षी के टकरा जाने के बाद विमानन कंपनी को इसकी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी।

- कंपनी ने रद्द की वापसी की फ्लाइट

विमानन कंपनी ने कहा कि विमान पुणे में सुरक्षित उतर गया और उसके बाद ही पक्षी के टकराने की बात पता चली। एयर इंडिया ने कहा कि विमान को खड़ा कर दिया गया है और इंजीनियरिंग टीम विस्तृत जांच कर रही है। विमानन कंपनी ने कहा कि 20 जून को पुणे से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई2470 को पक्षी के टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है। फंसे हुए यात्रियों को ठहराने की सुविधा प्रदान करने समेत समस्त इंतजाम कर रही है। यात्रा रद्द करने या पुनर्निर्धारण का विकल्प चुनने वाले यात्रियों को राशि वापस करने की पेशकश भी की जा रही है, वहीं यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## केंद्र सरकार कराएगी प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गठित की 9 सदस्यीय समिति
- कोचिंग पर छात्रों की निर्भरता की भी होगी पड़ताल

कोचिंग संस्थानों और 'डमी स्कूलों' के बढ़ते चलन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता की जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने नौ सदस्यीय समिति गठित की है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग सेंटरों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समिति मौजूदा स्कूल शिक्षा प्रणाली में मौजूद उन खामियों की जांच करेगी, जिनके कारण छात्र कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हो जाते हैं। विशेष रूप से यह समिति इस



बात पर गौर करेगी कि किस तरह रटने की प्रवृत्ति हावी है और आलोचनात्मक सोच, तार्किक विवेक, विश्लेषणात्मक क्षमता और नवाचार पर सीमित ध्यान दिया जा रहा है।

### पता लगाएंगे डमी स्कूलों के उभरने के कारण

अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' के उभरने के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी और समिति औपचारिक स्कूली शिक्षा की कीमत पर पूर्णकालिक कोचिंग को प्रोत्साहित करने में उनकी भूमिका का अध्ययन करेगी तथा उन्हें कम करने के उपाय सुझाएगी। समिति स्कूल शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता तथा कोचिंग उद्योग के विकास पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेगी।

## प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



लखनऊ में शुक्रवार की सुबह हुई बरसात के चलते केजीएमयू के मुख्य गेट पर भरा पानी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वी-दक्षिणी 58 जिलों में वज्रपात का अलर्ट जारी
- प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर व भदोही में भारी बारिश का अलर्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। राज्य के दक्षिणी भाग से शुरू होकर मानसून का प्रभाव शुक्रवार को तराई, मध्य और पश्चिमी इलाकों में भी नजर आया। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मध्यम से अच्छी बारिश हुई। प्रयागराज, मिर्जापुर, अमेठी, उन्नाव आदि में बादल जमकर बरसे। राजधानी लखनऊ में भी बारिश हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि, चार जिलों प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर और भदोही में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। लगभग 58 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। शनिवार से प्रदेश के दक्षिणी इलाकों समेत विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में भी अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मानसून उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों और एनसीआर को छोड़कर पूरे राज्य में फैल गया है।

## ईडी ने बंगाल, दिल्ली में जब्त किए बैंक खाते और दस्तावेज

कोलकाता, एजेंसी

- ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं। प्रमुख जांच एजेंसी ने रिकॉर्ड, मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किए। एक परिसर से 4.5 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की।

## ईरान ने भारतीयों की निकासी को हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** ईरान ने मशहद से लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को निकालने के वास्ते तीन विशेष उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटा दिए हैं। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि जरूरत हुई तो भारतीयों को वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। ईरान की राजधानी तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद भारतीयों को मशहद शहर ले जाया गया। निकासी उड़ानों का संचालन ईरानी एयरलाइन द्वारा किया जाएगा, जिसका प्रबंध भारत कर रहा है।

## एसीबी की सिसोदिया से 3 घंटे तक पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से यहां सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

एसीबी ने सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को तलब किया था। जैन 6 जून को एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। मामला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं और भवन का निर्माण अत्यधिक लागत में करने से संबंधित कथित अनियमितताओं से



- दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

जुड़ा हुआ है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी), मधुर वर्मा ने कहा कि सिसोदिया पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश हुए। वर्मा ने कहा कि सिसोदिया से पंच गवाह की मौजूदगी में पूछताछ की गई और उनके जवाब दर्ज किए गए। पूछताछ के बाद वह अपराह्न 2.30 बजे एसीबी कार्यालय से चले गए। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद समन जारी किए गए।

### 300 से अधिक पासबुक व सरकारी फाइलें जब्त

**नई दिल्ली।** कक्षा निर्माण घोटाले के संदर्भ में ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मजदूरों के नाम पर खोले गए बैंक खातों (म्यूल) से जुड़ी 300 से अधिक पासबुक जब्त की हैं, जिनके जरिए पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान कक्षा निर्माण 'घोटाले' से प्राप्त राशि की 'हेराफेरी' की गई थी। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में 18 जून को दिल्ली में 37 स्थानों पर तलाशी ली थी। जिसमें कई फाईलें भी जब्त की थी।

## शहर बनेंगे ग्रीन सिटी, भवन निर्माण पर लागू होंगे हरित मानक

### शहरी हरित नीति को कैबिनेट की मिली मंजूरी, स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डन, पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास होंगे तेज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग से प्रस्तावित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में निरंतर और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। जिसके तहत शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा।

साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो शहरों को उनकी हरित पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिंग प्रदान करेगा। इस कड़ी में शहरों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने को वर्टिकल और रूफटॉफ गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को भी विकसित किया जाना है। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बग़ीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही नए निर्माणों के लिए हरित भवन मानकों को अनिवार्य किया जाएगा। शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में ये नीति 2025-2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027-2030 तक उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। जबकि तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी लागू की जाएगी।



### कई योजनाओं से धनराशि एकत्रित की जाएगी

प्रदेश में शहरी हरित नीति के संचालन के लिए विभिन्न केंद्र और राज्य की योजनाओं के माध्यम से धनराशि एकत्रित करने का प्रावधान है। जिसमें अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकाय अपनी आय, सीएसआर फंड और अन्य स्रोतों से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। शहरी हरित नीति के तहत सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसमें स्कूलों, कार्यालयों और संगठनों के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। रूफटॉफ और वर्टिकल गार्डन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### शहरों को मिलेंगी ग्रीन सिटी की विविध रैंकिंग

शहरी हरित नीति के तहत ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित करने का प्रावधान है। जिसके तहत शहरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें शहरों को उनके ग्रीन कवर और हरित पहलों के आधार पर रैंक किया जाएगा। इसके तहत शहरों को ग्रीन सिटी, ग्रीन , ग्रीन और ग्रीन की रैंक प्रदान की जाएगी। प्रत्येक शहर की निगरानी स्थानीय, राज्य और तीसरे पक्ष की एजेंसियों द्वारा की जाएगी। सर्वाधिक रैंकिंग प्राप्त करने वाले शहर अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरूस्कार प्राप्त करेंगे।

# योग से आत्मीयता व राष्ट्रीयता की भावना का होता विकास: डॉ. बिजेंद्र

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व अवध विश्वविद्यालय में हुआ प्रोटोकॉल योगाभ्यास, योग शिक्षक डॉ. अनुराग सोनी एवं आलोक तिवारी ने किया अभ्यास का संचालन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अवध विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास हुआ। विश्वविद्यालय के नवीन परिसर शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योग विज्ञान संस्थान के योग विभाग में आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ.बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि आत्मीयता व राष्ट्रीयता की भावना का विकास होता है। संचालन योग शिक्षक डॉ. अनुराग सोनी व आलोक तिवारी ने किया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीलम पाठक, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. आशुतोष सिन्हा आदि मौजूद रहे।

**स्वस्थ्य जीवन के लिए नियमित योग जरूरी: अयोध्या कार्यालय:** आज की इस भागदौड़ जिंदगी और अनियमित दिनचर्या के चलते कम उम्र में ही लोग कई प्रकार के रोग के शिकार हो रहे हैं। शारीरिक श्रम न होने से मोटापा बढ़ रहा है। यह स्वयं में रोगों का भंडार भी है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इसके परिप्रेक्ष्य में अमृत विचार ने लोगों से योग के महत्व पर बात की। सभी ने कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। सभी इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। नियमित योग करें और निरोग रहें।

**योग के महत्व को समझे और आत्मसात करें : अभिषेक:** संपूर्ण भारत योग के महत्व को स्वयं समझें। आत्मसात करें। यह बातें भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के सानिध्य में सिंधु वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहीं। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य प्रतिनिधि विश्व प्रकाश रुपन व आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमित माखेजा, भक्त प्रह्लाद सेवा समिति महामंत्री ओमप्रकाश ओमी, योग प्रशिक्षक निशा तलरेजा मंजर व जुंबा ट्रेनर अंजलि अग्रवाल ने प्रभु झूलेलाल जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। लखनऊ से आईं निशा मंजर का समाजसेविका प्रिया वलेशाह व सपना खेटपाल ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस मौके पर संत कंवर राम सिंधी भाषा अध्ययन केंद्र में सहायक आचार्य कपिल हासानी ,कोमल लखमानी,डॉ. विद्या सिंह, राष्ट्र सेविका समिति की दर्शना क्षेत्रपाल, प्रिया वालेशा, नीलम माखेजा सहित करीब 70 प्रतिभागियों ने आयोजन से लाभ उठाया।


निशा मंजर का स्वागत करतीं समाजसेविका प्रिया वालेशाह व सपना खेटपाल।


अवध विवि के योग विभाग में प्रोटोकॉल योगाभ्यास करते प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह और शिक्षक। अमृत विचार


योग निश्चित रुप से शरीर को स्वस्थ बनाता है। योग केवल एक ही दिन नहीं बल्कि नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। मैं प्रतिदिन योग करतीं हूँ। आज शनिवार को भी परिवार के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में सहभागिता करूंगी।
**–सरिता दूबे, गृहिणी।**


योग का जीवन में वही महत्व है जो भोजन और पानी का। योग केवल शरीर को स्वस्थ करने का माध्यम नहीं बल्कि साधना है। हम जब नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करतें हैं तब ईश्वर के प्रति विश्वास प्रगाढ़ होता है।
–गुड़िया द्विवेदी, गृहिणी।


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ही नहीं हमें नियमित योग अभ्यास से ही इसके वास्तविक लाभ मिलते हैं। आसन (शारीरिक मुद्राएं)शरीर को मजबूत और लचीला बनाते हैं। योग से बीमारियों व मानसिक तनावसे भी मुक्ति मिलती है।
**–रामनयन गौड़ उर्फ पप्पू, समाजसेवी।**


योग हमारे ऋषि मुनियों की देन है। आज पूरा विश्व इसका लोहा मान रहा है। प्राणायाम (श्वास व्यायाम) और ध्यान मन को शांत करते हैं और तनाव को काम करते हैं। इसलिए कुछ समय निकाल कर हमें नियमित योग करना चाहिये।
**–अरविंद पाठक, समाजसेवी।**


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वास्थ्य, शांति और कल्याण की खोज में लोगों को एक साथ लाने का प्रमाण है। जब हम इस दिन को मनाते हैं, तो हमें एकता की शक्ति और मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य के महत्व की याद आती है।
**–प्रदीप दुबे,शिक्षक।**


योग केवल व्यायाम नहीं, आत्मा को जानने और जीवन को सुलझाने का माध्यम है। योग वो साधना है, जो श्वासों को भी अर्थ और जीवन को भी दिशा देती है। जिस दिन से योग जीवन का हिस्सा बनता है, उस दिन से अशांति जीवन से दूर जाने लगती है।
**–प्रिया, शिक्षिका।**


योग का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ होना है। इसके कई लाभ हैं। जिनमें शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव कम करना, मानसिक स्पष्टता बढ़ाना और भावनात्मक संतुलन शामिल हैं।
**–विकास मिश्रा, अध्यापक।**


योग हमारे जीवन को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम उपाय है। मैं 25 वर्ष से योग कर रहा हूं और इस समय 67 वर्ष की उम्र में भी एकदम स्वस्थ हूं। आप सभी नियमित योग करें, स्वस्थ और प्रफुलित जीवन का आनंद लें।
**विरेंद्र श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी।**


सभी के लिए योग के कई फायदे हैं। योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। योग बच्चों को एकाग्रता, लचीलापन, ऊर्जावान महसूस करता है। सहनशक्ति बढ़ाने में मदद करता है। शांत और तनावमुक्त रहने में भी मदद करता है।
**–पूनम अग्रवाल, गृहिणी।**


मैं लंबे समय से योग करता हूं। योग से तन और मन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। हमारे शरीर पर बीमारी का असर बहुत ही कम रहता है। मेरी निजी राय है कि यदि नियमित योग किया जाए तो बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है।
**–धमसादीन, पूर्व प्रधान।**


मैं नियमित योग करता हूं। मेरा शरीर योग से पूरी तरह फिट है। मेरी सलाह है कि यदि लोग लोग नियमित योग करें और फास्ट फूड का सेवन न करें तो शरीर फिट रहेगा। बीमारियों का प्रभाव शरीर पर बहुत ही कम होगा।
**–मोहम्मद मुकीम, अधिवक्ता।**


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ही नहीं प्रत्येक दिन हम सभी को योग करना चाहिए। योग से केवल शरीर ही निरोगी होता बल्कि आत्मा भी शुद्ध होती है। इससे विकास होता है। समाज व क्षेत्र के विकास में भी हम अपना योगदान दे पाते हैं।
**–डॉ. अनीता शुक्ला।**


योग के माध्यम से आज पूरे विश्व में भारत की यह प्राचीन परंपरा पहुंच चुकी है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ही नहीं हम सभी को स्वस्थ्य जीवन के लिए नियमित योग करना चाहिए।
**–आशीष कुमार सिंह,शिक्षक।**


योग को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग केवल एक दिन का उत्सव नहीं है बल्कि यह एक जीवन शैली है। इसे अपनी सुबह-शाम की दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। स्वस्थ्य जीवन पाएं। इससे हर तरफ खुशहाली रहेगी।
**–अजय सिंह, समाजसेवी।**


आज योग अंतराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। यह भारत की बड़ी उपलब्धि है। हमने पूरी दुनिया को स्वस्थ्य और निरोग रहने का आयाम दिया। योग शारीरिक, मानसिक विचारधारा का शुद्धिकरण है। सभी को नियमित योग करना है।
**–डॉ. सुनीता अवस्थी, पूर्व प्राचार्य।**


योग के प्रति यह दिवस मात्र इसलिए है कि हम सभी को नियमित रूप से योग करना है। योग आध्यात्मिक शक्ति भी प्रदान करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को सहभागिता करनी चाहिए। नियमित योग करना चाहिये।
**–दीपिका शुक्ला, शिक्षिका।**


योग जीवन के लिए अत्यंत लाभदायक है। नियमित योग के बहुत फायदे होते हैं। शरीर स्वस्थ्य रहता है। लोगों को प्रतिदिन योग करना चाहिए, योग करने से शरीर निरोगी रहता है। हम लोग भी गांव में शनिवार को योग करेंगे।
**–मंजू सिंह,प्रधान।**


योग एक साधना है। योग करने से शरीर में कोई रोग नहीं रहता और मन प्रसन्न रहता है। साथ-साथ प्रतिदिन योग करने से शरीर की स्फूर्ति बनी रहती है। शरीर और मन स्वस्थ्य रहने से काम में भी मन लगता है, सफलता मिलती है।
**–पंकज दुबे,व्यवसायी।**


नियमित योग करने के साथ-साथ योग को सही तरीके से अभ्यास करना महत्वपूर्ण है। गलत तरीका लाभ की जगह नुकसान पहुंचा सकता है। योग के लाभों को दूसरों के साथ साझा करना चाहिए। योग को अपनाए और स्वस्थ रहें।
**–वीरु जायसवाल, समाजसेवी।**


बीमारी होने पर दवा और ऑपरेशन से ठीक किया जाता है। नियमित योग करने से शरीर निरोगी रहेगा। वजन नियंत्रित रहेगा। इससे कई तरह की बीमारियों से मुक्ति मिलेगी। हर व्यक्ति को नियमित योग करना चाहिए।
**–डॉ. फातिमा हसन रिजवी, सीएचसी प्रभारी, सोहावल।**


नियमित योग करने से शरीर पूर्णतया स्वस्थ्य रहता है। सही खान पान रखने से लंबे समय तक शरीर को निरोगी रखा जा सकता है। यदि कोई बीमारी आती भी है तो दवा का उपयोग लाभ मिलता है, लेकिन योग से हर बीमारी का निदान होता है।
**–छाया यादव, एएनएम।**


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ही नहीं हम सभी को नियमित योग करना चाहिए। इससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। दैनिक अमृत विचार द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों की भावनाओं को साझा करने का बहुत सुंदर प्रयास है।
**–शशि मौर्या, गृहिणी।**


योग हमारे देश की प्राचीन परंपरा है। जिसे अब पूरे विश्व ने मान लिया है। सभी को योग करना चाहिए। योग आपके के लिए सबसे लाभदायक है। शरीर व मन स्वस्थ्य रहेगा तो परिवार में भी खुशहाली रहेगी। जीव में तरक्की होगी।
**–गुड़िया, गृहिणी।**


मैं सुबह नियमित योग करती हूं।इससे बहुत फायदे होते हैं। कई तरह की शारीरिक दिक्कतें योग से ही ठीक होती है। योग से हर बिमारी का निदान है।इसके साथ खानपान का भी ध्यान देना चाहिए। रोज योग करने से डॉक्टर की जरूरत नहीं पड़ेगी।
**–प्रिया वालेशाह, गृहिणी।**


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को सहभागिता करनी चाहिए। योग हमारे जीवन का मूल आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पटल पर योग को स्थापित कर देश की संस्कृति और सभ्यता का मान बढ़ाया गया है।
**–राममोहन भारती, भाजपा नेता।**


योग करना शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में योग तनाव को कम करने, ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने और बेहतर नींद मे मदद करता है।जिससे मन एकाग्र और तन रोगमुक्त रहता है।
**–साक्षी वासवानी, गृहिणी।**


आज की इस भागदौड़ जिंदगी और अनियमित दिनचर्या में योग जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन योग करने से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। हमें योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।
**–कोमल मिश्रा,सचिव, सराय चैमल पूराबाजार।**


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी उपलब्धि है। योग से व्यक्ति न केवल निरोग रहता है बल्कि तनाव मुक्त भी रहता है। मैं प्रतिदिन योग साधना करतीं हूं और परिवार में बच्चों को भी योग के प्रति समर्पित कर रहीं हूं।
**–रोली सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत।**


प्रतिदिन योग करने से जहां मन प्रसन्न रहता है। शरीर स्वस्थ रहता है। इससे शरीर में बीमारियां भी घर नहीं करती हैं। स्वस्थ्य शरीर और मन आपको मेहनत करने की प्रेरणा देता है और इससे हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।
**–प्रदीप सिंह, सेवानिवृत्त मेजर।**

# सीसीटीवी ने खोला चोरी का राज, दो आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** थाना कैंट पुलिस ने सहादतगंज स्थित एक सर्विस सेंटर से कार से उड़ाए गए जेवरात के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के समय ही आरोपी वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गए थे, जिसके बाद पुलिस ने उनकी पहचान कर कार्रवाई की।

एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि अंकुर दुबे निवासी पूराकलंदर 18 जून को अपनी कार की सर्विस कराने के लिए सहादतगंज स्थित मारुति सर्विस सेंटर गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने उनकी कार में एक छोटे बैग में रखे सोने के चार कंगन, अंगूठी, गले की चेन आदि चुरा ले गए। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की जांच कर रहे कैंट थाना प्रभारी पंकज सिंह व उनकी टीम ने एजेंसी पर लगे सीसीटीवी को खंगाला तो उसमें दो आरोपी चोरी करते हुए कैद हो गए। इसके बाद पुलिस ने उनकी पहचान कर ली। पुलिस ने गुरुवार की रात आरोपी अजय कुमार वर्मा निवासी अहलाद का पुरवा सोहावल बाजार थाना रौनाही व लियाकत अली निवासी सुचितागंज बाजार थाना रौनाही को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी किए गए सभी जेवरात बरामद हुए। एसपी के अनुसार दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास भी है, दोनों के खिलाफ थाना रौनाही व कोतवाली नगर में छह-छह मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि और भी मामलों का खुलासा हो सके।

# तालाब से मिट्टी खोदने पर ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

**रानीबाजार, अमृत विचार:** सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा महावां मजरे श्री कृष्णा का पुरवा के पूरब ताल से रिंग रोड के लिए मिट्टी खोदने से ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के परशुराम वर्मा व राजेंद्र वर्मा ने बताया कि यह एक सार्वजनिक तालाब है। यहां शुक्रवार को भंडारे में पहुंचे सांसद अवधेश प्रसाद ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। आश्वस्त किया कि यहां पर किसी भी प्रकार की न खुदाई की जाएगी न इस स्थल से किसी प्रकार की छेड़छाड़ की जाएगी। कहा कि किसी को कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में जीतराम वर्मा, मायाराम वर्मा, शेखर वर्मा, रामजन्म वर्मा, बद्री यादव, बिंदेश्वरी यादव, रामकरण यादव, राघव राम यादव ,रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# गोसाईगंज की जनता ने जनबल को दिया सम्मान : लालजी वर्मा

▸▸ **पीडीए पंचायत में सपाइयों ने अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प**

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** गोसाईगंज विधानसभा की जनता ने धनबल और बाहुबल को हराकर जनबल को सम्मान दिया है। आज पूरे प्रदेश की जनता अखिलेश यादव की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। 2027 में संविधान विरोधी, दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक विरोधी तानाशाही सरकार का अंत होगा और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।

यह बातें पूर्व केबिनेट मंत्री व अंबेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा ने कहीं। वह शुक्रवार को तारुन सपा की पीडीए पंचायत को संबोधित कर रहे थे। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि प्रदेश व देश में महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर है। छुट्टा मवेशियों की वजह से किसान दिन प्रतिदिन बदहाल स्थिति में पहुंचता जा रहा है। संविधान बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सियाराम व संचालन सियाराम यादव ने किया। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेल, वैश्य अंसारी, अजीत पटेल, रामसागर वर्मा, धर्मवीर वर्मा, राम नेवल वर्मा, मायाराम यादव, शारदा प्रसाद वर्मा समेत अन्य ने संबोधित किया।


पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए सांसद लाल जी वर्मा। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसे ऐंठने का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार :** पहले फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई, फिर प्रेम प्रसंग शुरू हुआ, शारीरिक संबंध भी बने। जब युवती ने शादी का दबाव डाला तो युवक ने शारीरिक संबंध के दौरान बनाए गए वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। युवती ने कोतवाली नगर पुलिस को तहरीर देकर युवक के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक व युवती दोनों कोतवाली नगर क्षेत्र के एक ही इलाके के रहने वाले हैं। युवती का कहना है कि युवक ने कौशलपुरी कॉलोनी स्थित एक होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि इस दौरान उसने वीडियो भी बनाया। जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो युवक ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए उससे 1.80 लाख रुपये वसूले। वह अभी दो लाख रुपये और मांग रहा है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अमौनी के प्रधान को कारण बताओ नोटिस

**अयोध्या, अमृत विचार :** मयाबाजार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमौनी के प्रधान संतोष कुमार सिंह को जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने कारण बताओ नोटिस जारी की है। यह नोटिस 17.46 लाख रूपये के आवंटन के बाद भी साल 2023 से अब तक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण न होने को लेकर है। डीपीआरओ ने बताया कि अब तक कई बार प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को इस बावत पत्र भेजा गया लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। 26 मई को उनके निरीक्षण में भी स्थिति वैसी ही पाई गई। उन्होंने 15 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब न होने या फिर असंतोषजनक पाए जाने पर जिला पंचायत राज अधिनियम की धारा 95(1) छह के तहत कार्रवाई की बात कही गई है।

### अध्यक्ष ने शुरू किया शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ भवन में शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी के द्वारा किया गया। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. नीरज बाजपेई, अध्यक्ष डॉ. अमित झा, उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव,महामंत्री डॉ. अखिलेश्वर चौबे, संगठन मंत्री डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय सहित अन्य स्ववित्तपोषित शिक्षक रहे।


अवध विवि में सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ जन्मेजय तिवारी।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज, तैयारी पूरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी हो गई है। मुख्य कार्यक्रम आज शनिवार को सुबह छह बजे से राम की पैड़ी पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन उत्तर प्रदेश शासन अनिल गर्ग, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी के योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। योग दिवस का आयोजन जनपद मुख्यालय के साथ-साथ तहसीलों, ब्लॉकों, आरोग्य मंदिरों, शैक्षिक संस्थानों सहित अन्य स्थलों पर भी किया जाएगा। डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं एवं जनसामान्य के लिए सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# अनाधिकृत रूप से लाइन दुरुस्त कर रहे नगर निगम के कर्मचारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा हाल ही में हजार से अधिक कर्मचारियों को निष्कासित किए जाने के बाद नगर के बिजली आपूर्ति तंत्र में अव्यवस्था हो गई है। इस स्थिति का सबसे अधिक फायदा नगर निगम के प्रकाश विभाग के कर्मचारियों को मिल रहा है। जो अब उपभोक्ताओं की बिजली समस्याओं को अनाधिकृत रूप से ठीक करने में जुट गए हैं। इसके बदले में 500 से 1000 रुपये तक की वसूली कर रहे हैं। पॉवर कॉर्पोरेशन ने इस गतिविधि को पूरी तरह से नियम-विरुद्ध करार दिया है, लेकिन अभी तक इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। नगर निगम के प्रकाश विभाग के ये कर्मी, जो सामान्य रूप से स्ट्रीट लाइट्स और सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के रखरखाव के लिए नियुक्त हैं, अब निजी उपभोक्ताओं के घरों और दुकानों की बिजली लाइनों को ठीक करने का काम कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि ये कर्मी तत्काल सेवा के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं। कई बार तो बिना किसी तकनीकि विशेषज्ञ के काम करने से सुरक्षा संबंधी जोखिम भी बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर, पॉवर कॉर्पोरेशन के नियमित बिजली कर्मचारी इस स्थिति से बेहद नाराज हैं। उनका कहना है कि प्रकाश विभाग के कर्मियों का यह कार्य न केवल उनके अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी भी है। कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया केवल अधिकृत कर्मचारी ही बिजली लाइनों और उपकेंद्रों से संबंधित कार्य कर सकते हैं। उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि वे ऐसी अनधिकृत सेवाओं का लाभ न लें और किसी भी बिजली समस्या के लिए आधिकारिक हेल्पलाइन या कार्यालय से संपर्क करें।

> अभी तक मेरे संज्ञान में ऐसा मामला नहीं आया है। मैं पता करा लेता हूं। अगर ऐसा मिलता है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। **–पुनीत ओझा,** मुख्य अभियंता, निर्माण विभाग, प्रभारी पथ एवं प्रकाश विभाग नगर निगम।

# चौपाल में किया गया समस्याओं का निराकरण

**पूराबाजार, अयोध्या अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सराय चैमल में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला ध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में चौपाल लगा लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर खंड विकास अधिकारी समेत गांव से जुड़े विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। समस्याओं के निराकरण के लिए अफसरों के साथ स्थलीय निरीक्षण भी किया। कहा गया कि लोगों की समस्याओं का निदान होना चाहिए ताकि किसी को परेशानी न हो। चौपाल में खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विजय कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी कोमल मिश्रा, सप्लाई इंस्पेक्टर संजय चौधरी आदि लोग थे।

# घेरे है आर्थिक संकट, मुख्य अभियंता का 7:50 करोड़ का एक और नोटिस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चौरसिया ने कार्यालय परिसर में 60 दिन से धरना दे रहे निविदा संविदा कर्मियों को 19 जून को साढ़े सात करोड़ का नोटिस जारी किया है। विद्युत मजदूर पंचायत के अध्यक्ष जय गोविन्द के नाम से जारी नोटिस में चेतावनी दी गई है कि तत्काल धरना समाप्त करें अन्यथा उक्त धनराशि वसूल की जाएगी और मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। इसे लेकर शुक्रवार को भड़के कर्मचारियों ने कहा कि सभी 940 कर्मी घर बेंच देगे तो इतनी बड़ी धनराशि अदा नहीं कर सकते हैं। इसके पहले साढ़े पांच करोड़ का नोटिस मुख्य अभियंता द्वारा जारी किया जा चुका है। 19 जून को जारी नोटिस में कहा गया है कि 11 मई से 22 मई तक 10 लाख प्रतिदिन के हिसाब से एक करोड़ 20 लाख रुपये, 23 मई से 31 मई तक 50 लाख प्रतिदिन के हिसाब से 4 करोड़ 50 लाख और एक जून से 18 जून तक 1 करोड़ 80 लाख रुपए वसूले जायेंगे। पत्र में कार्यालय का कार्य बाधित होने, राजस्व की क्षति आदि का उल्लेख किया गया है। इसे लेकर शुक्रवार को धरने का नेतृत्व कर रहे प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने कहा लोकतांत्रिक ढंग से धरने पर नोटिस इतिहास बन गया है। अध्यक्ष जय गोविंद कहा मरते दम तक संघर्ष जारी रहेगा। धरने में विजय प्रताप सिंह, सुशील मौर्य, विनय मौर्य, सुरेश सिंह, सत्येंद्र पांडेय, प्रदीप यादव, उमेश चंद, धर्मवीर समेत निविदा संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐

बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ...भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम.के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555


## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने एवं वर्षा होने की संभावना है।

31.5° अधिकतम तापमान | 26.5° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- अयोध्या धाम राम की पैड़ी पर योगोत्सव सुबह 6 बजे से।
- अवध विवि में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग सुबह 8 बजे से।
- अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद एवं गांधी ज्ञान मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में गांधी ज्ञान मंदिर में संगोष्ठी शाम 5 बजे से।
- अवध विवि महाविद्यालय शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान विवि में सुबह 11 बजे से।

### मंडलीय समीक्षा बैठक 25 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडलीय समीक्षा बैठक 25 को सुबह साढ़े दस बजे आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में होगी। संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा ने बताया अध्यक्षता कमिश्नर गौरव दयाल करेंगे। राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा साढ़े दस 12 बजे तक, विकास कार्यक्रमों की समीक्षा पांच से सात बजे और कानून व्यवस्था की समीक्षा सात बजे से होगी।

# सभी देवी-देवता तथा ऋषि मुनियों के मंदिरों में अक्टूबर माह से होंगे दर्शन

## महासचिव चंपत राय ने कहा, अधिक से अधिक भक्तों को श्रीराम का दर्शन कराना चुनौती

▸▸ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कराया मंदिर परिसर का भ्रमण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर परिसर का निर्माण अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को बताया कि इसके बाद आने वाले श्रद्धालु परकोटा में स्थापित देवी-देवताओं और ऋषि मुनियों के दर्शन कर सकेंगे। वह रामकोट क्षेत्र स्थित अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर के सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा पत्रकारों को मंदिर के प्रथम तल पर विराजमान राम दरबार के दर्शन भी कराए। परिसर का भ्रमण कराकर निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी दी।

चंपत राय ने कहा कि सभी मंदिरों में देवी-देवताओं की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है, लेकिन अभी 20 प्रतिशत निर्माण का कार्य शेष है। यह कार्य अक्टूबर तक पूरे हो जाएंगे। पूरे परिसर में फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। इसके बाद ऊपर से मशीनों को नीचे लाया जाएगा, और फिर सफाई होगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक श्रद्धालु राम दरबार का दर्शन कर सके, यह हमारे सामने बड़ी चुनौती है। बताया कि अभी परिसर की सुरक्षा के लिए बहुत ही जरूरी कार्य शेष हैं। जिसमें मुख्य रूप से राम मंदिर परिसर के बाहरी दीवार का निर्माण किया जाना है। जिसे तैयार करने में लगभग एक वर्ष लगेंगे। जुलाई माह से दीवार के निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। इसके अलावा मंदिर परिसर के चारों ओर दरवाजा का निर्माण किया जाना है। एक दरवाजे का कार्य पूरा हो चुका है और दूसरे का कार्य चल रहा है। बताया कि इसके अलावा परिसर में ही एक ट्रस्ट भवन, एक सभागार और अतिथि निवास का भी निर्माण किया जा रहा है।

इस दौरान ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, सहयोगी गोपाल जी राव भी मौजूद रहे।



राम मंदिर परिसर के गेट नंबर दो से बाहर निकलते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी व अन्य। अमृत विचार

### सीसीटीवी व कंट्रोल रूम से एक्सपर्ट कर रहे निगरानी

चंपत राय ने बताया कि 70 एकड़ स्थित राम जन्मभूमि परिसर में लगभग 1000 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके लिए बने कंट्रोल रूम में लगभग 50 से अधिक एक्सपर्ट स्क्रीन के माध्यम से हर पल की निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा राम मंदिर परिसर में कोई संदेश व्यक्ति प्रवेश न कर सके, इसके लिए सुरक्षाकर्मियों व निजी सिक्योरिटी गार्ड आदि को भी फेस स्कैनिंग मशीन से गुजरने के बाद ही परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि बड़ी संख्या में सीआरपीएफ, पीएसी, सिविल पुलिस व एसएसएफ के जवान सुरक्षा में लगे हुए हैं। प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से निजी सुरक्षा कर्मियों को भी लगाया गया है। बताया कि वर्तमान में पांच स्थानों पर फेस स्कैनिंग कैमरा लगाए गए हैं। यदि इससे गुजरने वाले सुरक्षाकर्मी हमारे रिकॉर्ड के फेस रीडिंग के बाहर हैं तो उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाता है। किसी भी तरह से कोई भी संदिग्ध व्यक्ति यदि किसी भी वेश में आने का प्रयास करे तो उसे तत्काल पकड़ लिया जाएगा। बताया कि कंट्रोल रूम में लगभग 50 से अधिक स्पेशल ड्यूटी लगाई गई है।

### सीता रसोई में बनेगा रामलला का भोग

चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर के उत्तरी दिशा के परकोटा में स्थापित मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के नीचे सीता रसोई का निर्माण किया गया है। यहां रामलला को लगने वाला भोग प्रसाद बनेगा। इसके लिए अभी से ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ताकि आगे चलकर कोई परेशानी न हो। हालांकि अभी निर्माण एजेंसियां इस स्थल को ऑफिस के रूप में प्रयोग कर रही हैं, जैसे ही यह कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद यहां पर रसोई प्रारंभ होगी।

## बच्चे ने 112 पर दी हत्या की झूठी सूचना

**अयोध्या, अमृत विचार:** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार चौकी क्षेत्र में गुरुवार शाम एक आठ वर्षीय बच्चे ने 112 पर फोन कर हत्या की झूठी सूचना दे दी। सूचना के बाद पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो पता चला कि सूचना गलत थी। पुलिस को जांच में पता चला कि जिस नंबर से कॉल आई, उस पर इनकमिंग की सुविधा नहीं थी। पुलिस ने नंबर पर रिचार्ज कराया, लेकिन फोन करते ही नंबर स्विच ऑफ हो गया। पुलिस ने खोजबीन कर एक गांव में आठ वर्षीय बच्चे को ढूंढ निकाला। पूछताछ में बच्चे ने कॉल करना स्वीकार कर लिया। कोतवाली लालचंद सरोज ने बच्चे के परिजनों को फटकार लगाई। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की हिदायत दी।

# कलेक्ट्रेट महिलाकर्मी की हार्टअटैक से हुई थी मौत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र के सुरसरी कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में गुरुवार रात मृत मिली कलेक्ट्रेट कर्मचारी गीता (52) की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी मौत करीब 72 घंटे पहले हुई थी। पुलिस ने शव को उनके परिवारीजनों के हवाले कर दिया है।

अंबेडकर नगर के अकबरपुर थाना क्षेत्र के घुरऊपुर निवासी गीता कलेक्ट्रेट में लिपिक के पद पर तैनात थी। उनके पति प्रमोद कुमार सिंह किन्ही कारणों से साथ नहीं रहते थे। उनकी 13 साल की बेटी प्रियांशी उनके साथ रहती है। वह कुछ दिन पहले सीतापुर स्थित अपने किसी रिश्तेदार के घर गई थी। वह गुरुवार रात लगभग आठ बजे वापस लौटी तो दरवाजा बाहर से बंद था और अंदर से बदबू आ रही थी। आसपास के लोगों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने वीडियोग्राफी करते हुए दरवाजे को तोड़ा तो बेडरूम में कुर्सी के बगल गीता का शव मिला। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मृतका ब्लड प्रेशर की मरीज थी, पीएम रिपोर्ट के अनुसार उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। मामले में शिकायत नहीं मिली है।

# मोबाइल के नवी ऐप से की तीन लाख की ठगी

## भूमि अधिग्रहण से किसान को मिली थी मुआवजे की रकम

धोखाधड़ी

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** 84 कोसी परिक्रमा पथ के लिए जमीन अधिग्रहण के मुआवजे क़ी रकम से तीन लाख रूपये क़ी धोखाधड़ी का मामला प्रकाश मे आया है। किसान के खाते में कुल 16 लाख 46 हजार 144 रूपये आए थे। किसान को धोखाधड़ी का शिकार बनाने वाली युवती पीड़ित के संबंधों में है। पीड़ित ने आरोपित युवती के खिलाफ स्थानीय पुलिस सहित डीआईजी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती पत्र दिया है।

आरोप है कि युवती पीड़ित के घर के पास रहती है। आरोप है कि 29 मई क़ी शाम छह बजे पहुंचकर रात करीब आठ बजे तक पीड़ित क़ी बहू वंदना के पास रहकर उसका मोबाइल अपने हाथ में लेकर पहले उसका लॉक कोड चेंज किया। इसके बाद नवी नामक एक ऐप लोड किया। उसी ऐप से बहू क़ी मोबाइल से अलग-अलग खातों में करीब तीन लाख रूपये ट्रांजेक्शन कर दिया। चौथी बार एक लाख रूपये ट्रांजेक्शन किया गया रुपया किसान के खाते में वापस आ गया। तारुन सेन्ट्रल बैंक शाखा प्रबंधक ने ख़ाता धारक किसान को सन्देश देकर बैंक बुलवाया। पूरी बात बताई। खाते से रुपया गायब होने क़ी बात सुनकर किसान के होश उड़ गए। बताया कि दो बार में एक लाख रुपया प्रजापति चिराग अमृत भाई के नाम ट्रांजेक्शन हुआ है। इसके बाद श्री सरस्वती अमूल पार्लर के नाम भी एक लाख रूपये का ट्रांजेक्शन किया गया है। तीसरी बार प्रजापति स्टोर के खाते मे एक लाख रुपया ट्रांजेक्शन हुआ है।

प्रकरण के जांच अधिकारी तारुन थाने के उपनिरीक्षक अरुण पटेल व रितेश सिंह ने बताया क़ी मामले में नवी ऐप के माध्यम से रुपया ट्रांजेक्शन होने क़ी बात सामने आई है। इसकी रिपोर्ट साइबर थाने को भेजी जाएगी। आरोपी युवती क़ी अभी संलिप्तता नहीं मिल रही है। दोनों क़ी मोबाइल क़ी जांच क़ी जाएगी।

# अयोध्या शूटिंग रेंज में स्विस मशीन पर खिलाड़ी करेंगे अभ्यास

**अयोध्या, अमृत विचार:** उप्र के प्रथम सरकारी शूटिंग रेंज जिला राइफल क्लब का शुक्रवार को उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के उपध्यक्ष रामेन्द्र शर्मा ने निरीक्षण किया। यूपीएसआरए के उपाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले सरकारी शूटिंग रेंज अयोध्या में स्विस प्रणाली की आधुनिकतम मशीन लगने वाली है। इससे खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बेहतर अभ्यास हो सकेगा। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, एडीएम सिटी योगानन्द पाण्डेय, कोच शनि वर्मा व वरिष्ठ शूटिंग खिलाड़ी राजेन्द्र गुप्ता रहे।



जिला राइफल क्लब में यूपीएसआरए के उपाध्यक्ष रामेन्द्र शर्मा का स्वागत करते एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह।

## प्रदेश में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में 2.85 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार हो चुकी हैं। यह पिछले सीजन से 70 हजार हेक्टेयर अधिक है। जबकि 16 हजार हेक्टयर से अधिक में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले सीजन यह आंकड़ा साढ़े पांच हजार रहा था। मानसून की आमद के साथ प्रदेश में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई रफ्तार पकड़ रही है। इस बार धान, मोटे अनाज से लेकर दलहन-तिलहन में भी पिछले सत्र के मुकाबले तेजी दिख रही है। ज्वार, बाजरा, मूंग, अरहर की बुवाई भी पिछले सीजन से ज्यादा रही है। 30 हजार हेक्टेयर में ज्वार और साढ़े पांच हजार हेक्टेयर में बाजरा बोया जा चुका है।

# निजीकरण पर सरकार को भेजी अंतरिम रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 42 जिलों में ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण प्रस्ताव पर नियामक आयोग ने सरकार को जो अंतरिम रिपोर्ट भेजी है, उनमें कई वित्तीय खामियां मिलीं हैं। इसकी भनक लगते ही उपभोक्ता परिषद ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग उठाई है।

दरअसल, उप्र. विद्युत नियामक आयोग ने सरकार से प्राप्त निजीकरण के मसौदे पर बड़े पैमाने पर वित्तीय व संवैधानिक कर्मियों का खुलासा करते हुए एक भारी भरकम कर्मियों से संबंधित अपनी अंतरिम रिपोर्ट राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग को भेजी है। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस मसौदे को तैयार करने वाले सभी उच्च अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच बैठाकर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परिषद के मुताबिक, जरूरत पड़ने ऐसे उच्च अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए, जिनके द्वारा देश के बड़े निजी घरानो के हित में पूरा प्रस्ताव तैयार किया गया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के 42 जिलों में निजीकरण के मसौदे पर राज्य सरकार ने सभी संवैधानिक व वित्तीय पहलुओं पर सलाह मांगी थी।

## मंत्री और अधिकारियों में चल रहा झगड़ा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि एक उप मुख्यमंत्री ने लिखकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि उनके विभाग के अधिकारी ने उन्हें ट्रांसफर लिस्ट नहीं दिखाई। अधिकारी अपने मन से काम करना चाहते हैं, मंत्री अपने मन से। मंत्री और अधिकारियों का झगड़ा चल रहा है। सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अलग झगड़ा चल रहा है। सीएमओ और डीएम के बीच लड़ाई में विधायकों में भी बंटवारा हो गया।



## सार-संक्षेप

### जन शिकायतों का गंभीरता से करें निस्तारण: डीएम



जनता की शिकायतों को सुनते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण के मद्देनजर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे शुक्रवार को जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनी। निस्तारण का निर्देश संबंन्धित अधिकारियों दिया। समस्याएं सुनते कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्रवाई के साथ निस्तारण किया जाएगा। कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। अधिकारी ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

### जिला स्तरीय समिती की बैठक 24 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक 24 जून को अपराह्न तीन बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। यह जानकारी सहायक आयुक्त (खाद्य)- ।। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मानिक चन्द्र सिंह ने दी।

### कलेक्ट्रेट कर्मी की मौत पर शोकसभा

**अयोध्या, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ सहायक गीता देवी के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शोक सभा की गई है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे सहित पलेक्ट्रेट परिवार के लोग थे। सभी ने दो मिनट की मौन रखा। डीएम ने कहा कि भगवान उनके परिवार को ऐसे दुख की घड़ी में हिम्मत दें। उनकी पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

### करंट से किशोर की मौत

**सोहावल, अयोध्या :** शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौरा ब्रम्हनान की शिक्षामित्र अनीता यादव के पुत्र आलोक यादव (16) की करंट लगने से मौत हो गई। अंतिम संस्कार में पहुंचे प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र के अलावा आशुतोष प्रताप सिंह, ओम प्रकाश यादव, ईश कुमार कुमार वर्मा, संदीप मिश्र आदि ने परिवार को ढाढस बंधाया।

### दुर्घटना में घायल ने तोड़ा दम

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मोहतसिमपुर गांव के राम चंदर (54) बृहस्पतिवार देर शाम मोपेड से कर्मा चौराहा गए थे। वापस होते समय जमूरतगंज विल्हवहिर घाट मार्ग पर मठिया गांव के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वह गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर दर्शननगर भिजवाया। जहां इलाज के दौरान रात में मौत हो गई। पूराकंलदर पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### भाकपा राज्य सम्मेलन में जाएंगे तीन प्रतिनिधि

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 21,22 व 23 जून को मथुरा में आयोजित होगा। इसमें अयोध्या जिले से तीन प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी राजा करेंगे। सम्मेलन में देश और प्रदेश की मौजूदा राजनैतिक परिस्थितियों तथा पार्टी व जनसंगठनों को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### दवा सप्लाई में गड़बड़ी के आरोपी पूर्व विधायक की होगी जांच

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 37 जिलों में दवा सप्लाई में आर्थिक अनियमितता और बहराइच के पयागपुर में 500 बेड के अस्पताल बनवाने में धांधली के आरोपी सपा नेता व पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के खिलाफ मामलों में जांच होगी। शासन ने ईओडब्ल्यू को मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच का निर्देश दिया है। शासन द्वारा ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की गई है। राज्य सरकार में प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री ने धांधली की शिकायत पर मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच कराए जाने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि शिकायत पिछले वर्ष सितंबर माह में की गई थी। इससे पूर्व सीबीआइ ने वर्ष 2012 में पूर्व विधायक के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच की थी और वह दोषी पाए गए थे।

### सचिवालय में तैनात कंप्यूटर सहायक बर्खास्त


**लखनऊ, अमृत विचार :** सचिवालय प्रशासन विभाग ने सचिवालय में कंप्यूटर सहायक के पद पर कार्यरत निधि सिंह को नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही और अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोपों के चलते शुक्रवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोपों की जांच में सहयोग नहीं करने पर एकपक्षीय जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। विशेष सचिव फूल चंद्र ने निधि सिंह को सेवा से पदच्युत किए जाने का आदेश जारी कर दिया है।

# 5.2 मिमी हुई बारिश, 6 डिग्री गिरा अधिकतम पारा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी में गुरुवार रात हुई 5.2 मिमी. बारिश से मानसून की दस्तक दे दी है। तेज हवा के साथ हुई इस बारिश ने गर्मी से तप रही धरती को ठंडक प्रदान की, वहीं अधिकतम तापमान में छह डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश की संभावना है।

हालांकि शुक्रवार को दिन में बारिश नहीं हुई लेकिन आसमान में काले घने बादल छाए रहे, कुछ देर के लिए धूप भी निकली। मानसून की पहली बरसात ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है, क्योंकि धान की रोपाई के लिए यह समय अनुकूल है। वनवारी का पुरवा के किसान लालजी वर्मा ने बताया कई दिनों से गर्मी और उमस से परेशानी थी। अब बारिश से फसलों को लाभ होगा। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अब उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में पूरी तरह सक्रिय है। अयोध्या में अगले एक सप्ताह तक रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान छह डिग्री गिरकर 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम 26.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य है।




आचार्य नरेंद्रदेव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि द्वारा जारी मानसून का मानचित्र। अमृत विचार

## निजी चिकित्सालय में प्रसव को प्रेरित किया तो होगी कार्रवाई : सीएमओ

**रुदौली, अमृत विचार :** आशा बहू और आशा संगिनी सुरक्षित प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराएं। निजी चिकित्सालय में महिलाओं को प्रसव के लिए प्रेरित करने वाली आशा बहु और संगिनी पर कार्रवाई की जाएगी। ये चेतावनी सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने दी। वे शुक्रवार को सीएसची के सभागार में आशा बहू,आशा संगिनी ककी बैठक कर रहे थे। इसमें गर्भवती महिलाओं के प्रसव, सिजेरियन और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर चर्चा की गई। डिप्टी सीएमओ राजेश चौधरी ने प्रसूता महिलाओं के देखभाल और टीका कारण के कराए जाने पर बल दिया। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. राजेश चौधरी, डीपीएम राम प्रकाश पटेल, डीसीपीएम अमित कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूदौली अधीक्षक डॉ. अर्पण कोहली सहित अन्य लोग थे।

# साथी पर मुकदमा दर्ज होने से नाराज बार अध्यक्ष ने एसएसपी को लिखा पत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जमीन विवाद को लेकर अधिवक्ता के पिता पर जानलेवा हमला किया गया। अधिवक्ता और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया। इसकी जानकारी होने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। बार अध्यक्ष ने मामले में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को पत्र भेजकर उनसे मिलने का समय मांगा है।

आरोप है कि महाराजगंज थाना क्षेत्र के अधिवक्ता दिलीप कुमार दुबे का उनके पटीदार राम जियावन से जमीन का विवाद था। अधिवक्ता की जमीन पर विपक्षी कब्जा कर रहे थे। उनके पिता हृदय राम दुबे ने मना किया तो विपक्षियों ने उन पर हमला बोल दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी रिपोर्ट उन्होंने विपक्षी राम जियावन समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई थी। विपक्षियों की तरफ से दी गई तहरीर पर भी महाराजगंज पुलिस ने अधिवक्ता और उनके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। जबकि घटना के समय अधिवक्ता कचहरी में थे। संघ अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने बताया कि मामले में एसएसपी को पत्र भेजा गया है। उनसे मिलकर अधिवक्ता और उसके परिजनों पर दर्ज हुई रिपोर्ट को स्पंज करने की मांग की जाएगी।

## कोटेदार राशन के लिए करता था परेशान, कोटा निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार :** राशन के लिए उपभोक्ताओं को दौड़ाने, खाद्यान तौलने के लिए दो-दो कांटे का प्रयोग करने वाले कोटेदार का कोटा निलंबित कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि सोम प्रकाश पाण्डेय निवासी बेगमगंज गढ़ैया, वार्ड अम्बेडकर नगर ने इस संबंध में सीएम पोर्टल पर शिकायत की थी। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक ने मौके पर जाकर जांच की तो की आरोप सही पाया गया। इसके बाद कोटा निलंबित कर नगर निगम क्षेत्र के कंधारी बाजार के कोटेदार आनंद गुप्ता को अनियमितता और आरोपों के संबंध में लिखित स्पष्टीकरण व विगत तीन माह के स्टॉक और बिक्री अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दुकान को प्रथम लिंक शॉप के उचित दर विक्रेता राकेश कुमार गुप्ता से अस्थायी रूप से सम्बद्ध किया गया है।

कवायद | 150 कमरों के भवन के अलावा ट्रांजिट हॉस्टल, मल्टीपर्पज हॉल, मेस व स्टोर का भी चल रहा निर्माण

# आरजेबी परिसर में बन रहा आधुनिक आवासीय भवन

▸▸ 22 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग कर रहा तैयार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर की सुरक्षा में लगे कर्मियों के लिए एक अत्याधुनिक आवासीय भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस परियोजना के तहत 150 कमरों वाला भवन, ट्रांजिट हॉस्टल, मेस, स्टोर और मल्टीपर्पज हॉल जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

लोक निर्माण विभाग द्वारा 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अनुसार प्रगति पर है। परियोजना को 14 अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में भवन का स्ट्रक्चरल कार्य पूरा हो चुका है और प्लास्टर, पेंटिंग व अन्य फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस भवन के निर्माण से आरजेबी परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सुविधा होगी। पहले कर्मियों को आवास के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय व संसाधनों की बर्बादी होती थी। भवन तैयार हो जाने से कर्मचारियों को इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।



श्रीराम जन्मभूमि परिसर में सुरक्षाकर्मियों के लिए निर्माणाधीन आवासीय भवन।

### अस्थायी तैनाती वालों को मिलेगा अधिक लाभ

ट्रांजिट हॉस्टल की सुविधा उन कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी, जो अस्थायी तैनाती पर अयोध्या आते हैं। मेस और स्टोर की व्यवस्था से कर्मचारियों को भोजन और अन्य आवश्यक सामानों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण इस परियोजना का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सुविधा कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देगी।

> निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के लिए सभी संसाधन जुटाए गए हैं। यह परियोजना सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें सुरक्षा कर्मियों की गरिमा और सुविधा के साथ-साथ अयोध्या का समग्र विकास शामिल है। इस भवन के पूरा होने पर आरजेबी परिसर कर्मियों के लिए एक आदर्श कार्यस्थल के रूप में उभरेगा। **-उमेश चंद्र,** अधिशासी अधिकारी लोक निर्माण विभाग खंड दो

## एक नजर

### युवती का एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 49 हजार रुपए, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** नगर जलालपुर स्थित एक बैंक से युवती का एटीएम कार्ड बदल कर 49 हजार रुपए निकाल लेने के मामलें में पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। भड़भड़पुर निवासिनी अंकिता यादव ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि बीते 10 जून को वह अपने जीजा के खाते से पैसा निकालने के लिए वन इंडिया बैंक एटीएम गई थी। जब वह एटीएम के अंदर गयी तो मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और कहा कि तुम्हारा एटीएम काम नहीं कर रहा है और वह घर चली गई। बाद में उसके जीजा पंकज यादव का फोन आया कि 49 हजार रुपये निकाली हो तो युवती ने कहा कि आज पैसे निकले ही नहीं। युवती ने एसपी से शिकायत की तो पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### प्रसव के दौरान प्रसूता और नवजात की मौत

**आजमगढ़ :** जिले के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के नसीरपुर के समीप स्थित शिफा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में शुक्रवार को एक दुखद घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। प्रसव के बाद 24 वर्षीय प्रिया गुप्ता और उसेके नवजात शिशु की मृत्यु हो गई, जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों ने मृतका और नवजात के शव को अस्पताल के गेट पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया और शव को ले जाने से इनकार कर दिया। प्रिया गुप्ता पत्नी शुभम गुप्ता, मूलरूप से अंबेडकरनगर के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मंसूरनगर की निवासी थीं। वर्तमान में वह अपने मायके, अमिला (थाना घोसी, मऊ जिला) में रह रही थीं। प्रसव के लिए प्रिया दो दिन पहले बिलरियागंज के नसीरपुर स्थित शिफा हॉस्पिटल में भर्ती हुई थीं। शुक्रवार दोपहर को सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) के बाद नवजात और प्रिया दोनों की हालत बिगड़ गई और दोनों की मृत्यु हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने जब शवों को बाहर निकालने का प्रयास किया, तो परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और शवों को अस्पताल के मुख्य द्वार पर रखकर विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने शव को ले जाने से साफ मना कर दिया और कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही बिलरियागंज थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजा है।

# 2047 में देश एक विकसित भारत होगा

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के दौरान जनता को संबोधित किया

संवाददाता, आजमगढ़



गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करते सीएम योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोड कनेक्टिविटी की शानदार सौगात गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण शुक्रवार को फूलपुर तहसील अंतर्गत सलारपुर टोलप्लाजा के पास किया। लोकार्पण के बाद सीएम ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने आजमगढ़ में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनाया तो वहीं समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से आजमगढ़ की अंबेडकरनगर और संत कबीर नगर को वर्ल्ड क्लास कनेक्टिविटी का उपहार आज आपको प्राप्त हो रहा है। इसके लिए सीएम ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के सामने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर जो लक्ष्य तय किया था और उसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए की वर्ष 2047 में देश एक विकसित भारत होगा। उसे विकसित भारत के लिए विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 8 वर्ष पहले पहचान का संकट होता था। लोग आजमगढ़ का नाम लेने से घबराते थे। आजमगढ़ ने एक नहीं दो-दो मुख्यमंत्री दिए और इस आजमगढ़ को पहचान का मोहताज होना पड़ा था। लेकिन आज 8 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में आजमगढ़ पहचान का मोहताज नहीं है। आज आजमगढ़ से अदम्य साहस का गढ़ बन चुका है। अब यह विकास की मुख्य धारा के साथ जुड़ चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद करिए कितने विकास की योजनाएं पिछले 8 वर्ष में आजमगढ़ में आईं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास भी जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री जी ने किया था और 2021 में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। अब मैं देखता हूं आजमगढ, मऊ, गाजीपुर, बलिया के लोग सुबह जाते हैं लखनऊ और दोपहर में अपना कार्य निपटा करके वापस अपने गांव, अपने शहर में वापस आ जाते हैं। यह होती है गति और यही होती है प्रगति। वहीं मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा के लोगों को सिर्फ अपना परिवार ही दिखता है, जब यह लोग सत्ता में आते थे तो यह लोग सिर्फ अपने परिवार की बात करते थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, दारा सिंह चौहान, एमएलसी रामसूरत राजभर, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, पूर्व विधायक वंदना सिंह, पूर्व सांसद संगीता आजाद, जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर सहित तमाम लोग मौजूद है।

### 7283.28 करोड़ से बना पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे

गौरतलब है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़े गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 91.35 किमी है। यह गोरखपुर के एनएच-27 पर जैतपुर के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से मिलता है। यह चार जिलों गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ से होकर गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे भविष्य में छह लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण सहित 7283.28 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसका निर्माण दो भाग में गोरखपुर के जैतपुर से अंबेडकरनगर के फुलवरिया तक (48.317 किमी) और फुलवरिया से आजमगढ़ के सलारपुर तक (43.035 किमी) किया गया है।


लिंक एक्सप्रेस-वे पर खड़े होकर देखते मुख्यमंत्री।

## सार-संक्षेप

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर भाजपाइयों का रहा जमावड़ा


एक्सप्रेस-वे पर मुख्यमंत्री के अभिवादन के लिए उपस्थित भाजपा नेता। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करने के बाद कार से गोरखपुर निकले मुख्यमंत्री की एक झलक पाने व उनका अभिवादन करने के लिए कटका टोल प्लाजा पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। शुक्रवार सुबह दस बजे से पहले ही जलालपुर और आलापुर समेत जनपद के अन्य स्थानों से भाजपा कार्यकर्ताओं व आम लोगों का आना शुरू हो गया। धीरे-धीरे यहां भीड़ एकत्रित हो गई और प्रशासन ने रस्सा बांध कर लोगों को निश्चित दूरी पर खड़ा किया। हाथों में पार्टी व तिरंगा झंडा लेकर खड़े लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने को बेताब दिखे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चलती गाड़ी से मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, ब्लॉक प्रमुख भियांव गौरव सिंह, डॉ. रजनीश सिंह, देवेश मिश्र समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विवि परिसर में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता, आजमगढ़, अमृत विचार :** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में हाइब्रिड मोड पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर विश्वविद्यालय के मुखिया प्रो. संजीव कुमार आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया गया। प्राध्यापिका डॉ. प्रियंका सिंह एवं डॉ. वैशाली ने सुहेलदेव विश्वविद्यालय का कुल गीत प्रस्तुत किया। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि आज विश्व फलक पर योग की खुशबू बिखरने वाले देश के नामचीन लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग संगोष्ठी में सहभाग कर अपने अनुभव ऑनलाइन साझा किए। वहीं डॉ. तारकेश्वरनाथ पांडेय एवं पवन सिंह ने योग तथा ध्यान पर अपने प्रेरणादायी विचार से सबका ज्ञानवर्धन किया। संगोष्ठी में शुभम राय, सूर्यप्रकाश अग्रहरि, सहायक कुलसचिव डॉ. महेश श्रीवास्तव, डॉ. प्रवेश, डॉ. पंकज, डॉ जयप्रकाश, डॉ. हिमांशु, डॉ. शशि प्रकाश, डॉ. विभा, डॉ. योगेश, डॉ. नितेश, धीरज, त्रिशिका, ऋतंभरा, डॉ. उमेश, डॉ. सफीउजमा आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन निधि सिंह ने किया।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रो. संजीव कुमार।

## पात्र श्रमिकों को दें सरकारी योजनाओं का लाभ : सीडीओ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला की अध्यक्षता व सीडीओ की मौजूदगी में जिला श्रम बन्धु, जिला टास्क फोर्स, बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति और जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान सीडीओ ने पात्र श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए

इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादव ने विभागीय प्रगति के बारे में जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि जिला श्रम बन्धु की बैठक नियमित अन्तराल पर कराया जाना सुनिश्चित करें और विभाग से सम्बन्धित योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराए तथा पात्र श्रमिकों को योजनाओं से आच्छादित करवाएं। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल, सम्पूर्ण समाधान दिवस में, सीएससी, वीएलई के माध्यम से श्रम विभाग की योजनाओं का शिविर लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि जीरो पॉवर्टी के अन्तर्गत पात्र परिवारों का पंजीयन कराया जाए। सभी कार्यदायी संस्थाओं के कार्यस्थल पर कार्यदायी संस्थाओं, विभागों के द्वारा श्रमिकों का पंजीयन कराएं। यहां अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जीएम डीआईसी, समस्त अधिशासी अधिकारी, एनजीओ, उद्योग प्रतिनिधि, श्रम संघ तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारी आदि रहे।

## शराब माफिया की 1.75 करोड़ रुपये की संपत्ति राज्य सरकार के अधीन घोषित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जनपद की कानून व्यवस्था को कलंकित करने वाले बहुचर्चित जहरीली शराब कांड में अब न्याय की गूंज सुनाई देने लगी है। इस जघन्य प्रकरण के मुख्य आरोपी और गैंगलीडर मोतीलाल गुप्ता पुत्र रामदेव निवासी मित्तूपुर थाना पवई जनपद आज़मगढ़ की लगभग 1 करोड़ 75 लाख रुपये मूल्य की अवैध अचल संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन की सजगता, मॉनिटरिंग सेल की सतत निगरानी और अभियोजन विभाग की सशक्त एवं सुनियोजित पैरवी का प्रतिफल है।

बता दें कि 10 मई 2021 को थाना जैतपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिघोंरा मकदूमपुर में जहरीली शराब पीने से कई ग्रामीणों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज घटना के बाद थाना जैतपुर में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की थी। जांच के क्रम क्रम में मुख्य अभियुक्त मोतीलाल गुप्ता सहित कुल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने मोतीलाल के अवैध शराब के कारोबार से अर्जित अकूत धन की जानकारी जुटाई और 3 जनवरी 2022 को उसकी 1.75 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों की कुर्की के लिए रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी। जिला मजिस्ट्रेट अंबेडकरनगर ने 13 मई 2022 को संपत्तियों की कुर्की का आदेश पारित किया। हालांकि अभियुक्त ने गैंगस्टर एक्ट की धारा के अंतर्गत कुर्की आदेश के विरुद्ध प्रत्यावेदन दाखिल कर संपत्ति मुक्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने उसकी याचिका को निर्धारित आदेश के अनुरूप खारिज कर दिया है। अंततः विशेष न्यायाधीश ने कुर्कशुदा अचल संपत्तियों को राज्य संपत्ति घोषित कर दिया। वहीं एसपी केशव कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई संगठित अपराध के विरुद्ध प्रशासनिक सख्ती का प्रतीक है।

**जहरीली शराब कांड का मास्टरमाइंड मोतीलाल गुप्ता फंसा कानून के शिकंजे में**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं हिमांशी मिश्रा पुत्री विनोद कुमार मिश्रा नि- फैजुल्लागंज, लखनऊ, मेरी उ.प्र. बोर्ड का अंकपत्र क्रम संख्या 1173924 वर्ष 2017 जो कि कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो इस मोबाइल पर संपर्क करें- 9450395629

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1307881 व इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0892765 रेडियोग्राफर 2017 अनुक्रमांक 164625347 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **ब्रजेन्द सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत पिपरावां पोस्ट-मल्लावां हरदोई।**

**सूचना**
मैं **त्रिभुवन वर्मा पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम बीबीपुर थाना कोतवाली नगर पोस्ट मटिया तहसील सदर जनपद रायबरेली** बयान करता हूं कि मैने अपने पुत्र हिमांशु पटेल और उसकी पत्नी प्रिया के आचरण से परेशान होकर स्वयं और परिवार से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों, लेनदेन के वह स्वयं उत्तरदाई होंगे। उनका मेरे व परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
पासपोर्ट संख्या H8782110 पर मेरा नाम मोहम्मद इरशाद खान पुत्र मोहम्मद अरशद खान अंकित है। जबकि सही नाम मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद निवासी 52 किशनपुर राय, नजदीक मस्जिद, अहियापुर रायबरेली**

**सूचना**
मेरा आधार संख्या 246047188693 जिस पर मेरा नाम सतीश अंकित है, किंतु कुछ प्रपत्रों में मेरा नाम सतीश गेरा है। सतीश व सतीश गेरा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना वह पहचान जाए। **सतीश पुत्र मदन लाल निवासी- प्लाट नंबर 109 रतनलाल नगर, उद्योग नगर, कानपुर।**

**सूचना**
मेरा पुत्र वीरेंद्र व उसकी पत्नी सुनीता का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार है। दोनो के गलत आचरण को देखते हुए संबंध विच्छेद कर लिया है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **विजय शंकर पुत्र मुल्ला ग्राम- ढिकिया, तहसील मैथा, जिला कानपुर देहात**

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरे वोटर आईडी कार्ड, परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड में मेरा नाम सुनीता पत्नी मुरली निवासी चमरपुरवा इमलिया अंकित है, जबकि आधार में त्रुटिवश सरिता पत्नी मुरली अंकित है जो गलत है। अतः आधार कार्ड में सरिता के स्थान पर सुनीता अंकित किया जाना नितांत आवश्यक है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रूपरानी पुत्री स्व0 बुद्धा निवासिनी- मकान नं0 -485/ 36ख, लकड़मण्डी मोहन मेकिन रोड डालीगंज, थाना- हसनगंज, लखनऊ,** मैने अपने छोटे भाई पुत्ती लाल (आधार नं0-2033 4347 7420 मोबाईल नम्बर- 6307639135) व उनकी पत्नी अर्चना से मेरा कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। यदि कोई भी कृत्य, कार्य या कर्जा आदि का लेन-देन या कोई भी अपराध अथवा गैर कानूनी कार्य मेरे भाई व उनकी पत्नी द्वारा किया जाता है तो इसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। मेरा इनके द्वारा किये गये कार्य से किसी भी प्रकार से कोई सम्बन्ध नहीं है। हमारा बटवारा हो चुका है तथा मेरे भाई अपने परिवार के साथ अलग रहते है। मैं अपने परिवार के साथ अलग रहती हूं। हम दोनों का सम्बन्ध विच्छेद हो चुका है।

## भू-माफिया और असामाजिक तत्वों पर करें कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


शांति एवं कानून-व्यवस्था को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले मामलों के संबंध में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में भू-माफिया, खनन माफिया और असामाजिक तत्वों और गैंगस्टरों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अभियुक्तों की अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति पहचान कर उन्हें जब्त किया जाए, ताकि अपराधियों को आर्थिक रूप से भी कमजोर किया जा सके। बैठक के दौरान डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

वहीं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध रूप से संचालित डीजे, नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करें।

**कानून-व्यवस्था को लेकर बैठक में डीएम ने दिए निर्देश**

**विभाग लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने पर दें जोर, अंबेडकरनगरः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैसबोर्ड के माध्यम से विकास विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने पर जोर दें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, डीपीआरओ, जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी अनुपम सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आदि मौके पर उपस्थित रहे।

**स्व0 संतराम तिवारी विधि महाविद्यालय पारासराय, इटियाथोक, गोण्डा**
में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अंतर्गत एल.एल.बी.(त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु
**में आवश्यकता है**
प्राचार्य – 01 पद
विधि प्रवक्ता – 10 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू.जी.सी. राज्य विश्वविद्यालय एवं बी.सी.आई. के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क स्थापित करें।
**प्रबंधक**
मो0नं0–7234065611

**कार्यालय ग्रा.पा. डोमनेपुर वि.ख. कटेहरी, अंबेडकर नगर**
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
ग्राम पंचायत डोमनेपुर विकास खण्ड खण्ड– कटेहरी जिला–अंबेडकर नगर में मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त योजना के अंतर्गत निम्न कार्य निर्माण कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मो से सामग्री प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, इंटरलॉकिंग ईट, मोरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, ईट गिट्टी, एसओबी ईट, सरिया, पीवीसी पाइप इत्यादि आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमन्त्रित की जाती है।
**परियोजना का विवरण**
**पक्की सड़क से अजय साहू के घर तक**
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24/06/2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 25/06/2025 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष अपराह्व तीन बजे खोली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
**प्रेम मिश्रा** ग्राम प्रधान
**आनन्द पाण्डेय।** सचिव

## आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल प्रभारी बसपा में हुए शामिल

**जलालपुर, अंबेडकरनगरः** आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल प्रभारी समीर कुमार चौधरी ने बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उन्होंने रविवार को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आवास पर पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और अंबेडकरनगर के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सावंत ने समीर कुमार चौधरी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समीर कुमार चौधरी जैसे ईमानदार, कर्मठ और जुझारू युवा के पार्टी में शामिल होने से दलित, पिछड़े समाज के युवाओं को एक नई दिशा मिलेगी। वहीं समीर कुमार चौधरी ने कहा कि बसपा की नीतियों और मायावती से प्रभावित होकर मैंने आम आदमी पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व विधायक भीमराव आंबेडकर, मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल, दयाराम राजभर, अरविंद गौतम, जंग बहादुर, गुड्डू, छेदीराम मौर्य, प्रीतम पाल, अकरम इदरीसी, रोहित प्रजापति सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

**कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या**

पत्रांक :– 237 / ज0क0वि0 न0नि0अयो0 / ई–निविदा/2025–26 दिनाक :–20/06/2025

**तृतीय ई-निविदा सूचना पत्र**
**नगर निगम अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत 01 नग नये बड़े नलकूप अधिष्ठापन कार्य एवं 01 नग नलकूप रिबोरिंग का कार्य कराये जाने हेतु तृतीय ई–निविदा आमंत्रण :–**

नगर निगम अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत 01 नग नये बड़े नलकूप अधिष्ठापन कार्य एवं 01 नग नलकूप रिबोरिंग का कार्य कराये जाने हेतु तृतीय ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत नलकूप अधिष्ठापन एवं नलकूप रिबोर का कार्य हेतु ई–निविदा ऑनलाइन वेबसाइट एवं दो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या को https://emdnagarnigamayodhya.in/login Withotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 23/06/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 05/07/2025 सायंकाल 05: 00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 07/07/2025 को 12:00 बजे तक |

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि रुपया | निविदा मूल्य 18% G.S.T सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत महात्मा गांधी वार्ड के बछड़ा सुल्तानपुर में 01 नग बड़े नलकूप का अधिष्ठापन एवं इसकी राइजिंग मेन विस्तार का कार्य कराने हेतु। | 4,42,000.00 | 5216.00 | 60 दिवस |
| 02 | नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत विक्रमादित्य नगर वार्ड के अंगूरीबाग क्षेत्र में 01 नग नलकूप रिबोरिंग का कार्य कराने हेतु। | 3,40,000.00 | 4012.00 | 45 दिवस |


**अधिशाषी अभियन्ता (जल)** नगर निगम अयोध्या
**अपर नगर आयुक्त** नगर निगम अयोध्या




International day of yoga
21st June
अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस
गोण्डा विशेषांक




International day of yoga
21st June






एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
त्रिगुण कुमार शुक्ल
संयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,
नवाबगंज गोंडा


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
आदर्श कुमार मिश्र
योग प्रशिक्षक
आयुष विभाग गोंडा
मो. 8948324980


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
प्रेम नरायन पाडेय
विधायक
मनोज पाण्डेय
ब्लाक प्रमुख
अजय कुमार पाण्डेय
प्रधान प्रतिनिधि
गौहानी तरबगंज गोण्डा
दिग्विजय पाण्डेय
प्रबंधक
भैया चन्द्रभान दत्त इंटर कॉलेज
व ग्रामप्रधान
ग्रामपंचायत गौहानी
तरबगंज गोण्डा।


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
International day of yoga
21st June
सत्य प्रकाश सिंह
जिला समाज कल्याण अधिकारी
हलधरमऊ


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
International day of yoga
21st June
सत्य प्रकाश पाण्डेय
खंड विकास अधिकारी
हलधरमऊ


"एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग"
ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
के अवसर पर
सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम
डा0 इंद्रजीत
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, गोंडा
नेहा शर्मा
डीएम गोंडा
गरिमामयी उपस्थित
श्री कीर्तिवर्धन सिंह
मा.राज्य मंत्री भारत सरकार
श्री दारा सिंह चौहान
मा.कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश
श्री करन भूषण सिंह
मा.सांसद कैसरगंज
श्री घनश्याम मिश्रा
मा.अध्यक्ष जिला पंचायत, गोण्डा
श्री अवधेश कुमार सिंह
मा.सदस्य विधान परिषद
श्री प्रतीक भूषण सिंह
मा.विधायक सदर
श्री रमापति शास्त्री
मा.विधायक मनकापुर
श्री बावन सिंह
मा.विधायक कटरा बाजार
श्री प्रेम नरायन पाण्डेय
मा.विधायक तरबगंज
श्री विनय कुमार द्विवेदी
मा.विधायक मेहनौन
श्री अजय सिंह
मा.विधायक कर्नलगंज
श्री प्रभात वर्मा
मा.विधायक गौरा
जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, गोण्डा (उत्तर प्रदेश)


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
International day of yoga
21st June
प्रभात वर्मा
विधायक
गौरा विधानसभा क्षेत्र, गोंडा


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
अजय कुमार शुक्ला
एडवोकेट मंडल मंत्री
इटियाथोक, गोण्डा
अजय कुमार शुक्ल


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
हंस राज वर्मा
जिला संगठन मंत्री
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, गोंडा


एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग
International day of yoga
21st June
अजय शुक्ला
प्रबंधक
कुसुमा हास्पिटल मंडेनाला
निकट- अंबेडकर चौराहा, गोंडा


प्रशांत पटेल (राहुल)
पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
युवा भाजपा नेता
प्रो– जे.के. किसान सेवा केन्द्र कलेनिया
पटेल ब्रिक फील्ड कुबरी मुबारकपुर

## नपा अध्यक्ष ने शांति पूर्वक ताजिया विर्सजन की अपील की


डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू।

**बलरामपुर अमृत विचार :** आदर्श नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह "धीरू" ने कहा कि न्यायालय एंव एनजीटी के निर्देशों का पालन करते हुए, ताजिया विर्सजन के लिए स्थायी स्थल का चयन किया गया है। सभी धर्मों के त्यौहारों का सम्मान करते हुए, सुन्दर शांतिपुर्वक मनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। न्यायालय एंव शासन प्रशासन के दिशा-निर्देश का अक्षरश: से पालन किया जाएगा नगरवासी धैर्य एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करे।

## प्रमुख बैंकों का सीडी रेशियो कम होने से डीएम नाराज

**बलरामपुर अमृत विचार :** जिला बैंकर्स समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने प्रमुख बैंको का सीडी रेशियों कम होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने कहा कि प्रमुख बैंक द्वारा ऋण प्रदान नहीं किया जा रहा, जबकि बैंक का प्रमुख कार्य है ऋण प्रदान करना। बैंक के द्वारा अधिक से अधिक ऋण प्रदान किए जाने से लेनदेन अधिक होगे एवं जनपद की आर्थिक संरचना में मजबूती होगी, रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कम सीडी रेशियों वाले बैंकों को कड़ी चेतावनी देते हुए अधिक से अधिक ऋण प्रदान करते हुए सीडी रेशियों बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि क्षेत्र में भी कम प्रदान किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने निर्देश दिए की अधिक से अधिक के कृषकों को केसीसी का लाभ दिया जाए।

## रोजगार मेला 25 को, प्रतिष्ठित कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

**बलरामपुर अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 जून को प्रात: 10:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला ब्लॉक परिसर बलरामपुर एवं हरैया सतघरवा में आयोजित किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।

# बिजली कटौती से जनता परेशान

### सदर विधायक ने त्वरित समाधान के लिए बिजली विभाग के एमडी से की मुलाकात

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** सदर विधायक पल्टूराम ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिगड़ती विद्युत आपूर्ति को लेकर लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल से मुलाकात की है। उन्होंने जनपद में व्याप्त भीषण बिजली संकट की विस्तृत जानकारी देते हुए जल्द से जल्द समाधान की मांग की।


बिजली विभाग के एमडी को क्षेत्र की विद्युत समस्या बताते सदर विधायक पल्टूराम।

विधायक में प्रबंध निदेशक को बताया कि बलरामपुर शहर के स्टीम पावर हाउस, भगवतीगंज पावर हाउस तथा पूरब टोला पावर हाउस से जुड़े मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। इसके चलते नागरिकों में भारी आक्रोश है। स्थानीय विद्युत अधिकारियों से लगातार संपर्क करने और व्यक्तिगत मुलाकातों के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। अधीक्षण अभियंता बलरामपुर द्वारा उन्हें यह जानकारी दी गई है कि यदि स्टीम पावर हाउस में 5 एमबीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाए तो शहर में विद्युत आपूर्ति की स्थिति में बड़ा सुधार आ सकता है। उन्होंने इस प्रस्ताव को शीघ्र शासन स्तर से स्वीकृति दिलाने की मांग की।

विधायक पल्टूराम ने यह भी अवगत कराया कि बलरामपुर सदर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। विद्युत उपकेन्द्र उतरौला ग्रामीण, रेहरा, जिगना श्रीदत्तगंज, चमरूपुर, गौर, नरायणपुर (हरिहरगंज), लिफ्ट कैनाल पूर्वी फीडर व गौरा सहित अन्य फीडरों पर बिजली बेहद कम समय के लिए आ रही है। कई गांवों में दिनभर में मुश्किल से 10-15 मिनट ही आपूर्ति हो पा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण से विभाग की कार्यक्षमता प्रभावित हुई है। नये अधिकारी क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को सही ढंग से समझ नहीं पा रहे हैं।

विधायक ने मांग की कि जनहित में बलरामपुर सदर के सभी शहरी और ग्रामीण फीडरों को 24 घंटे निर्वाध विद्युत आपूर्ति के तहत लाया जाए और आवश्यकतानुसार अधोसंरचना को तत्काल मजबूत किया जाए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज जिलेभर में होगा योग

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग अनिल कुमार सागर एवं डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकासखंड स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें की बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जनपद स्तर पर स्पोर्ट स्टेडियम बलरामपुर में सुबह 7 बजे योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। योगाभ्यास योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया जाएगा। जनपद स्तर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। तहसील स्तर पर सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगे, जिसमें की बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर सभी विकास खंड परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके साथ ही साथ सभी परिषदीय विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा।



जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर।













































## एक नजर

### लगा पशु स्वास्थ्य शिविर पशुपालकों को मिला लाभ

**परसपुर, गोंडा,अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सरैया में 1962 टीम द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 पशुओं के मल सैंपल लेकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण में कुछ जानवरों में प्रोटोजोआ संक्रमण, सिस्टोड और नेमाटोड जैसे परजीवी की उपस्थिति पाई गई, जिनका तत्काल उपचार किया गया और डी वार्मिंग की दवाएं वितरित की गईं। डॉ हेमंत सिंह एवं उनकी टीम ने वर्षा ऋतु में पशुओं की देखभाल एवं कीड़ों से बचाव के उपायों की जानकारी किसानों को दी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्थानीय गौशाला में भी पशुओं का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार दिया गया। सुरेश सिंह, राजित राम, बृजेश कुमार सहित अनेक किसानों ने इस शिविर से लाभ प्राप्त किया और पशुपालन विभाग की इस पहल की सराहना की।

### विवाहिता को घर से भगाया, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा,अमृत विचार :** दहेज में बुलेट की मांग न पूरी होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता की पिटाई कर घर से भगा दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला खरगूपुर के लोनावा दरगाह गांव का है। रुखसाना की शादी नौ माह पहले इसी गांव के फिरोज के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद ही ससुरारीजनों ने बुलेट बाइक फ्रिज, वाशिंग मशीन की मांग करनी शुरू कर दी। पीड़िता रुखसाना का आरोप है कि उक्त मांग की पूर्ति न करने की स्थिति में उसकी मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न किया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, धमकी आदि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पुलिस चोरी के सामान के साथ चोर को पकड़ा

**रुपईडीह, गोंडा,अमृत विचार :** बीते बुधवार की रात कौड़िया के भैरमपुर गांव में घिर्राऊलाल के घर से चोर नकदी व मोटर उठा ले गये थे। उन्होंने थाने मे जाकर अभियोग दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा घटना का खुलासा किये जाने के लिए दारोगा अमरजीत सोनकर की अगुवाई मे टीम गठित कर जांच पड़ताल की जा रही थी। इसी दौरान घटना में शामिल खरगूपुर के मंगलनगर गांव निवासी भीमसेन व सुनील को राउरतारा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की बात स्वीकार कर लिया। उनके पास से एक किर्लोस्कर मोटर, दो हजार पांच सौ रुपये नकद व चोरी मे प्रयोग की गई रिंच व कटर बरामद कर लिया गया है।

# आज महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली पर मंत्री और अफसर करेंगे योग

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां पूरी, जिले भर के जन प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

संवाददाता,गोंडा

**अमृत विचार :** योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली पर शनिवार को 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। योग दिवस के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। जिला प्रशासन और आयुष विभाग की तरफ से आयोजित इस सामूहिक योग कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट और जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान करेंगे।

महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली कोंडर गांव में आयोजित होने वाले इस 11 वें योग दिवस पर सुबह 6 बजे जिले के प्रशासनिक अफसर व जनप्रतिनिधि योगासन कर जिले वासियों को निरोगी बनने का संदेश देंगे। इसके अतिरिक्त सभी विकास खंडों, स्कूल-कॉलेजों व ब्लाक संसाधन केंद्रों पर भी योग दिवस का आयोजन होगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा इंद्रजीत ने बताया कि इस बार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम इस बार पूरी दुनिया को योग से परिचित कराने वाले महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली वजीरगंज स्थित कोडर गांव में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, जिले के सांसद व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, कटरा विधायक बावन सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, करनैलगंज विधायक अजय सिंह व विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह को आमंत्रित किया गया है। सुबह 6 बजे से प्रारंभ होने वाले इस योग कार्यक्रम में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन व एसपी विनीत जायसवाल समेत जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। जिले के सभी संभ्रांतजनों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्र सभी को योगासन करायेंगे और इससे होने वाले लाभ से अवगत कराया जायेगा।

पीएसी ग्राउंड के अलावा जिले के सभी विकास खंडों पर संबंधित बीडीओ की देखरेख में योग दिवस का आयोजन होगा। बीएसए अतुल तिवारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को ब्लाक संसाधन केंद्रों पर योग दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।


वेंकटाचार्य क्लब परिसर में योगाभ्यास करती डीएम व अन्य अधिकारी व कर्मचारी।

### योग दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता कार्यक्रम

**गोंडा,अमृत विचार :** स्थानीय गांधी पार्क में योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग कार्यक्रम व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्रीय खेल कार्यालय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, हैंडबॉल, क्रिकेट, हाकी, कबड्डी, फुटबाल के खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने सामूहिक रूप से योग शिविर में प्रतिभाग किया। आज 21 जून को योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए भी प्रेरित किया। उक्त अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर, ताइक्वांडो डॉ प्रत्यूष राज, अभय तिवारी, मो तौकीर, विक्की तिवारी, शशि सिंह, निशा ने अपने अपने विचार रखे।

# टुल्लू पंप में उतरे करंट से पिता पुत्री की मौत, पत्नी गंभीर

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के खैरी गांव में बृहस्पतिवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। देर रात पानी पीने के लिए मोटर चलाने पर एक शख्स करंट की चपेट में आ गया। उसे बचाने दौड़ी उसकी बेटी व पत्नी भी करंट की चपेट में आ गयीं। पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पत्नी गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है तथा बिजली विभाग के कर्मियों के साथ हादसे की पड़ताल में जुटी है। घटना से गांव के लोग स्तब्ध हैं और पूरे गांव में मातम पसरा है।


लक्ष्मीशंकर (फाइल)


रेनू उर्फ डॉली (फाइल)

▸▸ गुरुवार की देर रात खैरी गांव में हुआ हादसा, मचा कोहराम

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरा के मजरा खैरी के रहने वाले लक्ष्मीशंकर (50) बृहस्पतिवार की देर रात करीब 11 बजे पानी पीने के लिए उठे थे। जैसे ही टुल्लू पंप चलाया वह करंट की चपेट में आ गये। पिता की चीख सुनकर बेटी रेनू (22) दौड़ी और उन्हे करंट से छुड़ाने के प्रयास में वह खुद भी उसकी चपेट में आ गयी। इसी बीच लक्ष्मीशंकर की पत्नी नीलम भी मौके पर पहुंच गयी और वह भी पति व बेटी को छुड़ाने के प्रयास में करंट से चिपक गयी। इस दर्दनाक हादसे में लक्ष्मीशंकर व उनकी बेटी रेनू की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पत्नी गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गयीं। इनकी चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और लाइट बंद कर उन्हे करंट से छुड़ाया। सभी को तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने लक्ष्मीशंकर व रेनू को मृत घोषित कर दिया जबकि पत्नी नीलम को लखनऊ रेफर किया गया है। इस हादसे से पूरे गांव के लोग स्तब्ध हैं। सहसा किसी को विश्वास नहीं हो रहा कि एक हंसता खेलता परिवार की कुछ ही मिनट में पूरी दुनिया उजड़ गयी। वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

## आबादी की भूमि पर कब्जा करने पर दबंगों ने दलितों को पीटा

**उमरी बेगमगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के लिलोई खुर्द में आबादी की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर रहे दबंगों ने विरोध करने पर दलित को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लिलोई खुर्द निवासी खुशियाल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही श्रीनाथ मिश्र अपने भाइयों के साथ हरिजन आबादी की जमीन पर जबरदस्ती मिट्टी पटाई कर रहे थे। जब विरोध किया तो विपक्षी एक राय होकर उसे व उसकी मेरी पत्नी तथा लड़के अमित कुमार, अंकित कुमार, अजीत कुमार को लाठी डंडों से मारना शुरू कर दिया। मोटरसाइकिल मोबाइल व स्कूटी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर ओमकार मिश्र, कैलाश मिश्र, शिवनाथ मिश्र सहित नौ लोगों के खिलाफ एससी / एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पत्नी की प्रेमी से कराई शादी, पति ने अपने हाथ से धोया सिंदूर

**बेवफाई**

▸▸ पत्नी को प्रेमी के साथ रंगे हाथ पकड़ने के बाद पति ने लिया फैसला

संवाददाता,गोंडा

**अमृत विचार :** जिले में खोंडारे थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी संग रंगे हाथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। पत्नी की बेवफाई देख पति ने उसकी मांग में भरे गए सिंदूर को बोतल में पानी लेकर धुल दिया और फिर पत्नी व उसके प्रेमी को बगल के मंदिर ले जाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों का विवाह करा दिया। इसके बाद पत्नी अपनी बेटी को लेकर प्रेमी के साथ चली गयी। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। हालांकि पुलिस ने इस तरह की किसी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के दान बहादुर डीह गांव के रहने वाले हरिश्चन्द्र के मुताबिक 15 वर्ष पहले उसकी शादी करिश्मा नाम की युवती से हुई थी। दोनों के एक बेटा व एक बेटी भी है। हरिश्चंद्र ने बताया कि वह रोजी रोटी के सिलसिले में गैर प्रांत रहता था। उसके साथ ही बगल के गांव दौलतपुरग्रंट के महराजगंज मजरा निवासी शिवराज चौहान भी रहता था। इस जान पहचान की वजह से शिवराज का उसके घर आना जाना था। इसी बीच उसका पत्नी करिश्मा और शिवराज में नजदीकी हो गयी। वहीं तबीयत खराब होने पर जब हरिश्चन्द्र गांव लौटा तो उसे दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई। हरिश्चंद्र के मुताबिक करिश्मा और शिवराज चौहान का प्रेम प्रसंग तकरीबन 2 सालों से चल रहा था। लेकिन उसे कोई ठोस सबूत नहीं मिल रहा था। बृहस्पतिवार को जब वह दवा लेने के लिए घर से बाहर गया था तभी शिवराज चौहान उसके घर आ धमका। इसकी जानकारी गांव के एक युवक ने हरिश्चंद्र को दे दी। सूचना मिलने पर वह घर पहुंचा तो पत्नी को शिवराज के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसने पत्नी करिश्मा की शादी उसके आशिक शिवराज चौहान के साथ कराने का फैसला किया और बगैर देरी किए करिश्मा और शिवराज चौहान को अल्लीपुर स्थित बुढ़ऊ बाबा मंदिर में ले जाकर गांव के लोगों की मौजूदगी में पंडित बुलाकर दोनों की शादी करवा दी। शादी कराने से पहले हरिश्चंद्र ने पत्नी करिश्मा को एक नल पर ले जाकर बोतल में पानी भरकर उसकी मांग में भरे सिंदूर को भी धोया। मंत्रोच्चार के बीच प्रेमी शिवराज ने पहले करिश्मा के मांग में सिंदूर भरा और फिर दोनों ने एक दूसरे को वरमाला पहनायी। शादी के बाद करिश्मा अपने प्रेमी के साथ चली गयी। पति द्वारा अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी के साथ कराए जाने फैसला लोगों के बीच कौतूहल का विषय रहा। वहीं इस संबंध में खोंडारे थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने कहा कि उन्हे इस तरह के किसी शादी की जानकारी नहीं है।


मंदिर में ग्रामीणों की मौजूदगी में एक दूसरे को वरमाला पहनाते करिश्मा व शिवराज।

### दो बच्चों की मां है करिश्मा, बेटी को साथ ले गई

अमृत विचार : प्रेमी संग ब्याह रचाने वाली करिश्मा दो बच्चों की मां है। उसका बेटा 11 वर्ष का है जबकि बेटी 9 साल की है। प्रेमी संग विवाह के बाद वह बेटी को अपने साथ ले गयी है। बेटा हरिश्चंद्र के पास है। हालांकि हरिश्चंद्र ने दोनों बच्चों को मांगा था लेकिन करिश्मा ने बेटी को देने से मना कर दिया।

### पति का आरोपः उसे व बेटे को जहर देकर मारने का प्रयास

अमृत विचार : पत्नी की शादी उसके प्रेमी संग कराने के फैसले पर हरिश्चन्द्र ने कहा कि करिश्मा ने एक बार उसे जहर देकर मारने की कोशिश की तो दूसरी बार बेटे को भी जहरीला पदार्थ खिलाकर मारने की कोशिश की। बेटे व अपनी जान की खातिर उसने करिश्मा की शादी उसके प्रेमी के साथ कराने का फैसला किया। उसने कहा कि वह करिश्मा के खिलाफ आगे कोई कार्रवाई भी नहीं करेगा।

## सार-संक्षेप

### तीन शव एक साथ घर पहुंचते ही मच गया कोहराम

▸▸ गुरुवार को मध्य प्रदेश में हुई थी घटना,विधायक ने दी सांत्वना

**तरबगंज, गोंडा,अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के सीशव गांव के मजरा भवनीपुरवा निवासी रामबाबू पाण्डेय छुट्टी बिताकर गांव से एक्सयूवी से सूरत जा रहे थे। रास्ते में गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई थी जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों का शव एक साथ घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पूरा गांव शोक में डूब गया।रमेश उर्फ रामबाबू अपने परिवार के साथ सूरत में रहकर कपड़े का व्यवसाय करते हैं। गाड़ी रास्ते में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई जिसमें रमेश उर्फ़ रामबाबू की पत्नी प्रमिला (35), बेटे प्रियांशु (11) व बहन शिवदेवी पत्नी दिवाकर तिवारी निवासी धौरहरा घाट रतोहिया शामिल थी। तीन लोगों की एक साथ हुई मौत घर वालों को हजम नहीं हो रही है। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव व अगल बगल नात रिस्तेदार सभी लोग हतप्रभ हैं। विधायक प्रेमनारायण पाण्डेय ने रामबाबू के घर पहुंच कर सांत्वना दी व घर वालों को ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। साथ में जिला पंचायत सदस्य रामधोख मिश्र भी मौजूद रहे।

### खनन रोकने गए लेखपाल पर हमला, गोली मारने की धमकी

**तरबगंज, गोंडा,अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में हो रहे अवैध खनन की सूचना पर लेखपाल मौके पर पहुंचे जहां खनन माफियाओं ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।अभिलेख भी फाड़ डाले जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। पीड़ित लेखपाल राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार को उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना ने आदेश दिया कि रानीपुर गांव में अवैध खनन हों रहा है। मौके पर जाकर उसे रोक दें। आदेश के क्रम में खनन स्थल पर पहुंचा तो टेढ़ी नदी के तट पर सरकारी भूमि है। उसी में लोडर मशीन से खनन किया जा रहा था। पूछताछ शुरू की तो खनन माफिया धर्मेंद्र यादव गाली-गलौज करते हुए फोन से अपने आदमियों कों बुला लिया जिसमें राजू, केदार यादव, राजेश यादव, बद्री, बाबू यादव, जगतराम व 8 से 10 अज्ञात व्यक्ति शामिल रहे। जो मारपीट करने लगे, जब पुलिस पहुंची तब सभी लोग भाग गए। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल की शिकायत पर सात नामजद सहित 10 अज्ञात के खिलाफ मारपीट सरकारी कार्य में बाधा सहित कई गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### फाइलेरिया के लक्षण एवं बचाव के बताए तरीके

**बेलसर, गोंडा,अमृत विचार :** आयुष्मान मंदिर खमरौनी में फाइलेरिया रोग के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई। सी एच ओ आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया, जिसे हाथीपाँव भी कहा जाता है, एक संक्रामक रोग है जो मच्छरों के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, त्वचा पर चकत्ते और लिम्फ नोड्स में सूजन शामिल हैं। गंभीर मामलों में यह रोग हाथ, पैर और जननांगों में अत्यधिक वृद्धि का कारण बन सकता है, जिसे एलिफेंटियासिस कहा जाता है। इससे बचने के लिए, मच्छरों से बचाव, साफ-सफाई और समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करना चाहिए। संक्रमण के शुरुआती चरणों में बुखार और ठंड लगना सामान्य लक्षण हैं। कुछ लोगों को सिरदर्द की शिकायत भी हो सकती है। त्वचा पर लाल चकत्ते या खुजली हो सकती है। शरीर के कुछ हिस्सों में लिम्फ नोड्स सूज सकते हैं, खासकर जांघों में। गंभीर मामलों में हाथ, पैर और जननांगों में अत्यधिक सूजन हो सकती है, जिसे एलिफेंटियासिस कहा जाता है। त्वचा मोटी और कठोर हो सकती है, और रंग भी बदल सकता है। कुछ लोगों को थकान, कमजोरी, और जोड़ों में दर्द भी हो सकता है।यह सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। मच्छरों के काटने से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें, फुल आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें।अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ रखें, और पानी जमा न होने दें, क्योंकि यह मच्छरों के प्रजनन के लिए एक आदर्श स्थान है।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी तालाब व सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा

**बेलसर, गोंडा,अमृत विचार :** तहसील तरबगंज के ग्राम माधवपुर गजाधर पुरवा में अवैध कब्जा व अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया है। 60 डिसमिल तालाब की सुरक्षित भूमि के संबंध में पूर्व में जिलाधिकारी रहे जेबी सिंह ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र दिया था। राजस्व टीम की रिपोर्ट व कागजात के आधार पर उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने तालाब व सार्वजनिक रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिनांक 16-4-2025 को दिया था। उक्त आदेश को दरकिनार करते हुए अतिक्रमणकारियों ने अवैध मिट्टी का खनन कर तालाब की पटाई की व सार्वजनिक रास्ते पर टीनशेड रख लिया। भू माफिया गैंग द्वारा पक्का निर्माण करने के लिए निर्माण सामग्री एकत्रित की जा रही है। जिसमें गांव के रविशंकर ओझा द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर एसडीएम के आदेश पर राजस्व टीम की जांच में स्पष्ट हुआ कि तालाब की पटाई व अवैध निर्माण सार्वजनिक रास्ते में किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एसडीएम तरबगंज को अतिक्रमण मुक्त कराने व अतिक्रमणकारियों पर विधिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। एसडीएम तरबगंज के आदेश व कार्रवाई पर सभी की नजर है।

# निर्माणाधीन नाले की बदहाली से लोग परेशान, लगाया अनियमितता का आरोप

संवाददाता,परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** नगर पंचायत परसपुर के बेलसर रोड पर निर्माणाधीन नाले की हालत देख स्थानीय नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा है। करीब एक माह से अधूरा निर्माण कार्य न केवल राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है, बल्कि गंभीर दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। सड़क किनारे गहरा गड्ढा खोदकर सरिया तो लगा दिया गया है, लेकिन उसे खुला छोड़ दिया गया है, जिससे ट्रैफिक बाधित हो रहा है और जाम की स्थिति रोज बनती है। दुकानदारों और राहगीरों को इससे भारी परेशानी हो रही है। निर्माण की धीमी गति पर स्थानीय लोग तंज कसते हुए कह रहे हैं कि 'नव दिन चले अढ़ाई कोस' की कहावत यहां पूरी तरह सटीक बैठती है। नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नगरवासियों का आरोप है कि कहीं नाली की दीवार चार इंच है तो कहीं डेढ़ या दो इंच। दीवारें पहले से ही झुकने और दरकने की स्थिति में हैं। सरिया की दूरी इतनी ज्यादा है कि जैसे कोई अनुभवहीन व्यक्ति इसे बना रहा हो। न निर्माण कार्य में गुनिया का उपयोग हो रहा है और न ही कोई तय मानक दिखाई देता है। नाम न छापने की शर्त पर एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि सीमेंट और सरिया की जमकर कटौती की जा रही है, जिससे पूरे निर्माण की मजबूती संदेह के घेरे में है। लगभग एक महीने से कार्य चल रहा है, लेकिन अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर जाकर निरीक्षण नहीं किया है। इस संबंध में जब प्रभारी अधिशासी अधिकारी अनुराग शुक्ला से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया, जिससे नगर प्रशासन की उदासीनता भी उजागर हो रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कर मानक के अनुरूप कार्य जल्द पूरा कराया जाए, ताकि बेलसर रोड पर लोगों को जाम और हादसों से राहत मिल सके।


परसपुर कस्बे में निर्माणाधीन नाला। अमृत विचार

# यूरिया न मिलने पर किसानों का प्रदर्शन

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** मानसूनी बारिश के बाद गन्ने की फसल के लिए यूरिया खाद की मांग बढ़ गई है। खाद लेने के लिए सुबह बरसात के बाद महिला और पुरुष किसानों की लंबी लाइन लग गई। दोपहर तक लोग लाइन में लगे रहे। दोपहर बाद खाद वितरण के लिए एक बाहरी व्यक्ति ने मशीन खराब होने की बात कह कर समिति को बंद कर निकल गया। इटियाथोक विकासखंड के प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड जानकीनगर में शुक्रवार को यूरिया खाद के लिए किसानों की लंबी लाइन लग गई।

दोपहर तक लोग खाद वितरण का इंतजार करते रहे। खाद वितरण के लिए पहुंचे एक कर्मी ने किसानों की भीड़ देखकर वितरण मशीन की खराबी का बहाना बनाकर भाग गए। सैकड़ों आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन करते हुए समिति के गेट विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे।

किसानों का आरोप है कि वितरण कर्मी व सचिव खाद वितरण में अपनी मनमानी करते है। किसी को 5 बोरी तो किसी को 10 बोरी खाद का वितरण गुरुवार को किए है। बसंतपुर राजा के दिव्यांग नसरुद्दीन ने बताया कि वह कल से लाइन में लगा है, खाद नहीं मिली और आज सुबह से ही लाइन में लगा है। फरेंदा कानूनगो के अमित तिवारी, रामनगर के नंद कुमार, गीता देवी, मधवा नगर की अनीता देवी, देवतहा की ननका देवी बसंतपुर राजा के राम रंग आदि ने बताया कि बारिश के बाद मौजूदा समय में गन्ने की फसल के लिए यूरिया खाद की सख्त जरूरत है। ऐसे में खाद की किल्लत मुसीबत खड़ी कर रही है। समिति के सचिव मदन मोहन तिवारी ने बताया कि कुल सात सौ बोरी का स्टाक आया था। बृहस्पतिवार को 195 बोरी का वितरण किया गया है। शेष 505 बोरी का शनिवार को वितरण किया जायेगा।आज मैं परिजन की तबियत खराब होने के कारण बाहर हूं।


यूरिया के लिए प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

**मौसम में बदलाव** — बुखार, जुकाम व जल जनित रोग फैलने की आशंका, परेशान हो रहे हैं मरीज

# उमस भरी गर्मी के बीच बढ़े सांस के मरीज

गोंडा, कार्यालय

अमृत विचार : उमस भरी गर्मी व बरसात के बाद मौसम में नमी से सांस रोगियों की मुश्किल बढ़ गयी है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में सांस रोगियों की संख्या बढ़ी है। अस्पतालों में सांस के साथ ही बुखार व जुकाम रोगियों की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को चेस्ट फिजिशियन के पास 150 मरीज उपचार कराने पहुंचे। तापमान में गिरावट आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो-तीन दिन से हो रही बरसात से मौसम में नमी आई है, लेकिन उमस बढ़ गई है। जिससे सांस रोगी परेशान हो रहे हैं। सबसे अधिक समस्या बुजुर्गों को हो रही है। कई लोगों ने बताया जब से मौसम में बदलाव हुआ है उन लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। इलाज कराने आए रामकिशोर ने बताया कि उमस भरी गर्मी में सांस लेने की समस्या बढ़ गई है। नाती भूपेश के साथ अस्पताल आए हैं डॉक्टर द्वारा दवा दी गई है। वही बुजुर्ग महिला रामरती ने बताया कि पिछले सप्ताह से सीने में दर्द है। सांस लेने में समस्या हो रही थी। मजबूरी में अस्पताल में आकर इलाज कराना पड़ रहा है। डॉक्टर ने दवा दी है तब जाकर आराम मिला है। बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय के सहायक आचार्य व च फिजिशियन डा रमेश पांडेय ने कहा कि मौसम में नमी के कारण दमा रोगियों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शरीर की सही तरह सफाई न करने के कारण चर्म रोगियों कि संख्या में भी इजाफा होता है। उमस भरी गर्मी के बीच मौसम में करवट लिया है। बुखार व जुकाम रोगी भी बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों को इस मौसम में ध्यान से रहना होगा खानपान पर विशेष ध्यान देना होगा। ठंडी वस्तुओं से सेवन से बचना होगा।

**जल जनित बीमारियों के फैलने की आशंका :** जिले में दो-तीन दिन से लगातार बरसात हो रही है। बारिश के चलते तालाब और नालों में पानी भर गया है। बारिश के कारण जलभराव की स्थिति हो गई।


डॉक्टर के चैंबर में इलाज कराते मरीज।

## 16 बोटा लकड़ी के साथ ट्रैक्टर ट्राली सीज, वन दरोगा ने की कार्रवाई

**करनैलगंज, गोंडा,अमृत विचार :** वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित गुलर के 16 बोटा लकड़ी के साथ ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर चालक के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। करनैलगंज-परसपुर मार्ग स्थित पांडे चौरा क्षेत्र में जांच करने निकले वन विभाग के सेक्सन अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने करुवा गांव के पास पेट्रोल पंप के निकट एक ट्रैक्टर ट्राली को रोका। ट्राली पर ताजा कटी हुई हरी गूलर की लकड़ी लदी हुई थी। ट्रैक्टर चालक व ठेकेदार धर्मराज निवासी मिलनपुर, परसपुर कोई भी वैध परमिट अथवा कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। लकड़ी परसपुर क्षेत्र से अवैध रूप से काटकर यहां लाई जा रही थी। बिना परमिट के परिवहन किए जा रहे गूलर के 16 वोटा लकड़ी को जब्त करते हुए ट्रैक्टर ट्राली समेत सम्पूर्ण सामग्री को कोतवाली परिसर करनैलगंज में खड़ा कर दिया गया। सेक्शन अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि इस कार्रवाई में भारतीय वन अधिनियम 1976 की धारा 4/10 का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने इस प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर:।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य: प्रिय: प्रिय एव स: ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है, वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय

वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर एक समन्वित और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। निश्चित रूप से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत बड़ी है, जिन्हें साक्षर और उच्च तकनीक के युग में जीवन-यापन करने में कठिनाई होगी। यह संकट स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों को प्रभावित करता है, तथा बच्चों के बड़े होने के साथ-साथ यह चुनौती भी बढ़ती जाती है। जीईएम दुनिया भर में शिक्षा में प्रगति, चुनौतियों और रुझानों का एक आधिकारिक और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन है। इसका प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शिक्षा रुझानों की निगरानी और विश्लेषण करना और शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सरकारों और हितधारकों को नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों के सापेक्ष 75 मिलियन से अधिक पिछड़ जाएंगे। हालांकि अगर सभी देश अपने लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं तो वे 2030 तक स्कूल न जाने वाली अपनी आबादी में 16.5 करोड़ की कमी ला सकेंगे।

भारत में यह एक बड़ी समस्या है। सरकार ने पिछले दिनों लोकसभा में बताया था कि 1.17 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत नामांकन है। भारत वर्तमान में प्रतिकूल शिक्षण परिणामों और विद्यालयों की कमजोर नेतृत्व क्षमता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत में वर्ष 2023-24 में स्कूल नामांकन में 1 करोड़ से अधिक की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों के कारण स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि भारत में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कमी लाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहायता को उन देशों की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए जहां स्कूल न जाने वाली आबादी सबसे अधिक है। सबसे कमज़ोर समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए तथा सरकारों को शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाना चाहिए।

# योग के प्रभावों के पीछे वैज्ञानिक आधार



डॉ. कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है।

योग प्राचीन भारतीय दर्शन की एक प्रणाली है जो मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करने का अभ्यास है। इसका शाब्दिक अर्थ है "जुड़ना" या "एकजुट होना", और यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करता है। योग एक साइकोसोमेटिक स्पिरिचुअल यानी मनोदैहिक आध्यात्मिक पद्धति है।

आज विश्व के अनेक देशों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास के आयोजनों के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसके महत्व के विषय में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। भारत में लोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और ध्यान का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा के निर्वहन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय से एक 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को अपनाने की संकल्पना व्यक्त की थी। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2015 को किया गया था।

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है जो मानसिक स्पष्टता और शांति को बढ़ावा देती है। योग वह अंतिम लक्ष्य है जहां व्यक्ति पूर्ण एकता और जागरूकता की स्थिति प्राप्त करता है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता को कमी आने, एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ने आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ावा मिलने, भावनात्मक संतुलन और कल्याण में बढ़ावा होने जैसे लाभकारी स्थितियां सम्मिलित हैं। योग का अभ्यास किसी भी उम्र में और व्यक्ति शारीरिक

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है।

स्थिति के अनुसार किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास जीवन के सभी पहलुओं में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

प्राणायाम संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, प्रथम प्राण जिसका मतलब जीवन ऊर्जा अथवा जीवन शक्ति से है, जबकि याम का तात्पर्य दीर्घायु होने से होता है। ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन यानी भावातीत ध्यान एक प्रकार का ध्यान है जिसमें व्यक्ति अपने मन को शांत करने के लिए एक मंत्र का जाप करते हुए अपनी चेतना को गहरे स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करता है। भावातीत ध्यान में व्यक्ति अपनी आंखें बंद कर बैठे हुए एक प्रमाणित शिक्षक की सहायता से एक मंत्र का जाप करता है। भावातीत ध्यान तनाव कम करने, चिंता को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार लाने जैसी स्थितियों में सहायक होता है। दुनिया के अनेक देशों में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला यह अभ्यास एक सरल, प्रभावी और सहज तकनीक का प्रतीक बन गया है।

योगासन, प्राणायाम और भावातीत ध्यान के दौरान शारीरिक क्रियाएं: नॉर्थ अमेरिकन जर्नल ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के अंक 4 (2012) में प्रकाशित एक शोधपत्र के अनुसार योगाभ्यास के दौरान पेट में खिंचाव के कारण पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की कोशिकाएं नवीन/पुनर्जीवित हो जाती हैं, जिसके कारण एंज़ाइम संबंधी प्रक्रियाओं के माध्यम से पेरीफेरल टिशूज़, लीवर यानी यकृत और एडीपोज़ टिशूज़ में ग्लूकोज़ का उपयोग और चयापचय बढ़ सकता है। बेंगलुरु शहर के समीप स्थित 'स्वामी विवेकानंद योग शोध फाउंडेशन' द्वारा संपन्न शोध के अनुसार सक्रिय योगाभ्यास के पश्चात आराम करने की प्रक्रिया में न्युरोप्लास्टिसिटी की संभावना होती है। न्युरोप्लास्टिसिटी का मतलब व्यक्ति के अनुभवों, सीखने और चोटों के जवाब में उसका मस्तिष्क अपनी संरचना और कार्यों को बदल सकता है। इस प्रक्रिया में हाइपर-पिट्यूटरी-पैंक्रिएटिक एक्सिस में परिवर्तन आने की संभावना होती है। इसके अलावा योगाभ्यास के दौरान मांसपेशियों के ढीला पड़ने तथा उनमें रक्त प्रवाह बेहतर होने से इंसुलिन रिसेप्टर की अभिव्यक्ति बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पेशियों में ग्लूकोज़ का अंतर्ग्रहण बढ़ने के कारण रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है। योग अभ्यास के पश्चात कोशिकाओं के स्तर पर हिपैटिक लाइपेज़ और लाइपोप्रोटीन लाइपेज़ के स्तरों में वृद्धि हो जाने से लिपिड के स्तरों में सुधार आ जाता है। जिसके कारण लाइपोप्रोटीन का चयापचय प्रभावित होने के परिणामस्वरूप एडीपोज़ टिशूज़ द्वारा ट्राइग्लिसराइड्स का अंतर्ग्रहण बढ़ जाता है।

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है। शोधों से पता चला है कि योगासनों द्वारा पैंक्रियाज के सीधे प्रेरित होने से उसमें इंसुलिन उत्पन्न करने की क्षमता पुनर्जीवित हो सकती है। प्राणायाम के दौरान फेफड़ों में होने वाली अनैच्छिक, स्वचालित प्रतिक्रियाएं श्वास को नियंत्रित करती हैं। ये प्रतिक्रियाएं फेफड़े और वायु मार्ग में मौजूद रिसेप्टरों द्वारा शुरू होती हैं जो विभिन्न प्रेरकों के माध्यम से श्वास की दर और गहराई को समायोजित करने के लिए केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजते हैं। प्राणायाम के दौरान केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली की पारस्परिक क्रिया से शरीर में एक नई समस्थिति (होमियोस्टैसिस) पैदा होती है। भावातीत ध्यान यानी ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन के दौरान संभवतः एसेंडिंग (आरोही) रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम में बदलाव आता है, जिसके कारण मस्तिष्क के तने में मौजूद ऑटोनॉमिक केंद्रों के साथ पारस्परिक क्रिया होती है जो हृदय श्वसनी (कार्डियो रेस्पिरेटरी) और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) के पैरामीटरों को प्रभावित करती हैं। रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम मस्तिष्क के तने में स्थित तंत्रिका मार्गों का एक नेटवर्क है जो चेतना, जागृति, ध्यान और संवेदी जानकारी को छानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क का यह हिस्सा यह निर्धारित करता है कि कौन सी जानकारी हमारे ध्यान में लानी है और किस जानकारी की अनदेखी करनी है। दीर्घकालिक भावातीत ध्यान से पड़ने वाले प्रभाव पर संपन्न एक अध्ययन से पता चला है कि इसके नियमित अभ्यास के परिणामस्वरूप मस्तिष्क के विभिन्न भागों जैसे कि दाहिने आर्बिटो फ्रंटल कॉर्टेक्स, दाएं थैलेमस और बाएं इनफीरियर टेंपोरल गाइरस में ग्रे मैटर की मात्रा काफी बढ़ जाती है। एक अन्य अध्ययन में अवसाद यानी डिप्रेशन से पीड़ित रोगियों द्वारा दो माह के सहज योग ध्यान के परिणामस्वरूप उनके इलेक्ट्रोसिफैलोग्राम यानी ईईजी के परीक्षणों में अल्फा क्रियाशीलता में वृद्धि देखी गई थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ यानी सीओपीडी से पीड़ित 22 रोगियों पर संपन्न एक अध्ययन में उनके द्वारा 6 सप्ताह तक सप्ताह में तीन दिन एक-एक घंटे योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया गया। जिसके परिणामस्वरूप उनके फेफड़ों के कार्य तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।

21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का औचित्यः 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने के पीछे कारण है कि यह दिन उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है। 21 जून के दिन को ग्रीष्म संक्रांति (समर सोल्सटाइस) भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य का दक्षिणायन होना आध्यात्मिक सीढ़ियां को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त होता है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को चयन किया गया।

## प्रसंगवश

# वेट-बल्ब तापमान और शुष्क-बल्ब तापमान

मानव एक वार्म-ब्लडेड जीव है, जिसके शरीर को निरंतर 37 डिग्री का तापमान मेंटेन करना पड़ता है। इवोल्यूशनरी नजरिये से ये एक मुश्किल बात है। इस तापमान को निरंतर मेंटेन करने के लिए रोज खाने की अनिवार्यता हो जाती है।

आजकल तो जोमैटो-स्विगी का युग है पर एक समय ऐसा भी था, जब खाना ढूंढना और जिंदा बचे रहना भी हमारे पूर्वजों के लिए बड़ी मुश्किल बात होती थी। उसके बावजूद प्रकृति ने यही तापमान हमारे लिए चुना, उसका कारण है-हमारा अपने आसपास फंगी-वायरस-बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों से घिरा होना। 37 डिग्री तापमान पर ज्यादातर सूक्ष्म जीव न्यूट्रलाइज हो जाते हैं। जो नहीं होते, और बदमाशी दिखाएं -उनसे लड़ने के लिए शरीर सबसे पहले तापमान की सेटिंग बदल कर देखता है-आपको बुखार देकर!

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर मे 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही।



विजय राज शर्मा
विज्ञान लेखक

अब अगर हमारे शरीर से बाहर का तापमान 37 डिग्री से ज्यादा हो जाए तो ये हमारे लिए चिंता की बात है। इस स्थिति में शरीर कितना भी कोशिश कर ले, खुद को ठंडा नहीं रख सकता। बायोलॉजिकल फंक्शन ठप होने लगते हैं। मौत भी हो सकती है।

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा है, तो हम 40-45 डिग्री के तापमान में जिंदा क्यों हैं? वो इसलिए क्योंकि आजकल जो 40 डिग्री चल रहा है, वह ड्राई टेंपरेचर है, यानी बाहरी क्षेत्र का तापमान। जैसे मैंने कहा कि बॉडी पसीने के सहारे और दूसरे कुछ मेथड्स के सहारे अपना टेंपरेचर रेगुलेट करना जानती है। इसलिए बाहरी तापमान कुछ भी हो, मनुष्य का शरीर जिस तापमान को महसूस करता है, उसे वेट-बल्व टेंपरेचर कहते हैं।

यही हमारे काम की चीज है। वेट-बल्ब 25 डिग्री से नीचे हो तो अच्छा है। 26 से 31 के बीच हो तो खतरा है, पर जीने लायक है जी। 31 से जितना ऊपर, उतना ही तबियत खराब और 35 से ऊपर जाते ही-टॉय टॉय फिश अब फिलहाल ऐसी कोई ऑनलाइन संस्था या पोर्टल नहीं है, जो वेट-बल्ब का रियल टाइम अपडेट देती हो। इसलिए सारे एटमोस्फेरिक कंडीशन संज्ञान में लेकर ग्रोक से जून महीने में दिल्ली का वेट-बल्ब निकालने को कहा, जो कि "30-31 डिग्री" आया-मतलब रेड मार्क की दहलीज पर।

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर में 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही। इसलिए आज आउटडोर एरिया गर्म से गर्म होते जा रहे हैं। उसके बाद पेड़ों का कटना, पॉल्यूशन बगैरह है ही। एक और बड़ा कारण-जुगाली करने वाले जानवर, जैसे गाय, भैंस, बकरी इत्यादि।

इन जीवों का डाइजेस्टिव सिस्टम अनेरोबिक होता है। अर्थात इनके पेट का खाना वो सूक्ष्म जीव ब्रेकडाउन करते हैं, जो ऑक्सीजन का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे जीवों द्वारा भोजन ब्रेकडाउन करने पर एंड प्रोडक्ट्स में से एक होती है-मीथेन-जो कार्बन डाइआक्साइड के मुक़ाबले 25 गुना गर्मी होल्ड करने में सक्षम होती है। आज विश्व में 5 अरब से ज्यादा जुगाली करने वाले जीवों की संख्या ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का एक बड़ा कारण है। बताने की जरूरत नहीं कि इनमें से 90 प्रतिशत जीवों की जनसंख्या का एकमात्र कारण "मांस-उद्योग" है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसी तरह चलता रहा तो अगले 50-70 सालों में भूमध्य रेखा से 30 डिग्री उत्तर और दक्षिण के बीच में पड़ने वाले क्षेत्रों में रहना असंभव हो जाएगा-अपना भारत भी इसी क्रॉस-सेक्शन में पड़ता है। ऐसा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम आज से ही उठाना शुरू करें। हमारे वंशजों का पृथ्वी पर क्या भविष्य होगा, ये हमारा आज ही तय करेगा।

# सीरिया फिर अराजकता की ओर



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है।

गत दिसंबर की शुरुआत में जैसे ही बशर अल-असद की सत्ता का अंत हुआ तो उम्मीद जगी थी कि देश में लोकतंत्र और स्थायित्व आएगा। एक नए दौर की शुरुआत होगी। लेकिन अब साफ होता जा रहा है कि यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक और भयंकर संक्रमण काल का प्रवेश द्वार था। असद के जाने के बाद सीरिया में जो सत्ता का शून्य पैदा हुआ, वह तेजी से अराजकता में बदलता जा रहा है और इसी अराजकता की दरारों से झांक रहा है वही पुराना डरावना चेहरा-इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस।

सीरिया में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी अब नाम मात्र की रह गई है। उत्तर-पूर्वी सीरिया में अमेरिका ने अपने दो प्रमुख सैन्य अड्डों-अल-ओमर और ताल बायदर-से सैनिकों को हटा लिया है। अब इन ठिकानों पर न निगरानी कैमरे हैं, न गश्ती दस्ते। बस बची हैं सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ) की कुछ छोटी टुकड़ियां, जो खुद को निहत्था और असहाय पा रही हैं। इन अड्डों पर कभी अमेरिका का स्पष्ट दबदबा था। इन्हीं से आईएसआईएस की कमर तोड़ी गई थी। अब जब ये लगभग खाली पड़े हैं, तो सवाल उठता है-क्या आईएसआईएस की वापसी का रास्ता खुद अमेरिका ने खोल दिया है?

यह सवाल अब और तीव्रता से पूछा जा रहा है-क्या अमेरिका ने एसडीएफ को बीच रास्ते में छोड़ दिया? वही एसडीएफ जिसे अमेरिका ने खड़ा किया था, प्रशिक्षित किया था और आईएसआईएस के खिलाफ सबसे आगे रखा था। एसडीएफ आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। इसके कमांडर मजलूम अब्दी का कहना है-हमने अमेरिका पर विश्वास किया, उनके निर्देशों पर युद्ध लड़ा, लेकिन अब वही अमेरिका हमें अधर में छोड़कर जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका पर ऐसा आरोप लगा हो। अफगानिस्तान, यूक्रेन और अब सीरिया-तीनों ही उदाहरण हैं जहां अमेरिका ने रणनीतिक जरूरत के समय साथ निभाया और फिर अपने हित सधते ही कदम पीछे खींच लिए। दुनिया अब सवाल कर रही है कि क्या अमेरिका सिर्फ तब तक साथ देता है, जब तक उसे राजनीतिक और सैन्य लाभ मिलता है?

सीरिया में अमेरिका की वापसी से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भरने के लिए अब रूस, ईरान और तुर्की जैसे देश तैयार बैठे हैं। रूस असद शासन का पुराना समर्थक रहा है और अब वहां की स्थिति पर अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है। ईरान समर्थित मिलिशिया समूह भी अब फिर से उत्तर-पूर्वी सीरिया में सक्रिय होने लगे हैं।

वहीं तुर्की, जो शुरू से एसडीएफ को कुर्द विद्रोहियों के रूप में देखता है और लगातार उनकी गतिविधियों को सीमित करने की कोशिश में जुटा है। बहरहाल एसडीएफ तीन दिशाओं से प्रेशर में है-आईएसआईएस की वापसी, तुर्की का सैन्य दबाव और अमेरिका का साथ छोड़ना। ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या एसडीएफ इस सबके बीच अकेले टिक पाएगा?

इतिहास गवाह है कि जब-जब सुरक्षा बल किसी संकटग्रस्त क्षेत्र से हटे हैं, वहां चरमपंथी संगठनों ने अपनी जड़ें और मजबूत की हैं। सीरिया की वर्तमान स्थिति उसी दोहराव की ओर इशारा कर रही है। इस्लामिक स्टेट, जो कभी ख़त्म मान लिया गया था, अब फिर से दमिश्क, रक्का, हामा और डेर-एज़-ज़ोर जैसे शहरों में सक्रिय होता दिख रहा है। उसने सीरियाई शासन के पतन के बाद सरकारी हथियार डिपो से गोला-बारूद लूट लिए थे। एसडीएफ कमांडर अब्दी ने चेताया है कि आईएसआईएस अब फिर से हथियारों से लैस है और आतंक के पुराने नेटवर्क दोबारा सक्रिय किए जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है। लेकिन सीरिया जैसे देशों में जब मानवीय संकट लौटता है, तो सिर्फ 'चिंता' जताई जाती है, कार्रवाई नहीं होती। वहां के आम नागरिक इसकी कीमत चुकाते हैं। बीते दो महीनों में ही सीरिया में 1 लाख से ज्यादा लोग फिर से विस्थापित हुए हैं। स्कूल बंद हैं, अस्पतालों में दवा नहीं है, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है।

## सोशल फोरम

# हमारे ही किए धरे का हासिल

हमारे आने के पहले भी दुनिया थी और हमारे जाने के बाद भी रहेगी। हमारे आने के पहले कालक्रम से असंख्य लोग आए और चले गए। उसी तरह हमारे जाने के बाद भी असंख्य लोग आएंगे और चले जाएंगे। यह भी स्पष्ट है कि जो दुनिया हम छोड़कर जाएंगे उससे बहुत भिन्न होगी जो हमें मिली थी। पहले आए-गए लोगों के साथ भी कम-ज़्यादा ऐसा ही हुआ होगा और आगे आने-जानेवालों के साथ भी ऐसा ही होगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मतलब, दुनिया क्षण-प्रतिक्षण बदलती रही है, बदल रही है और बदलती रहेगी। इस बदलाव के पीछे मानव निर्मित कारण अहम हैं। असंख्य लोगों द्वारा जाने-अनजाने किए गए का प्रतिफल। हमारी समस्या यह है कि हम तनहा तनहा व्यक्ति के रूप में मनमाफ़िक बदलाव चाहते हैं। आपस में लड़ने-भिड़ने लगते हैं। आजकल लड़ने-भिड़ने का दौर कुछ ज़्यादा ही भयानक हो गया है। आगे और भी हो सकता है।

कारण क्या हो सकता है? दरअसल हम भूल जाते हैं कि किसी न किसी रूप में परस्पर भिन्न, दुनिया का हर व्यक्ति, मनमाफ़िक बदलाव चाहता है। आज हम जहां हैं, जो हैं, हममें से प्रत्येक के बदलाव की आकांक्षाओं और प्रयासों की भिन्न भिन्न दिशा का ही समंजित योग है। बदलाव की हमारी चाहत इस परिप्रेक्ष्य का कितना ध्यान रख पाती है?

बदलाव की चाहत में मोटी-मोटी एकरूपता न हो, एकरूपता की कोशिश तक न हो, तो स्वाभाविक परिणति यही है। एकरूपता कैसे आ सकती है? उपाय तो है, कठिन भले हो। सही है कि हम परस्पर भिन्न हैं किन्तु एक चीज़ की संभावना हममें सामान्य है। मनुष्यता, इंसानियत। यानी सार्वभौम नैतिकता।

एक समस्या है। जो स्वभावतः नैतिक नहीं हैं, वे नैतिक बनने की बड़ी कड़ी शर्त रखते हैं। कहते हैं, मेरे अकेले के नैतिक बनने से क्या होगा? मैं अकेले बन भी गया तो अनैतिक लोग मेरा जीना हराम कर देंगे। कोई गारंटी दे दे कि अन्य लोग भी नैतिक बन जाएंगे तो मैं सबसे पहले नैतिक बनने को तैयार हूं। यह उनका शातिर बचाव है, जो उनके अनैतिक होने की सबसे कारगर पहचान है। कुछ मानवेतर प्राकृतिक आपदाओं को छोड़ दें तो बाकी सब इसी का परिणाम है।

-फेसबुक वॉल से

# सूचना के पेशेवर योद्धा बनाते हैं असल नैरेटिव



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना।

आज का युग सूचना का युद्धकाल है। किसी भी सरकार की नीतियां कितनी भी अच्छी क्यों न हों, जब तक वह अपने दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से जनता तक नहीं पहुंचा सकती, तब तक उसका असर अधूरा ही रहेगा। यही वजह है कि भारत सरकार की 'भारतीय सूचना सेवा' आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मोदी सरकार, जो स्वयं संचार के महत्व को गहराई से समझती है और जिसने मन की बात से लेकर माय गॉव, डिजिटल इंडिया, और वैश्विक मंचों तक भारतीय नैरेटिव को मजबूती से रखा है, उसे अब अपनी सबसे अहम संचार सेवा यानी सूचना सेवा को भी उतना ही पेशेवर और शक्तिशाली बनाना होगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वे भारत सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों को सही, प्रभावी और सामयिक ढंग से जनता और मीडिया के सामने प्रस्तुत करें। चाहे पीआईबी हो या दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो हो या न्यू मीडिया विंग, सभी की सफलता सूचना सेवा के माध्यम से तय होती है।

आज जब सोशल मीडिया पर मिनटों में अफ़वाहें फैलती हैं, जब फेक न्यूज़ और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन जाते हैं, तब सरकार का संचार और नैरेटिव केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं रह जाता, बल्कि यह रणनीतिक राष्ट्रकार्य बन चुका है। इस काम को अंजाम देने के लिए सिर्फ़ वही लोग सक्षम हैं जो मीडिया के पेशेवर हों-जिन्हें जनसंचार, ब्रांडिंग, डिजिटल माध्यम, और नैरेटिव बिल्डिंग की गहरी समझ हो।

आज से कई दशक पहले, भारतीय सूचना सेवा की कमान ऐसे ही पेशेवरों के हाथों में थी। उदाहरण के तौर पर खुशवंत सिंह, 'योजना' पत्रिका के संपादक रहे। कुलदीप नैयर, प्रधानमंत्री शास्त्री के प्रेस सलाहकार रहे। एचवाई शारदा प्रसाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रेस सलाहकार रहे हैं। इनमें से कोई भी भारतीय प्रशासनिक सेवा से नहीं था, लेकिन ये सब संचार के क्षेत्र में सिद्धहस्त पत्रकार, लेखक और रणनीतिकार थे, जो जनता की नब्ज और संचार के माध्यमों को बखूबी समझते थे। मोदी सरकार संचार और मीडिया की ताकत को समझती है। फिर चाहे वह राष्ट्रवाद के नैरेटिव की बात हो, 'न्यू इंडिया' की छवि निर्माण की, या वैश्विक मंचों पर भारत की स्थिति को मज़बूती से रखने की-हर जगह मीडिया ने सरकार की छवि गढ़ने में भूमिका निभाई है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना। ये दोनों ही काम सिर्फ वही व्यक्ति कर सकता है जो मीडिया की भाषा, मनोविज्ञान और उपकरणों को अच्छी तरह समझता हो।

मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में विभिन्न मंत्रालयों में लैटरल एंट्री के ज़रिए नीति आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, रेलवे, आयुष मंत्रालय में विशेषज्ञों की नियुक्ति की। इसका उद्देश्य यही था कि पेशेवरों के ज़रिए बेहतर नीति और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सांख्यिकी सेवा की तरह आईआईएस सेवा में केवल मीडिया अनुभवी प्रोफेशनल को ही प्रवेश की अनुमति हो। इस सेवा के ग्रुप बी के पेशेवर अधिकारियों के लिए विशेष प्रमोशन स्कीम लाई जाए, जिससे वे नीति निर्धारण स्तर तक पहुंच सकें। इसके अलावा एडिटोरियल थिंक टैंक की स्थापना हो, जिसमें सूचना मंत्रालय के अधीन अनुभवी पत्रकारों, रणनीतिकारों और भाषा विशेषज्ञों का थिंक टैंक बने, जो सभी मंत्रालयों को नैरेटिव बिल्डिंग में सहयोग करे। सभी अधिकारियों की संचार दक्षता (फैक्ट-चेकिंग, सोशल मीडिया रिस्पांस, विजुअल संचार आदि) का मूल्यांकन किया जाए और उसे प्रमोशन से जोड़ा जाए।

यूजीसी के अनुसार, देश में हर साल 40,000 से ज्यादा मीडिया प्रोफेशनल विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से निकलते हैं। इनमें आईआईएमसी, माखनलाल, जामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अनेक केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। यदि सरकार चाहे, तो इन प्रतिभाशाली लोगों का उपयोग करके अपने सूचना तंत्र को एक वैश्विक स्तर की शक्ति बना सकती है। यह सच है कि अब युद्ध सिर्फ बंदूक से नहीं, बल्कि सूचना के हथियार से लड़ा जाता है। भारत को इस युद्ध में जीतना है, तो उसे अपने संचार तंत्र में मीडिया प्रोफेशनल्स को महत्व देना होगा। इसी कड़ी में भारतीय सूचना सेवा को अब सिर्फ प्रशासनिक सेवा नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल मीडिया कॉर्प्स के रूप में पुनर्गठित करने की जरूरत है। यह केवल सुधार का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और छवि निर्माण का मामला है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आए मां-बेटे की मौत

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के मुलिमपुर कला निवासी आलम आरा पत्नी जिब्राइल 35 वर्ष और उसका पुत्र इस्लाम अली पुत्र जिब्राइल 11 वर्ष अपने घर के एक कमरे में मौजूद थे। गर्मी से बचने के लिए कमरे में फर्राटा पंखा लगा रखा था। दोपहर में फर्राटा लगाते समय करंट की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत हो गई।

### डीसीएम व ट्रक की भिड़ंत, चालक की मौत

**जरवलरोड।** डीसीएम व ट्रक की आपस में टक्कर से डीसीएम चालक की मौत हो गई। लखनऊ मार्ग घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के निकट गुरुवार देर रात्रि करीब 11.30 बजे लखनऊ से जरवलरोड की तरफ आ रही त्रिपाल से ढकी डीसीएम को सामने से आ रहे ईंट लदे अनियंत्रित ट्रक आमने-सामने भिड़ंत हो गई दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर के चलते डीसीएम चालक सीट पर ही फंस गया मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जिला हाथरस ग्राम थाना चन्डपा निवासी 40 वर्षीय जितेंद्र शर्मा पुत्र बच्चू सिंह के रूप में हुई है।

### किसान को मिलेगी पांच लाख की आर्थिक सहायता

**बहराइच।** किसानों को किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर प्रदेश सरकार उनके परिजनों को 5 लाख की आर्थिक मदद देगी। प्रदेश सरकार के फैसले से मृतक किसान के परिवार अब असहाय महसूस नहीं करेंगे। देश का किसान अपनी फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक बड़ी जीतोड़ मेहनत करता है। मौसम कोई भी हो किसान हर मौसम से लड़ते हुए बहुत मेहनत से फसल को घर तक ले आता है। इस दौरान ठंड गर्मी या आकाशीय बिजली गिरने, किसी दुर्घटना से कभी-कभी किसानों की मौत भी हो सकती है। इस तरह परिवार के कमाऊ सदस्य की असामयिक मौत या दुर्घटना हो जाने से किसान परिवार के ऊपर दुखों का पहाड टूट पड़ता है। इसी समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने उ0प्र0 मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की शुरूआत की है।

### छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन 10 जुलाई से

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उ.प्र. के मूल निवासी समान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) भुगतान के लिए समय-सारणी का निर्धारण कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए प्रक्रियात्मक कार्यवाही के लिए निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है।

### समायोजन को लेकर विद्यालयों ने शुरू किया विरोध

**बहराइच।** बेसिक शिक्षा विद्यालयों का दूसरे विद्यालय में समायोजन के सरकारी आदेश का विरोध शुरू हो गया है। एक ओर समायोजन की प्रक्रिया प्रारंभ है वहीं शिक्षक संगठनों व ग्राम प्रधानों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। जूनियर शिक्षक संघ ने इस व्यवस्था को छात्र हितों के विपरीत बताया है। संघ के जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक में कहा कि अनुच्छेद 21 में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। आरटीई अधिनियम की धारा 6 के अनुसार हर गांव के एक किलोमीटर के भीतर प्राथमिक विद्यालय अनिवार्य है। पाठक ने कहा कि जनपद में 123 विद्यालय इस योजना से प्रभावित होंगे, जिससे इसमें कार्यरत शिक्षामित्र, रसोईया व शिक्षकों पर प्रभाव पड़ेगा।

# आईटीआई कॉलेज की प्रिंसिपल समेत 5 के खिलाफ मुकदमा

## मामला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पिटाई से जुड़ा हुआ है

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** न्यायालय के आदेश पर आईटीआई कॉलेज की प्रिंसिपल समेत पांच लोगों के खिलाफ राम गांव पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पिटाई से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

आईटीआई कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अबुबकर ने न्यायालय पर प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई थी कि बीते 2 मई को प्रिंसिपल की शह पर कर्मचारी की अकारण पिटाई कर दी गई। इसके बाद उसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर मुकदमा भी पंजीकृत करा दिया गया। पुलिस ने भी एक तरफा कार्रवाई की। पीड़ित के अधिवक्ता अब्दुल अजीज खान द्वारा न्यायालय पर धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र देकर दूसरे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और रामगांव पुलिस को इस मामले में प्रिंसिपल समेत 2 नामजद व 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया था। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फर्जी दस्तावेज़ों के ज़रिए संपत्ति हड़पने की साज़िश

**बहराइच, अमृत विचार।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के लक्खारामपुर गांव निवासी कुछ लोगों ने कोर्ट रचित दस्तावेज के आधार पर जमीन हड़पने की कोशिश की। पीड़ित ने इस मामले में थाने पर तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर उसने न्यायालय पर प्रार्थना पत्र लेकर मुकदमा पंजीकृत करने और कार्रवाई करने का आदेश देने की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के अलखराम पुरवा निवासी अलखराम पाण्डेय ने न्यायालय पर धारा 156(3) के अंतर्गत प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके भाई सुरेश की मृत्यु परिवार रजिस्टर में 28 अक्टूबर 2007 को अंकित है। जबकि संपत्ति को हड़पने की नीयत से विपक्षीगण देवतादीन, अशोक कुमार, जगदम्बा सिंह ने षड्यंत्रपूर्वक दो अज्ञात व्यक्तियों सोनू व मोनू को सुरेश के पुत्र के रूप में प्रस्तुत किया। इन फर्जी व्यक्तियों के नाम से शपथ पत्र तैयार कर पंचायत विभाग में दाखिल कराए गए, जिनके आधार पर परिवार रजिस्टर में मीना देवी, सोनू प्रसाद, हरदीप कौर, अंकिता व मोनू प्रसाद के नाम जोड़ दिए गए। जब उसे जानकारी मिली तो अपने स्तर से छानबीन कराने पर यह स्पष्ट हुआ कि ये सभी नाम फर्जी हैं और इनका उस परिवार से कोई वास्ता नहीं है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर प्रार्थी ने न्यायालय की शरण ली।

# छह महीने बाद सकुशल घर लौटे वेदरतन



अपने परिवार के साथ युवक वेदरतन पांडेय। अमृत विचार

**विशेश्वरगंज बहराइच**

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांधभारी के मजरा सूबेदार पुरवा निवासी वेदरतन पांडे छह महीने बाद सकुशल अपने घर लौट आए हैं।

पीड़ित पिता युधिष्ठिर प्रसाद पांडे ने बताया कि उनका 23 वर्षीय बेटा वेदरतन 24 दिसंबर 2024 को अपने बड़े भाई हरिओम पांडे के पास अमृतसर गया था, जहां से वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित पिता ने मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, डीजीपी, डीएम और एसपी बहराइच सहित कई उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई। प्रशासन की सक्रियता के चलते वेदरतन सकुशल अपने घर लौट आए। थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि युवक को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सांसद आनंद गोंड के प्रयास से होगा वन ग्रामों का कायाकल्प

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** सांसद डा.आनन्द गोंड के प्रयास से कतर्नियाघाट के वन ग्रामों का कायाकल्प होगा। कतर्नियाघाट वन्य क्षेत्र को और अधिक विकसित किए जाने की योजना पर भी काम शुरू होगा।

इस सम्बन्ध में सांसद गौड़ के आग्रह पर केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग बहराइच में आयोजित विशेष कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय पर्यावरण ,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री यादव के समक्ष बहराइच सांसद डॉ गोंड जी ने कतर्नियाघाट के वनक्षेत्र में स्थित ग्रामों तक सड़क, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा दूरसंचार की सुचारू व्यवस्था प्रदान किये जाने का आग्रह किया।

श्री गौड के आग्रह को लेकर केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने ऐसे सभी गाँवों के लिए विकास का प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया। इसी के साथ उन्होंने कतर्नियाघाट को और अधिक विकसित जाने के लिए भी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री के पी मलिक तथा वन विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधरे ग्राम प्रधान

**(खैरीघाट)बहराइच**

**अमृत विचार।** जिले के शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में लगातार फर्जी मास्टर रोल का खेल जारी है। करवाई के बाद भी ग्राम पंचायत में फर्जीवाड़े का कार्य नही रुका है। अधिकारियों के जांच में यह स्पष्ट हुआ है। ब्लाक क्षेत्र का रायगंज ग्राम पंचायत लगातार सुर्खियों में बना हुआ हैं।

शनिवार और रविवार को जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई की गई साथ ही 200 से अधिक श्रमिक की उपस्थिति भी दर्ज कराई गई है। मामला सामने आने के बाद विभागीय जांच शुरू हुई। दूसरे दिन मंगलवार को फर्जी मास्टर रोल चलाने का मामला भी सामने आया। स्थानीय लोगों ने फर्जीवाड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में फर्जीवाड़े का लोग विरोध करते नजर आए। वहीं गांव के लोगों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि मनरेगा में स्थानीय श्रमिकों से काम नहीं करवाया जा रहा है,दूसरे गांव के श्रमिक को काम पर लगाया जा रहा है। गांव के श्रमिक बेरोजगार घूम रहे हैं। जबकि गांव के श्रमिकों को गांव में काम मिलने का प्रावधान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौके पर आठ से दस श्रमिक काम करते हैं। शेष काम जेसीबी मशीन से करवाया जाता हैं। ऑनलाइन मास्टर रोल पर 100 से 200 श्रमिकों की उपस्थिति चढ़ाई जाती है। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम सचिव ने बुधवार को मामले की जांच की। कार्य में अनियमिताएं एवं फर्जीवाड़ा पाए जाने पर सभी कार्यों का मास्टर रोल शून्य कराने का पत्र खंड विकास अधिकारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को प्रेषित कर दिया। गुरुवार सुबह बीडीओ अनुष्का श्रीवास्तव, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अंकित सिंह यादव, अभियंता लघु सिंचाई पुष्पेंद्र कुमार ने मौके का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि जांच के दौरान भी 60 के सापेक्ष महज 12 श्रमिक मौजूद मिले। इस बाबत सभी कार्यों का मास्टर रोल शून्य करवाया गया है। जांच चल रही है, अग्रिम विधिक कार्यवाई की जाएगी।

**फर्जीवाड़ा**

**बीडीओ की जांच में 60 के सापेक्ष मिले 12 श्रमिक**

# राजस्व संग्रह अमीन वेलफेयर सोसाइटी नानपारा की कार्यकारिणी गठित

**संवाददाता, नानपारा (बहराइच)**

**अमृत विचार।** तहसील नानपारा के सभागार में राजस्व संग्रह अमीन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।बैठक में दामोदर पाल सिंह को अध्यक्ष, कन्हैयालाल श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव को महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष, गुलाम रब्बानी को उपमंत्री, दिनेश चंद्र यादव को संगठन मंत्री तथा राजेश तिवारी को ऑडिटर मनोनीत किया गया।इस दौरान चुनाव प्रक्रिया जिला उपमंत्री श्री आदित्य प्रताप सिंह की देखरेख में संपन्न हुई, जिन्होंने निर्वाचन अधिकारी के रूप में भूमिका निभाई और निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन को सक्रिय बनाए रखने और सदस्यों के हित में कार्य करते रहने का आह्वान किया।



शपथग्रहण करते कार्यकारिणी के मनोनीत सदस्य। अमृत विचार

# जनजातीय लोगों को किया गया जागरूक

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** विश्व सिकिल सेल जागरूकता दिवस -2025 के उपलक्ष्य में हेल्प फाउंडेशन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई गांव के लोग उपस्थित हुए और उन्हें जानकारियां दी गई।

ग्राम फकीरी पुरी, विशुनापुर एवं बर्दिया में निवासरत व्यक्तियों को संयुक्त रूप से ग्राम बर्दिया में एकत्रित कर एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक वर्मा ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामलाल ग्राम प्रधान बर्दिया ने की। हेल्प फाउंडेशन के उपाध्यक्ष बृज नारायण तिवारी द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्किल सेल बीमारी के सम्बन्ध में एसीएमओ डॉ अनुराग वर्मा ने वृहद चर्चा की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा के अधीक्षक डॉ थानेदार द्वारा भी सिकिल सेल बीमारी की जांच, रोकथाम एवम इलाज के बारे बताया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं उद्घोषक जेडी द्विवेदी रहे। इस दौरान समाज कल्याण विभाग से आशीष कुमार, रामनिवास राणा, पंचायत सहायक सबा खान, मंगलबिहारी स्वास्थ्य विभाग से डॉ अतुल वर्मा, बी पी एम राधेश्याम, सीएचओ सुमन कुमारी, आशा संगिनी प्रेम कुमारी की उपस्थिति रही।




पुष्पगुच्छ देकर कर अतिथि का स्वागत करते फाउंडेशन के उपाध्यक्ष।

## सार-संक्षेप

### बनकटा में लगाई 'संकल्प से सिद्धि' चौपाल

**बहराइच, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर बहराइच लोकसभा क्षेत्र के ग्राम बनकटा में बुधवार को "संकल्प से सिद्धि चौपाल" का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद आनंद कुमार गोंड ने सरकार की योजनाओं और जनहित में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद गोंड ने कहा कि पहले की सरकारों में गांव और गरीब केवल घोषणाओं में होते थे, अब योजनाएं सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं। आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर जल मिशन और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं ने गांवों की तस्वीर बदल दी है। अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए, एनसीडी स्क्रीनिंग और टीबी मरीजों की जांच की गई। पांच क्षय रोगियों को गोद भी लिया गया, वहीं नियमित टीकाकरण और दवा वितरण जैसे कार्यों का लाभ ग्रामीणों को मिला। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र, बीपीएम, स्वास्थ्यकर्मी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम जनकल्याण के साथ जनजागरूकता का भी माध्यम बना।

### अराजक तत्वों ने सीएचसी पहुंचकट्टा में मचाया उत्पात

**बहराइच, अमृत विचार।** सीएचसी पहुंचकट्टा में अराजक तत्वों ने भारी हंगामा खड़ा किया। अराजकतत्वों ने अस्पताल में घुसकर डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स के साथ अभद्रता व मारपीट की। इस हमले में एक व्यक्ति पंकज कुमार सिंह उर्फ संदीप सिंह भी घायल हुए हैं। अधीक्षक डा. प्रवीण कुमार पाण्डेय की ओर से थाने पर तहरीर दाखिल की गई। चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर के अनुसार विवेक सिंह (बी एच डब्लू) निवासी बहराइच, देवराज यादव निवासी पयागपुर, प्रमोद शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, भोले विश्वकर्मा व लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा निवासी आर्यनगर थाना खरगूपुर, जनपद गोण्डा आदि कार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। आकर नहीं मुझे वह अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से बदसलू की वह अभद्रता करने लगे। मारपीट पर उतर आए और अस्पताल में मौजूद उपकरण और फर्नीचर में तोड़फोड़ करने लगे। इस दौरान बीच-बचाव करने आए पंकज सिंह को पीटा। साथ ही अस्पताल के सरकारी उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

**स्वास्थ्य कर्मियों पर किया हमला, उपकरण तोड़े, मुकदमा दर्ज**

### शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए मिले

**बहराइच, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक व जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने संयुक्त हस्ताक्षर से जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर 12 सूत्रीय मांग पत्र दिया है। जिला अध्यक्ष पाठक ने पत्र के माध्यम से कहा है कि सीसीएल स्वीकृत करने में की जा रही स्वेक्षाचारिता बंद की जाए तथा शासनादेश का पालन करते हुए सभी सीसीएल स्वीकृत किए जाए। भर्ती हुए 12460 शिक्षको का अभिलेखीय सत्यापन आदेश जारी किए जाए। दूसरे जनपद स्थानांतरित शिक्षकों की सेवापुस्तिका महीनों बीतने के बाद भी अभी तक नहीं भेजी गई है। तुरंत सभी जनपदों को सेवापुस्तिकाएँ भेजी जाएं। साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी 12 बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग बेसिक शिक्षा अधिकारी की है।

### नपं कैसरगंज सभासद संघ के रामराज बने अध्यक्ष

कैसरगंज( बहराइच) नगर पंचायत कैसरगंज के सभासदो ने एक बैठक आयोजित कर अपने संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए आम सहमति से रामराज वर्मा को नगर पंचायत कैसरगंज के सभासद संघ के अध्यक्ष के रूप में चुना है। इस अवसर पर सभासद अखिलेश वर्मा अलाउद्दीन अंसारी,अब्दुल मुतललिब , सुशील सिंह,फुरकान अहमद, मो0सैफ व सभासद प्रतिनिधि इसराक अहमद चंदू, मो0इरफान, सुरेंद्र , आदि उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली ने संघ के अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया तथा उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है।

### महिला पीजी कालेज में आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता

**बहराइच, अमृत विचार।** महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रो. डॉ. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन पर कॉमनहॉल में योग सप्ताह के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम की श्रृंखला में योग के माध्यम से कैसे स्वास्थ्य को उत्तम बनाएं विषय पर एक निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ0 श्याम कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्मृति गुप्ता, द्वितीय स्थान अजरा बेबी एवं तृतीय स्थान शहनाज बानो एवं चतुर्थ स्थान सना परवीन ने हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में रीतू प्रथम, अजरा बेबी द्वितीय स्थान, प्रीति पाण्डेय एवं स्मृति गुप्ता चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. राम देव चातक मौजूद रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यालय अधीक्षक राजेष पाल रावत, तनवीर फातिमा एवं छात्राएं उपस्थिति रहीं है।

### सेंध लगाकर घर में चोरी

**बहराइच, अमृत विचार।** रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पटना घुसियारी के माजरा रसूलपुर मे बृहस्पतिवार की रात चोर दीवार में सेंध लगाकर एक घर में घुस गए। पीड़िता रातरानी के घर में घुसे चोरों ने नकदी, जेवरात, कपड़े सहित हजारो के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

3. 1. सुरमा ,काजल 2. रसांजन।
4. 1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।
5. 1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा
6. 1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।
9. 1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।
2. उल्लू।
3. 1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।
6. 1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।
7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।
8. 1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।




### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | स | | 2 कु | | | |
| | | 3 प | ल | टा | ना | |
| 4 चा | | | बु | | | 5 नि |
| 6 क | ल | क | ला | ना | | रु |
| चौ | | | ह | | | पा |
| बं | | 7 झों | ट | | | धि |
| द | | की | | 8 गां | धि | क |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :21 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी-07.18 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोग नई जॉब की शुरुआत कर पायेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं।

**वृष** — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकांत में आपको समय नहीं बिताना चाहिए। सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिये। जो भी काम करें वो सोच-समझकर करें।

**मिथुन** — आज अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें। व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**कर्क** — आज आप महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक संबंध रहेंगे। पुराने लोन को चुकाने का अवसर मिलेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**सिंह** — आज आपको गैरकानूनी कार्यों से बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचारों का प्रभाव रहेगा। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें।

**कन्या** — आज व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से अधिक शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिंता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिंता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं।

**तुला** — आज व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम योजना बनाकर करेंगे तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना उत्तम होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानांतरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें।


**धनु** — आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**मीन** — आज नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है। क्रोध और आडम्बर से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर समस्या होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 07.50 तक तत्पश्चात भरणी।

## सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | | 1 | | | |
| 5 | | 2 | | 8 | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | 6 | 3 |
| | 4 | | 3 | | | 9 | | 6 |
| | | 8 | 1 | | 6 | 5 | | |
| 6 | | 3 | | | 2 | | 1 | |
| 9 | 1 | | | 4 | | | 5 | |
| | | | | 6 | | 1 | | 8 |
| | | | 5 | | 3 | | 7 | |

### सुडोकू - 14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |

## एक नजर

### मां-बेटी पर चाकू से हमला छह के खिलाफ केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के खतीवपुर गांव में शुक्रवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक घर में घुसकर आरती पत्नी राधेश्याम और उसकी बेटी निशा पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने राजाराम, रंजीत, मंजीत, अंकित, शीला और दिलीप के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सर्वेश बने संगठन मंत्री

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में शुक्रवार को हनुमानगंज के व्यापारी सर्वेश बरनवाल को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा है। संगठन मंत्री का पद ग्रहण कर सर्वेश बरनवाल ने कहा कि वह संगठन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करते हुए व्यापार मंडल को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

### मारपीट में वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने मारपीट के एक मामले में वांछित आरोपी भोले उर्फ शिवम यादव निवासी कादीपुर खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने उसे चांदा मार्ग से दबोचा। आरोपी के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### 611 परीक्षार्थी देंगे कंपार्टमेंट एग्जाम

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल कम्पार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट और इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि हाईस्कूल में 167 और इंटरमीडिएट में 444 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# बाइकों की भिड़ंत में 2 लोगों की मौत

## दो युवकों की हालत गंभीर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दोस्तपुर के गोरई मोड़ पर हुआ हादसा

दोस्तपुर, सुलतानपुर



दुर्घटना के बाद सीएचसी लाए गए घायल युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर गोरई मोड़ के पास शुक्रवार को 11 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया गया है।

अंबेडकरनगर के थाना बेवाना क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर निवासी दिलीप गौतम (22) अपनी बाइक पर कृष्ण कुमार (17) और प्रिंस कुमार (18) को लेकर अपनी मौसी के घर सहंगिया जा रहा था। उसी दौरान दोस्तपुर थाना क्षेत्र के धतुरहा गांव निवासी जितेंद्र कुमार निषाद (20), जो जनकपुर से अपने घर लौट रहे थे, उनकी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिलीप गौतम और जितेंद्र निषाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कृष्ण और प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी दोस्तपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया गया।

थानाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद उप निरीक्षक अनूप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने सहित अन्य विधिक कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुलतानपुर भेजा गया है।

### आज योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जिले के प्रभारी मंत्री व उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर 21 जून को प्रात: 6.30 बजे सीताकुंड स्थित पर्यावरण पार्क में आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होंगे। भाजपा के मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 21 जून को अपने सभी 26 मंडलों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाएंगी। भाजपा नगर मण्डल, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार एवं गोमती मित्र मंडल का संयुक्त योगाभ्यास कार्यक्रम तिकोनिया पार्क में प्रात: 6.00 बजे आयोजित होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी समेत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा अन्य संगठनों के लोग तिकोनिया पार्क में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# लगातार गैरहाजिरी पर बीएसए ने समाप्त की शिक्षिका की सेवा

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** विद्यालयों से लगातार अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों पर बीएसए की ओर से की जा रही बर्खास्तगी व निलंबन की कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मचा है। लंबे समय से विद्यालय से गायब चल रही एक और शिक्षिका की सेवा शुक्रवार को बीएसए ने समाप्त कर दी है।

प्राथमिक विद्यालय अंगनाकोल, कूरेभार विकास क्षेत्र में कार्यरत सहायक अध्यापिका श्वेता सिंह की सेवाएं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता द्वारा समाप्त कर दी गई हैं। जानकारी के अनुसार, शिक्षिका श्रीमती सिंह 9 मई 2024 से बिना किसी सूचना के लगातार विद्यालय से अनुपस्थित थीं। इस पर उन्हें तीन बार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जो या तो बिना उत्तर के रहे या डाक द्वारा वापस लौट आए। हालांकि, एक बार उन्होंने पत्र के माध्यम से खुद को त्याग-पत्र देने की इच्छा जताई, लेकिन निर्देशानुसार नोटरी शपथ पत्र के साथ कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हुईं। अंतिम अवसर के रूप में समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना दी गई, फिर भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लगातार अनुपस्थिति, शिक्षा व्यवस्था की अनदेखी और नियमानुसार त्याग-पत्र न देने को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए श्वेता सिंह की सेवा समाप्त कर दी गई। बीएसए उपेंद्र गुप्ता की ओर से माह भर में करीब एक दर्जन शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है।



महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल आचार्य गण। अमृत विचार

### चेतना विज्ञान पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण शुरू

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** महर्षि विद्या मंदिर सुलतानपुर में शुक्रवार को महर्षि चेतना विज्ञान पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला (कोर्स-1) का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उप जिला विद्यालय निरीक्षक व प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने गुरुपूजा व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

प्रशिक्षण में प्रयागराज संभाग के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं हिस्सा ले रहे हैं। ध्यान प्रशासक शैलेंद्र पांडेय ने भावातीत ध्यान के चार प्रमुख लाभ बताए, स्वास्थ्य, मानसिक विकास, सद्व्यवहार और शांति। कार्यक्रम का समापन ध्यान अभ्यास के साथ हुआ। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसे आत्म विकास की दिशा में उपयोगी पहल बताया।

# एलआईसी डकैती मामले में विवेचक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

## अदालत से

- कादीपुर स्थित एलआईसी की शाखा में वर्ष 2008 में 13.15 लाख रुपये की हुई थी डकैती

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कादीपुर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा में वर्ष 2008 में हुई 13.15 लाख रुपये की दिनदहाड़े डकैती के मामले में गवाही देने नहीं आने पर विवेचक व साक्षी उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह के खिलाफ कोर्ट ने सख्त रूख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 23 जून की तारीख तय की है।

मामले की सुनवाई कर रहे अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, जनपद गोण्डा को पत्र भेजते हुए सख्त निर्देश भी बीती तारीख पर दिए थे। पत्र में कहा गया कि विवेचक पंकज कुमार सिंह, जो वर्तमान में पुलिस लाइन गोण्डा में तैनात हैं, को 20 जून 2025 को न्यायालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कराया जाए। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया था कि यदि उपनिरीक्षक पंकज कुमार सिंह आगामी तिथि को साक्ष्य देने हेतु उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके वेतन का भुगतान रोका जाए, जब तक कि वह न्यायालय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य अंकित न करा दें।

### चाचा-भतीजा हत्याकांड में नहीं पूरी हो सकी जिरह

चाचा-भतीजा हत्याकांड में शुक्रवार को एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत ने साक्षी दुर्गेश यादव के न आने से जिरह नहीं हो सकी । बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया अदालत ने शेष जिरह के लिए 23 जून की तारीख तय की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन समेत 13 आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

### सराफा डकैती कांड में गवाही नहीं हो सकी, 23 जून को अगली सुनवाई

सर्राफा डकैती कांड की सुनवाई शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में नहीं हो सकी। न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर के अवकाश पर होने के कारण गवाही शुरू नहीं हो पाई। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने बताया कि अब मामले की अगली सुनवाई 23 जून को होगी। इस दौरान जेल में बंद मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत 12 आरोपितों की न्यायिक हिरासत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अगली तिथि तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यवसायी भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने दिनदहाड़े धावा बोलकर लाखों रुपये की ज्वैलरी लूट ली थी। घटना के बाद से यह मामला जिले में काफी चर्चा में है।



दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

### अधिवक्ता पर हमले के मामले में आईजी अयोध्या से रिपोर्ट तलब, अगली सुनवाई 8 जुलाई को

**संवाददाता, सुलतानपुर:** दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता अजय त्रिपाठी पर 29 मार्च की रात पर्यावरण पार्क के पास अज्ञात बाइकर्स गैंग द्वारा किए गए हमले के मामले में सीजेएम कोर्ट ने पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या मंडल से रिपोर्ट तलब की है। अधिवक्ता ने केस दर्ज न होने पर कोतवाली नगर पुलिस पर लापरवाही और एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अर्जी दी थी। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली नगर और आईजी अयोध्या से रिपोर्ट मांगी थी। थाना कोतवाली नगर की रिपोर्ट दो मई को कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी है, लेकिन पुलिस महानिरीक्षक स्तर से अब तक कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। इस पर अदालत ने निर्देश देते हुए कहा कि आईजी अयोध्या मंडल 8 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। इसी तारीख को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है।

### गुंगवाछ हत्याकांड में सुनवाई दो जुलाई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** अमेठी के गुंगवाछ हत्याकांड में शुक्रवार को एडीजे चतुर्थ निशा सिंह के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए दो जुलाई की तारीख नियत की है। गुंगवाछ गांव में 15 मार्च 2022 को संकटा यादव उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, पूर्व प्रधान अमरेश यादव व उनकी पत्नी नइका देवी की हत्या कर दी गई थी। मामले का ट्रायल एडीजे चतुर्थ की कोर्ट में चल रहा है, जहां गवाही की कार्रवाई जारी है।

### युवती के अपहरण व धर्म परिवर्तन मामले में आरोपी अरमान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

- इमरान की नियमित जमानत पर सुनवाई 2 जुलाई को

**संवाददाता, सुलतानपुर:** अमेठी जनपद के रामगंज थाना क्षेत्र में युवती के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के संगीन मामले में आरोपी अरमान को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत ने आरोपी अरमान की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीसी (क्रिमिनल) रामअचल मिश्र ने अदालत में जोरदार विरोध किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता, जो 22 वर्ष की है, 24 अप्रैल को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। बाद में परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर गांव के ही चार युवकों अरमान, सलमान, इमरान और मोहम्मद शहजाद के खिलाफ अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप दर्ज किया गया। आरोपी अरमान, गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत की शरण में गया था, लेकिन कोर्ट ने मामले के तथ्यों और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, इसी मामले में पहले से जेल में निरुद्ध आरोपी इमरान की नियमित जमानत याचिका पर अदालत 2 जुलाई को सुनवाई करेगी। इस केस की अगली कार्रवाई को लेकर पुलिस व अभियोजन पक्ष सतर्क नजर आ रहा है।

### गिरफ्तारी वारंट पर हाजिर हुए दरोगा, बयान दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर:** हत्या के केस में गवाही देने में लापरवाही बरत रहे तत्कालीन थाना प्रभारी कोतवाली देहात मनबोध तिवारी गिरफ्तारी वारंट पर शुक्रवार को हाजिर अदालत आये तथा अपनी गवाही दर्ज कराई। एडीजे तृतीय राकेश पांडेय ने जिरह के लिए बचाव पक्ष की ओर से अवसर की मांग पर दो हजार रुपए हर्जाने पर मौके का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर जिरह के लिए तीन जुलाई की तारीख नियत की है। गोसाईगंज के भोएं कठार निवासी नुरुल हसन ने सात जून 2019 को कोतवाली देहात थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक, उनके जीजा अनीस अहमद शहर से दूध बेचकर घर लौट रहे थे। लाठी व रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। केस का ट्रायल एडीजे तृतीय की अदालत में चल रहा है।

### पूर्व विधायक सफदर रज़ा के केस में बहस 23 जून को

वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव के दौरान पीपरपुर थाने के देहली मुबारकपुर गांव स्थित मतदान केंद्र से मतपत्र गायब होने के मामले में चांदा के पूर्व बसपा विधायक सफदर रज़ा समेत तीन आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे में शुक्रवार को सुनवाई 23 जून तक टल गई। 6 अक्टूबर 1996 को हुए विधानसभा चुनाव में मतपत्र गायब होने की घटना को लेकर उप निर्वाचन अधिकारी विमल चंद्र श्रीवास्तव द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में सफदर रज़ा के साथ आबाद उल्ला और अबरार अहमद भी आरोपी बनाए गए हैं।

### पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में आरोपी को राहत

कादीपुर थाना क्षेत्र के नोनरा में बीपी 25 में को पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने व तमंचा कारतूस बरामदगी के मामले में जेल में निरुद्ध जौनपुर जिले के खुटहन थानाक्षेत्र के शेरपुर पथरा निवासी आरोपी राहुल बिंद को विशेष कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी ने बड़ी राहत देते हुए जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है । बचाव पक्ष के अधिवक्ता रजनीश शुक्ल के मुताबिक बीती 25 मई की रात की घटना में कादीपुर कोतवाल श्याम सुंदर ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने समेत अन्य आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# वर्षों से जमे बाबुओं का हुआ पटल परिवर्तन

## फेरबदल

- 3 वर्षों से एक ही पटल पर तैनात कर्मियों को हटा दी नई जिम्मेदारी
- चर्चित बाबू मुजाहिद ईसार समेत कई के हुए तबादले

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी (ई) के निर्देशन में सुलतानपुर प्रशासन ने एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न तहसीलों में वर्षों से जमे राजस्व कर्मियों का व्यापक फेरबदल किया है। यह कार्यवाही तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही पटल पर तैनात कर्मचारियों के विरुद्ध की गई है।

तबादला सूची में सबसे चर्चित नाम मुजाहिद ईसार का है, जिन्हें कलेक्ट्रेट से हटाकर नायब नाजिर बल्दीराय बनाया गया है। वहीं कामता प्रसाद उपाध्याय को तहसील बल्दीराय से स्थानांतरित कर राजस्व सहायक के रूप में कलेक्ट्रेट में तैनात किया गया है। शरद कुमार, जो पहले पेशकार तहसीलदार लम्भुआ के रूप में कार्यरत थे, अब उन्हें एसडीएम लम्भुआ का अहलमद नियुक्त किया गया है। महिमा सक्सेना, जो पहले राजस्व अभिलेखागार में कार्यरत थीं, उन्हें अब वीडर इंग्लिश ऑफिस में तैनात किया गया है, जबकि रविशंकर दुबे को वीडर इंग्लिश ऑफिस से स्थानांतरित कर राजस्व अभिलेखागार भेजा गया है। सुनील श्रीवास्तव, जो पहले प्रतिलिपि बाबू जयसिंहपुर थे, अब उन्हें अहलमद एसडीएम जयसिंहपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह वर्षों से अभिलेखागार में जमे कलीम अहमद को एईआरके कलेक्ट्रेट बनाया गया है। मुमताज, जो कि माल बाबू कादीपुर तहसील में थे, अब उन्हें ए.डब्ल्यू. बी.एन. कादीपुर के पद पर तैनात किया गया है।

प्रशासन द्वारा तबादला सूची में शामिल सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दे दिए गए हैं। यह कदम पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### दोस्तपुर सीएचसी परिसर में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह।

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर परिसर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधिवत उद्घाटन हुआ। प्रोप्राइटर भारतीय शर्मा निवासी सातनपुर, कोतवाली कादीपुर द्वारा पूजा-पाठ के साथ शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह यादव ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. आज्ञा राम यादव समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। डॉ. यादव ने बताया कि केंद्र के खुलने से मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और बेहतर होगी।

### पांचोपीरन मजार ध्वस्तीकरण केस में निचली अदालत की कार्यवाही पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** आरएसएस कार्यालय के पास स्थित पांचोपीरन मजार ध्वस्तीकरण मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी को बड़ी राहत दी है। अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया आरोपी शादाब खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। इससे पहले एक अन्य आरोपी के आरोप पत्र को भी रद्द किया जा चुका है। कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

### वरिष्ठ कोषाधिकारी ने संभाला कार्यभार

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** शुक्रवार को नवागत वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक कुमार तिवारी ने कोषागार सुलतानपुर का कार्यभार निवर्तमान मुख्य कोषाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह से ग्रहण किया। कोषागार परिवार की ओर से दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण के उपरांत दोनों अधिकारियों ने जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर औपचारिक परिचयात्मक मुलाकात की।

### घर में घुसकर की महिला की पिटाई, 6 पर मुकदमा दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** हनुमान नगर गांव में बच्चों के लिए सामान खरीदने गई महिला के साथ मामूली कहासुनी के बाद दुकानदार व परिजनों ने घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अनीता देवी पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व रात करीब 9 बजे वह गांव में ही घर के बगल स्थित रामू की दुकान पर बच्चों संग सामान लेने गई थी। फुटकर पैसे देने पर दुकानदार की पत्नी ने अभद्र टिप्पणी की। विरोध करने पर रामू, मुन्नालाल, मोहन और दुर्गेश ने पहले दुकान पर और फिर घर में घुसकर बुरी तरह मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद किशोरी लापता, मामला दर्ज

- पुलिस ने शुरू की मामले की जांच-पड़ताल

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने बताया कि बेटी की आखिरी बातचीत इंस्टाग्राम पर एक मोबाइल नंबर से हुई थी, जो संदीप कुमार नामक युवक के नाम पर पंजीकृत है।

परिजनों का आरोप है कि संदीप कुमार किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार ने पहले रिश्तेदारों और आसपास संभावित ठिकानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद गुरुवार को किशोरी की मां ने कोतवाली देहात में संदीप कुमार के खिलाफ अपहरण की तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल संदीप के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। देहात कोतवाल अखंड देव ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### एक्सपायरी दवा बेचने पर गौरव एग्रो एजेंसी के संचालक पर केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** कस्बे के चौकिया रोड स्थित गौरव एग्रो एजेंसी पर दो दिन पूर्व हुई छापामारी में भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं मिलने के मामले में अब सख्त कार्रवाई हुई है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी दीपचंद चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने एजेंसी संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिदम आनंद व कृषि विभाग की टीम ने दुकान पर औचक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान पाया गया कि कई दवाओं की एक्सपायरी डेट पर नए स्टीकर लगाकर उन्हें बेचा जा रहा था, जिससे किसानों को गुमराह किया जा रहा था। टीम ने मौके से एक्सपायरी दवाएं जब्त कर कोतवाली में जमा कराई थीं और मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी। अनुमति मिलने के बाद कार्रवाई की गई। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर किसी बीज भंडार या एजेंसी पर नकली या एक्सपायरी दवाएं पाई गईं, तो उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
















# भाजपा नेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## ट्रांजिट विजिट के तहत 11.15 बजे कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे पीएम

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचारः** पड़ोसी राज्य बिहार के सिवान में आयोजित कार्यक्रम में जाने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रांजिट विजिट के तहत सवा ग्यारह बजे कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी का विशेष विमान 11 बजकर 15 मिनट पर कुशीनगर अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचा। यहां एयरपोर्ट पर विमान से उतरने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल, राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह, सांसद विजय दुबे, विधायक पीएन पाठक ने प्रधानमंत्री की अगवानी की जबकि आयुक्त अनिल ढींगरा, अपर पुलिस महानिदेशक केएस प्रताप कुमार, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर सहित अन्य लोगों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। औपचारिक मुलाकात के दौरान जनप्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री ने सभी का कुशलक्षेम पूछा और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद वह एयरपोर्ट पर ट्रांजिट विजिट किये। तकरीबन बीस मिनट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकाप्टर से गोपालगंज व सिवान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। जनसभा के बाद प्रधानमंत्री मोदी दोपहर बाद दो बजकर 27 मिनट पर एयरपोर्ट पर वापस पहुंचे और 15 मिनट रुकने के बाद वह अपने विशेष विमान से गंतव्य के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। एयरपोर्ट की 15 किमी परिधि में ड्रोन की उड़ान पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहा।


कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत करते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर।

### अभेद्य रही सुरक्षा व्यवस्था

ट्रांजिट विजिट पर कुशीनगर आये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य रही। एयरपोर्ट के अंदर तीन लेयर मे फोर्स की तैनाती की गई थी। वहीं दो लेयर मे फोर्स परिसर के बाहर लगायी गयी थी। एसपीजी, एनएसजी के कमांडो के अलावा प्रधानमंत्री की सुरक्षा में पुलिस-पीएसी और सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के पांच सौ से अधिक जवान ड्यूटी पर तैनात थे। इतना ही नहीं, एयरपोर्ट के आसपास घरों की छतों पर भी पुलिस के जवान तैनात थे।इस दौरान डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एडीएम वैभव मिश्रा, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, सीओ कुंदन सिंह, एसडीएम आशुतोष, एसडीएम योगेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने लिंक एक्सप्रेसवे पर किया घाघरा सेतु का निरीक्षण


कम्हरियाघाट में घाघरा नदी पर बने सेतु का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर घाघरा सेतु का निरीक्षण किया। यह दीर्घ सेतु कम्हरियाघाट में घाघरा नदी पर बना है। मुख्यमंत्री ने यहां नदी की धारा मोड़ने के लिए किए गए कार्यों को देखा।

शुक्रवार पूर्वाह्न आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री इस एक्सप्रेसवे के सफर पर निकले। इस दौरान उनका पहला पड़ाव कम्हरियाघाट रहा। उनके साथ प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, स्थानीय विधायक श्रीराम चौहान, प्रदेश के मुख्य सचिव और यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह आदि थे।

# जमीन विवाद में मारपीट, 10 लोग घायल

**कुशीनगर, अमृत विचारः** रामकोला थाना क्षेत्र के लाला छपरा गांव स्थित इमिलिया टोले में गुरुवार देर रात जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच चल रहा पुराना विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से चार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव निवासी तीन भाई रामकिशुन, रामधनी और रामप्यारे के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। दो दिन पूर्व रामधनी द्वारा अपने हिस्से में दीवार खड़ी किए जाने पर मामला गर्म हो गया। अन्य दो भाइयों ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिस पर पुलिस ने लेखपाल से पैमाइश कराने और सभी को शांति बनाए रखने की सलाह दी थी।हालांकि, गुरुवार रात बंटवारे को लेकर मारपीट हो गयी। इइसमें रामकिशुन, रामदेव, किरण देवी, रेनू, सूरज, कलावती, शोभा, गिरजा, प्रेम सागर और मदन प्रसाद घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला पहुंचाया।






## एक नजर

### बाइक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चालक की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मोहाना थाना क्षेत्र के यूसुफपुर चौराहे पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक ने खड़े ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में से ई-रिक्शाचालक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। शव की पहचान अब्दुल अलीम ( 32) पुत्र अब्दुल रहमान ग्राम युसुफपुर के रूप में हुई। बताया जाता है कि बाइक सवार बर्डपुर की ओर से तेज रफ्तार से जा रहा था कि अभी वह यूसुफपुर चौराहे पर पहुंचा था ही सड़कके किनारे खड़ ई-रिक्शा से बाइक टकरा गई। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक की घटनास्थल ही मौत हो गई। घायल बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य बर्डपुर पर पहुंचाया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की गयी जान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बिजली का बिल जमा करने जा रहे साइकिल सवार वृद्ध को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना चिल्हिया थाना क्षेत्र के परसिया पावर हाउस के करीब की है। शव की शिनाख्त 65 वर्षीय अनारुल्लाह के रूप में हुई। बेलगड़ा निवासी अनारूल्लाह गुरुवार को साइकिल से परसिया बिजली सब स्टेशन बिल जमा करने के लिए आए थे। लौटते समय किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने उन्हें शोहरतगढ़ सीएचसी पहुंचाया। जहां उन्हें मेडिकल कालेज रेफर किया गया। एमपीटी मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने हालात नाजुक देख गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां उनकी मौत हो गई।

### डीएम ने की समीक्षा बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम ने सभी सीडीपीओ व सुपरवाइजर को 30 जून तक पुष्टाहार प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों का आधारबेस्ड फेस वेरिफिकेशन व ई केवाईसी अपडेट कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कार्यकत्रियों को प्रतिदिन 20-20 लाभार्थियों का फेस वेरिफिकेशन ,ई केवाईसी अपडेट करने का निर्देश दिया।


योग का अभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### योग शिविर में स्वस्थ जीवन शैली की दी जानकारी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** योग दिवस की पूर्व संध्या पर जिला मुख्यालय के पीएमडी इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज सभागार में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विमल द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया । मास्टर ट्रेनर उपेंद्रनाथ उपाध्याय तथा प्रशिक्षक सत्य प्रकाश तथा राम फेरगिरी द्वारा योग प्रशिक्षण कराया गया। इस अवसर पर आयोजनकर्ता डॉ. विमल द्विवेदी ने योग की उपयोगिता पर चर्चा की। उन्होंने आहार यानी संतुलित भोजन और स्वस्थ जीवन शैली के विषय में भी जानकारी दी। पीएमडी इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की प्रबंधक डॉ. अनीता द्विवेदी ने इसे शारीरिक स्वास्थ्य सुधार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर डॉ. श्वेत चन्द्र पांडे, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अनिल मिश्रा, इंद्रजीत तिवारी आदि थे।

### एएनएम के बेटे ने नीट में पायी सफलता


परिजनों के साथ आयुष। अमृत विचार


**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भनवापुर स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर कार्यरत विकास क्षेत्र मिठवल के कुदारन खास निवासी सुशीला के बेटे आयुष ने नीट में सफलता प्राप्त की है। आयुष की मां सुशीला ने बताया कि आयुष बचपन से ही पढ़ने में तेज था। आयुष की पढ़ाई बचपन से ही लिटिल फ्लावर स्कूल में हुई है। यह नीट परीक्षा में आयुष का पहला प्रयास था। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभाव मेरी मां का पड़ा। पिता सुनील कुमार जाटव पशुपालन विभाग में हैं। आयुष की इस सफलता पर मिठवल ब्लॉक के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश चौधरी, रवि कपूर ग्राम पंचायत अधिकारी, ओमप्रकाश लेखपाल, अधिवक्ता राजेश शर्मा, चक्रधारी, प्रधान गोविंद तिवारी आदि ने आयुष को शुभकामनाएं दी हैं।

### सीडीओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शुक्रवार को बांसी में 50 शैय्या युक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, सीडीओ और सीएमओ ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, और अन्य चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत की और मरीजों से भी उनके अनुभव के बारें में पूछा। अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों की स्थिति, और साफ-सफाई का भी जायजा लिया । निरीक्षण के बाद, सीडीओ और सीएमओ ने अस्पताल प्रबन्धन को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने, चिकित्सा कर्मियों को प्रशिक्षित करने, और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय को जल्द ही स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर करने की बात कही।













# गिरावट थमी, तीन दिन बाद बाजार गुलजार

## सेंसेक्स में आया 1,046 अंक का उछाल, निफ्टी ने फिर किया 25,000 के अंक को पार

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से बड़े पैमाने पर सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़ा था। वहीं एनएसई का निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़ा।



- वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से तेजी आई
- प.एशिया में तनाव कम व विदेशी पूंजी की लिवाली से समर्थन मिला

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत होने की उम्मीद से प. एशिया में तनाव कम होने और सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम होने से शेयर बाजार में तेजी आई। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को लाभ मिला और विदेशी निवेशकों की धारण मजबूत हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल (पूर्व में जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर मारुति का शेयर गिरकर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.20 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.55 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार देखा जाए तो सभी सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान दूरसंचार में 2.73 प्रतिशत, रियल्टी में 2.22 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी में 1.42 प्रतिशत, पूंजीगत सामान में 1.17 प्रतिशत, बैंक में 1.15 प्रतिशत, सोच-विचार कर खरीदी जाने वाली वस्तुओं में 1.12 प्रतिशत और धातु में 1.10 प्रतिशत की तेजी आई।

### एफआईआई ने 934.62 करोड़ के खरीदे शेयर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि ईरान-इजराइल संघर्ष में नरमी आने के संकेत मिलने वाली खबरों के बाद बाजार की धारणा में सुधार हुआ। अमेरिका ने किसी कार्रवाई में देरी का संकेत दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें घटीं। इसके अलावा, एफआईआई की लगातार खरीदारी ने बाजार और समर्थन दिया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार में बढ़त का रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.93 प्रतिशत गिरकर 77.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 934.62 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 605.97 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की लिवाली की। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 82.79 अंक नुकसान में रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 18.80 अंक की गिरावट आई थी।

# क्रेडिट रिस्क : समझ और सावधानियां



शेयर बाजार में निवेश करते समय कई प्रकार के जोखिम सामने आते हैं, जिनमें से एक प्रमुख जोखिम क्रेडिट रिस्क है। क्रेडिट रिस्क का तात्पर्य उस संभावना से है जब कोई कंपनी या संस्था, जिसके सिक्योरिटीज में आपने निवेश किया है, समय पर ब्याज या मूलधन लौटाने में असफल हो जाती है। यह जोखिम खासकर डिबेंचर, बॉण्ड या अन्य डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के समय सामने आता है। कंपनियों की वित्तीय स्थिति, बाजार की अनिश्चितता और नियामक नीतियों के बदलाव इस जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं।

### क्या है क्रेडिट रिस्क

- क्रेडिट रिस्क वह जोखिम है, जिसमें उधार लेने वाली कंपनी या संस्था अपने ऋण दायित्वों को समय पर पूरा नहीं कर पाती। जब कोई निवेशक किसी कंपनी के बॉण्ड या डिबेंचर में पैसा लगाता है, तो उसे उम्मीद होती है कि उसे समय पर ब्याज और मूलधन मिलेगा, लेकिन यदि कंपनी दिवालिया हो जाए या वित्तीय संकट में आ जाए, तो भुगतान में चूक हो सकती है।

### निवेशकों के लिए संभावित लाभ

- **उच्च रिटर्न की संभावना** : उच्च क्रेडिट रिस्क वाले बॉन्ड्स आमतौर पर अधिक ब्याज दर (कूपन रेट) प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन** : जोखिम समझकर निवेश करने से पोर्टफोलियो में विविधता आती है, जिससे संभावित रिटर्न बढ़ सकते हैं।
- **कम कीमत पर प्रवेश** : बाजार में अस्थिरता के समय कम रेटिंग वाली सिक्योरिटीज सस्ते में मिलती हैं, जिनमें सुधार की संभावना हो सकती है।

### मुख्य जोखिम

- **पूंजी हानि** : अगर कंपनी डिफॉल्ट कर जाए तो मूलधन डूब सकता है।
- **रेटिंग में गिरावट** : रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग कम करने से सिक्योरिटी का बाजार मूल्य गिर सकता है।
- **तरलता संकट** : कम रेटिंग वाले बॉन्ड्स को बाजार में बेचना मुश्किल हो सकता है।

# अनिश्चितता को कम करेगा मौद्रिक उपायों का पैकेज, वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हाल की बैठक में कहा था कि मौद्रिक नीति के रुख को तटस्थ करने से उभरती घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के जवाब में नीति दर में कटौती, रोक या वृद्धि के लिए जरूरी लचीलापन मिलेगा।

चार-छह जून को हुई एमपीसी की बैठक के शुक्रवार को जारी ब्योरे से यह जानकारी सामने आई है। एमपीसी ने इस बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती करने का फैसला किया था। इस तरह रेपो दर में इस साल फरवरी से लेकर अबतक कुल कटौती बढ़कर एक प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने मौद्रिक नीति के रुख को भी उदार से संशोधित कर तटस्थ करने का फैसला किया था। बैठक के ब्योरे के मुताबिक, छह-सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक में मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक उपायों का यह पैकेज अनिश्चितता के समय में कुछ निश्चितता प्रदान करेगा और इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समिति के 6 में से 5 सदस्यों ने रेपो दर में 0.50% की कटौती के पक्ष में मत दिया जबकि बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने 0.25% की कटौती का सुझाव दिया था।



# 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के 8 प्रमुख बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर मई 2025 में घटकर 0.7% रह गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछली सबसे कम वृद्धि दर अगस्त, 2024 में थी, जब इन ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5% की गिरावट आई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल मई में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 6.9% थी। अप्रैल में इन प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के उत्पादन में 1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि चार प्रमुख क्षेत्रों- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक एवं बिजली के उत्पादन में मई के दौरान गिरावट दर्ज की गई। रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सकारात्मक रही। साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में 8 प्रमुख क्षेत्रों में कुल 0.8% की वृद्धि दर्ज की गई है।

# प. एशिया संघर्ष का भारत पर प्रभाव सीमित

**कोलकाता, एजेंसी**

- रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

साख तय करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा है कि प. एशिया में जारी संघर्ष का फिलहाल भारत की कंपनियों के वैश्विक व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि अगर अनिश्चितताएं बढ़ती हैं, तो कुछ क्षेत्रों पर इसका असर पड़ सकता है। अनिश्चितताओं ने वैश्विक कच्चे तेल के बाजारों को प्रभावित किया है।

एक सप्ताह में ब्रेंट क्रूड 73 से 76 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहा है। अप्रैल और मई के दौरान, ब्रेंट क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ था। तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आ सकता है। इससे तेल उत्पादक कंपनियों को फायदा होगा और रिफाइनरी कंपनियों के मार्जिन में कमी आएगी। क्रिसिल ने कहा कि संघर्ष में शामिल दो देशों, इजराइल और ईरान के साथ भारत का सीधा व्यापार कुल व्यापार का एक प्रतिशत से भी कम है। ईरान को भारत का मुख्य निर्यात बासमती चावल है, जबकि इजराइल के साथ व्यापार अधिक विविधतापूर्ण है। पश्चिम एशिया में अनिश्चितताओं के बढ़ने से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान आने की संभावना है। विशेष रसायन, पेंट, विमानन और टायर जैसे कुछ अन्य क्षेत्र इसका प्रभाव महसूस कर सकते हैं।

### ईरान-इज़राइल संघर्ष के प्रभाव का आकलन करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी व्यापार पर ईरान-इजराइल संघर्ष के प्रभाव का आकलन करने और संबंधित मुद्दों का समाधान निकालने के मकसद से वाणिज्य मंत्रालय पोत परिवहन, निर्यातकों, कंटेनर कंपनियों और अन्य विभागों सहित हितधारकों के साथ बैठक करेगा। अधिकारी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल करेंगे। हम मालभाड़े से जुड़े मुद्दे उठाएंगे। बर्थवाल ने पहले कहा था कि भारत, स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। निर्यातकों ने कहा कि अगर युद्ध और बढ़ता है तो इससे विश्व व्यापार पर असर पड़ेगा और हवाई तथा समुद्री माल ढुलाई की दरें बढ़ जाएंगी।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### उपमुख्यमंत्री और विधायक को मारने की मिली धमकी

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस विधायक राकेश कालिया को सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से दी गई जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कुख्यात गैंगस्टर अमरीश राणा की गिरफ्तारी पर फेसबुक पर पोस्ट साझा की थी। उसने लिखा, लोग फिर से तलवार मांग रहे हैं। अन्य व्यक्ति ने जवाब दिया, इसका इस्तेमाल एक राजनेता पर होगा। पूछे जाने पर कि किस अपराध के लिए? तो व्यक्ति ने कहा, केवल उपमुख्यमंत्री और विधायक राकेश कालिया ही जानेंगे। शिकायतकर्ता अरुण ने हरोली थाने में मामला दर्ज कराया है।

#### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। छोटेबेठिया क्षेत्र के कोटरी नदी के किनारे आमाटोला और कलपर गांव के जंगल में नक्सलियों की सूचना पर अभियान चलाया गया था।

#### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सभी गिरफ्तारियां इंफाल पश्चिम, टेंग्नौपाल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों से की गईं।

# सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसीयू के बेंगलुरु परिसर के उद्घाटन के दौरान की सरकार की सराहना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की।

शाह ने अदिचुन्चानागिरी विवि (एसीयू) के बेंगलुरु परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्रधानमंत्री ने गुजरात में कहा था कि गरीबी का सबसे बड़ा मुद्दा बीमारी और इलाज का खर्च है, प्रशासन को गरीबों की बीमारी के इलाज का इंतजाम करना होता है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराकर इस सपने को पूरा किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष और पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, भारतीय जन औषधि परियोजना तथा 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसी पहल की। शाह ने कहा कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास हुए हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, आज 23 हैं, वहीं मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। 2014 में 51,000 एमबीबीएस सीट थीं, आज 1,18,000 है, पीजी सीट की संख्या पहले 31,000 थी, जो आज 74,000 है। केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा रेल राज्य मंत्री मंत्री वी सोमन्ना तथा अदिचुन्चानागिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी मौजूद थे।




बेंगलुरु के कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य।

### सहकारिता की असमान वृद्धि को समान रूप देने की मंशा

**मुंबई।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि देश में सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि असमान रही है और सरकार का इरादा इसे समान रूप देने का है। शाह ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) के सम्मेलन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र केवल देश के पश्चिमी भागों में ही स्थिर रहा जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में यह कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद इस क्षेत्र की वृद्धि को एकसमान रूप देना है। सहकारी क्षेत्र सीमित पूंजी के साथ अधिक लाभ प्रदान करके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। शाह ने कहा कि हम देश में सभी स्तरों पर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके इसकी प्रगति करेंगे। शाह ने कहा कि जीडीपी देश की वृद्धि का एकमात्र मापदंड नहीं है। सहकारी क्षेत्र कम पूंजी में अधिक लाभ और रोजगार के अवसर प्रदान करके वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

# चुनौती न मिलने पर चुनावी वीडियो कर दें नष्ट : ईसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को दिया निर्देश
- डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने की आशंका जताई

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए किए जाने की आशंका पर अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन में चुनाव को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो वे सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और चुनाव प्रक्रिया के वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

30 मई को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों के साथ ही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हालांकि चुनावी कानून के तहत इस तरह की रिकॉर्डिंग अनिवार्य नहीं होती, लेकिन आयोग चुनावी प्रक्रिया के कई चरणों के दौरान आंतरिक प्रबंधन उपकरण के रूप में उनका उपयोग करता है। आयोग ने कहा, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए इस रिकॉर्डिंग का हाल ही में दुरुपयोग किया गया है। ऐसी सामग्री का चुनिंदा तरीके से और संदर्भ से परे उपयोग किया गया है। सभी प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी 45 दिन के लिए संरक्षित की जाएगी।

# वकील को समन भेजकर ईडी ने पूछा अपने मुवक्किल को क्या सलाह दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एससीएओआरए ने सीजेआई से किया स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने सीजेआई बीआर गवई से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल को ईडी के समन पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वेणुगोपाल को यह समन एक मुवक्किल को दी गई कानूनी सलाह के संबंध में जारी किया गया है।

एसोसिएशन ने चिंता जताई है कि इस तरह की कार्रवाई से कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मुवक्किलों को दी गई पेशेवर राय के लिए अधिवक्ताओं को समन भेजना कानूनी प्रणाली के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करता है। ईडी ने 18 जून को वेणुगोपाल को समन जारी किया था, जिसमें रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. रश्मि सलूजा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजनाओं के संबंध में मेसर्स केयर हेल्थ इंश्योरेंस को उनकी कानूनी सलाह से संबंधित दस्तावेज की जानकारी मांगी गई थी। समन में सीएचआईएल, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज या उनकी संबद्ध संस्थाओं की ओर से कानूनी सेवाओं के लिए किए भुगतान का विवरण मांगा गया है। वेणुगोपाल को 27 जून को मुंबई में ईडी के सहायक निदेशक के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

# भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी एक्स पर पोस्ट कर की है। राहुल गांधी ने कहा, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। देश की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है। हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।



### बारिश बनी मुसीबत





झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान हुए जलभराव के बीच लोगों को नाव के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। एजेसी

# एअर इंडिया ने 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 8 उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

एअर इंडिया ने रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित आठ उड़ान शुक्रवार को रद्द कर दीं। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए उसकी टीम वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं।

विमानन कंपनी ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा लौटाने या पूरक व्यवस्था की पेशकश भी की है। जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें दुबई से चेन्नई के लिए एआई906, दिल्ली से मेलबर्न के लिए एआई308, मेलबर्न से दिल्ली के लिए एआई309 और दुबई से हैदराबाद के लिए एआई2204 शामिल हैं। एअर इंडिया ने कहा कि चार घरेलू उड़ानें - पुणे से दिल्ली के लिए एआई874, अहमदाबाद से दिल्ली के लिए एआई456, हैदराबाद से मुंबई के लिए एआई-2872 और चेन्नई से मुंबई के लिए एआई571 - रद्द कर दी गई हैं।



### 220 की शिनाख्त, 202 शव परिजनों को सौंपे गए

**विमान हादसा**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बाद अब तक डीएनए मिलान के जरिये 220 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने एक्स पर कहा कि इन 202 लोगों में 160 भारतीय, 7 पुर्तगाली, 34 ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक के शव हैं। 15 मृतकों के शवों को हवाई मार्ग से उनके मूल स्थानों को भेज दिया गया है, वहीं 187 लोगों की पार्थिव देह को सड़क मार्ग से भेजा गया।

### गड़बड़ी का पता लगने पर मदुरै जा रहा विमान चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** मदुरै जा रहे निजी विमानन कंपनी के विमान में शुक्रवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे वापस यहां लाया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों और कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आधे घंटे की उड़ान के बाद पायलट को गड़बड़ी का पता चला और उसने चेन्नई वापस आने की अनुमति मांगी। विमान में 68 यात्री थे। विमान यहां सुरक्षित उतरा और सभी यात्रियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विमान से उतार लिया गया।

# पश्चिम बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

**पुरुलिया (बंगाल)।** प. बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने के अंतर्गत नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई।

बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वे पुरुलिया में बड़ाबाजार पुलिस थाना क्षेत्र के तहत अदाबना गांव से पड़ोसी झारखंड राज्य के नीमडीह पुलिस थाना क्षेत्र के तिलेटांड में जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी के परखच्चे उड़ गए। लोग और आपात कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।

# द्रमुक नेता दयानिधि ने भाई कलानिधि पर लगाया वित्तीय अपराध का आरोप

**चेन्नई, एजेंसी**

- दयानिधि ने कहा- सन टीवी एवं कंपनियों की शेयरधारिता को बहाल करें या कानूनी कार्रवाई को तैयार रहें

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन ने अपने भाई कलानिधि मारन पर वित्तीय अपराध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सन टीवी एवं संबंधित कंपनियों की पूरी शेयरधारिता को उनकी मूल स्थिति में बहाल करें या कानूनी एवं नियामक की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।

दयानिधि मारन ने कानूनी नोटिस में आरोप लगाया है, कलानिधि और आपके सहयोगियों ने अपने पेशेवर दायित्वों का जानबूझकर दुरुपयोग कर कई सुनियोजित और समन्वित वित्तीय अपराध किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य उच्चतम स्तर के सफेदपोश अपराध हैं और इनसे संबंधित कंपनियों के वैध हितधारकों को अपूरणीय नुकसान हुआ है। यह कानूनी नोटिस कलानिधि मारन एवं उनकी पत्नी कावेरी कलानिधि और छह अन्य लोगों को भेजा गया। नोटिस के अनुसार, ये लोग कलानिधि और उनकी पत्नी के करीबी हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, लेखों में दिए बयान गलत, भ्रामक, अटकलबाजी वाले, मानहानिकारक हैं और तथ्यों या कानून द्वारा समर्थित नहीं हैं।

# जायसवाल के शतक से चाय तक दो विकेट पर 215 रन बने

## पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भारत की शानदार शुरुआत, कप्तान शुभमन गिल 89 रन बनाकर क्रीज पर डटे


शुभमन गिल।

**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी**

लीड्स, एजेंसी



भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक और कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन चाय ब्रेक तक दो विकेट पर 215 रन बना लिए। दोनों बल्लेबाज एक दूसरे से अलग अंदाज में खेले लेकिन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए नाबाद 123 रन की साझेदारी निभा ली है। जायसवाल (नाबाद 100 रन) ने अपना पांचवां शतक पूरा करने के लिए 144 गेंद में 16 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि गिल 74 गेंद में 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। गिल ने 56 गेंद में अपना आठवां अर्धशतक बनाया। यह भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहला अर्धशतक है। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया। लंच से तुंरत पहले केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण करने वाले बी साई सुदर्शन के विकेट गिरे। सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया। हालांकि कुछ मदद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी की जो सही लाइन और लेंथ पाने में संघर्ष करते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके मिले। इस सयंमित पारी के दौरान भी जायसवाल ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद पर एक बेहतरीन ऑफ-ड्राइव शॉट लगाया और इसी गेंदबाज की गेंद पर एक शानदार छक्का जड़ा। वहीं गिल बल्लेबाजी की सामान्य रणनीति पर अडिग रहे, उन्होंने ऑन-साइड पर और ऑफ-साइड पर शानदार शॉट लगाए। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रिस वोक्स की गेंद पर ऑफ-ड्राइव के बाद एक और शॉट लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जायसवाल ने जल्द ही ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया और हवा में उछलकर इसका जश्न मनाया। इससे पहले उन्होंने इस गेंदबाज पर प्वाइंट और कवर पर लगातार चौके लगाए। सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (42 रन) और जायसवाल ने इंग्लैंड के आक्रमण का डटकर सामना करते हुए पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई। पर पहले सत्र के अंतिम क्षण में राहुल के आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके।

### इंग्लैंड ने पिच को देखकर गेंदबाजी का किया फैसला


इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हेंडिग्ले की पिच को देखकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह पिच पिछले एक दशक में बल्लेबाजों के लिए मददगार बन गई है और इसकी झलक पहले ही सत्र में दिखी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच में 'मूवमेंट' और स्विंग दिख रहा था। लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सुबह अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की कमी दिख रही थी जिससे वे भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इंग्लैंड के गेंदबाज स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और क्रिस वोक्स ने राहुल और जायसवाल को बहुत ज्यादा फुल लेंथ गेंदबाजी की जिससे उन्होंने कुछ आसान 'सिंगल' रन चुराए।

**209** कैच लेकर जो रूट अब पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के टेस्ट क्रिकेट में 210 कैच के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक कैच दूर हैं।


**101** रन
**159** गेंद
**16** चौके
**01** छक्का
यशस्वी जायसवाल।

### विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने मौन रखा

**लीड्स** : भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।



**एक नजर**


नॉटिंघम ओपन के पांचवें दिन मैग्डा लिनेट के खिलाफ एक्शन में क्लारा टॉसन। ● एजेंसी

### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन** : कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### होटल प्लानर टूर पर सप्तक तलवार 18वें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस)** : भारत के सप्तक तलवार ने होटल प्लानर टूर के गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में अंडर 69 का कार्ड खेला और पहले दिन के बाद वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपना राउंड पहले नौ होल से शुरू किया जिसमें उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कीं। बैक नाइन में उन्होंने 11वें तथा 14वें होल पर शॉट लगाकर दिन का अंत एक अंडर पर किया। मैक्स कैनेडी ने 10 अंडर 60 का स्कोर बनाकर कोर्स रिकार्ड बनाया।

### अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ में 13वें स्थान पर

**मराकेश** : भारत के अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन बोगीरहित प्रदर्शन करके चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले नौ होल में सिर्फ एक बर्डी लगाया लेकिन इसके बाद चार बर्डी लगाए। भारत के आठ गोल्फर इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं जिनमे से करणदीप कोचर संयुक्त 26वें, खालिन जोशी संयुक्त 32वें और अर्जुन शर्मा संयुक्त 63वें स्थान पर हैं। राहिल गंगजी संयुक्त 78वें, एस चिक्करांगप्पा और अमन राज संयुक्त 93वें और पुखराज सिंह गिल संयुक्त 106वें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद थाईलैंड के वारान्यु रत्तनाफिबूंकिज ने बढत बना ली है।

### बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

**पासाडेना (अमेरिका)** : बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। लेकिन गुरुवार की रात को खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली।

# राहुल के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला है : नायर

लीड्स, एजेंसी

लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे।



नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे प्रेरित करती रही।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। आज यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया।

इस अवसर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज़्बे और जुझारूपन का महोत्सव है।

# भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता

लीड्स, एजेंसी


मैथ्यू हेडन।

● मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ ने कहा भारतीय टीम को इंग्लैंड की पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा

अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा।

शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा। स्मिथ ने कहा इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है।

### लाबुशेन टीम से और स्मिथ पहले टेस्ट से बाहर

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)** : पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे, क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है।

# भारतीय तीरंदाजों ने नौ पदक जीते

सिंगापुर, एजेंसी


● जूनियर तीरंदाजी के एशिया कप में भारतीय टीम को रजत पदक से करना पड़ा संतोष

भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की।

# मेसी ने फ्री किक पर गोल करके इंटर मियामी को जीत दिलाई

**अटलांटा (अमेरिका)** : स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया, जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है।

इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।


इंटर मियामी के लियोनेल मेस्सी (दाएं) अटलांटा में इंटर मियामी और एफसी पोर्टो के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप ए फुटबॉल मैच में दूसरा गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

# डोपिंग में भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली** : भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई, जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा। हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है।

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाए जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किये गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है।

# जीत के साथ विदा लेना चाहेगी भारतीय हॉकी टीमें

**प्रो लीग**

एंटवर्प, एजेंसी

● विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का टूट चुका है सपना

● शनिवार और रविवार को तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी



भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है लिहाजा भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी।

इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष टीम काफी उम्मीदों के साथ यूरोप गई थी, लेकिन अभी तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। इन पराजयों के बाद टीम तीसरे से आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि कुल नौ टीमें ही तालिका में हैं। प्रो लीग के विजेता को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ भारत को 1.2 और 2.3 से पराजय मिली जबकि अर्जेंटीना ने उसे 3.2 और 2.1 से और आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 3.2 से हराया। ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम ने यूरोप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की आदत का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा है।


### महिला टीम भी लगातार चार मैच हारी

**एंटवर्प** : भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसे आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 2.1 से जबकि अर्जेंटीना ने 4.1 और 2.0 से हराया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हालांकि टीम ने तेज रफ्तार आक्रामक हॉकी खेली लेकिन पेनल्टी कॉर्नर कमजोर रहा। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी तो उसकी नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय नौ टीमों में सातवें स्थान पर है।

### खिलाड़ियों को प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

**नई दिल्ली** : भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा।

## योग का अनूठा संगम



भारत के साथ-साथ दुनियाभर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आगरा में शुक्रवार को ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर योग करती महिलाएं। एजेंसी

# तकनीक बढ़ी तो बढ़ा साइबर क्राइम

कुछ हट के

साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। आगे बढ़ती तकनीक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते है। ऐसे में साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ता है, जिससे इससे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।



### ऐसे करें साइबर अपराधों से बचाव

- **ईमेल सुरक्षा समाधान** : ईमेल खाते साइबर हमलावरों के लिए सॉफ्ट टार्गेट होते हैं, इसलिए ईमेल एन्क्रिप्शन, स्पैम फिल्टर और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो ईमेल सामग्री को अवरोधन से बचाती है।
- **पासवर्ड प्रबंधक** : साइबर अपराधी अक्सर पासवर्ड पर हमला करते हैं। इसलिए मजबूत पासवर्ड जरूरी है जो अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

**सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण** : सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण उपयोगकर्ताओं को साइबर हमलों के खतरे को बेहतर ढंग से पहचानने, उनसे बचने और उन्हें कम करने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में मदद करना है।

### अपराध के प्रकार और उदाहरण

- **सोशल मीडिया धोखाधड़ी** : काल्पनिक ऑनलाइन स्टोर, कैटफिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग हमले या प्रतिरूपण घोटाले शामिल हैं। सोशल मीडिया धोखाधड़ी अक्सर उपयोगकर्ता के भरोसे, भोलेपन और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करने की प्रवृत्ति का फायदा उठाती है।
- **ईमेल घोटाले** : भ्रामक योजनाएं जो कई रूप लेती हैं। नकली ईमेल प्राप्तकर्ताओं को गुमराह करते हैं, जबकि सोशल इंजीनियरिंग तकनीकें लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी जानकारी का खुलासा करने या हमलावर को पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखा देती हैं।
- **बैंकिंग धोखाधड़ी** : धोखाधड़ी वाली गतिविधियां जो वित्तीय संस्थानों या उनके ग्राहकों और हितधारकों को लक्षित करती हैं। उदाहरणों में क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एटीएम स्किमिंग और ऑनलाइन बैंकिंग घोटाले शामिल हैं।
- **ई-कॉमर्स धोखाधड़ी** : ऑनलाइन शॉपिंग तकनीक की कमजोरियों और नुकसानों का फायदा उठाने वाले विस्तृत उपभोक्ता घोटाले, जैसे कि कृत्रिम या मनगढ़ंत ऑनलाइन स्टोर, नकली विक्रेता खाते या क्रेडिट कार्ड की जानकारी की चोरी। ईकॉमर्स धोखाधड़ी के मामलों में उपभोक्ताओं और ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं दोनों को वित्तीय नुकसान होता है।

## एक नजर

### असाध्य रोगियों को जीवन समाप्त करने की अनुमति संबंधी विधेयक का समर्थन

**लंदन।** ब्रिटेन के सांसदों ने शुक्रवार को संसद में ऐतिहासिक मतदान के माध्यम से एक विधेयक का समर्थन किया, जिसके तहत इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रूप से बीमार वयस्कों को अपना जीवन समाप्त करने का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बनने के और करीब पहुंच गया है। संसद सदस्यों ने बहस के बाद असाध्य रूप से बीमार वयस्कों (जीवन का अंत) विधेयक पर मतदान किया। इसके पक्ष में 314 और विपक्ष में 291 मत पड़े। यह विधेयक अब 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के पास जाएगा, जो नीति में संशोधन कर सकता है या विलंब कर सकता है, हालांकि वह निचले सदन के फैसले को पलट नहीं सकता।

### नाइजर में 34 सैनिकों की हत्या की, 14 घायल

**डकार (सेनेगल)।** माली और बुर्किना फासो से लगी सीमा के पास पश्चिमी नाइजर में सशस्त्र लोगों ने 34 सैनिकों की हत्या कर दी और 14 अन्य को घायल कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हमला बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे बानीबांगौ में हुआ। हमलावर आठ वाहनों और 200 से अधिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सरकार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। अन्य हमलावरों को खोजने के लिए जमीन और हवा से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### एर्दोआन ने मिसाइल उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया

**अंकारा।** इजराइल-ईरान युद्ध के और भीषण होने के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह देश की प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं ताकि कोई भी देश हमला करने की हिम्मत न कर सके। एर्दोआन ने इस सप्ताह मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना की घोषणा की। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, एर्दोआन ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर हुई बातचीत में ईरान-इजराइल युद्ध पर चर्चा की। उन्होंने मर्ज से कहा कि ईरान से संबंधित परमाणु मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए हो सकता है।

# हमलों के बीच इजराइल और ईरान संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू

## ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला करने का विचार कर रहा अमेरिका

- दोनों देशों ने एक दूसरे पर बरसाए बम

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को भी दोनों देशों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर युद्ध में सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए जो एक पहाड़ के नीचे स्थित है और इसे व्यापक रूप से पहुंच से बाहर बताया जाता है लेकिन अमेरिका के बंकर बस्टर बम उसे नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्हें अब भी इस बात की 'पर्याप्त' संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। ईरान के विदेश मंत्री ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों तथा यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो व दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और ऐसे समझौते की संभावना पर चर्चा की जिससे संघर्ष कम हो सकता है। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें 60 से अधिक विमानों ने मिसाइलों के निर्माण से जुड़े औद्योगिक स्थलों को निशाना बनाया।



इजराइल के बीरशेबा में ईरान से दागी गई मिसाइल की चपेट में आने के बाद एक इमारत से उठता धुआं।

### इजराइल के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थान पर भी हमला

**रेहोवोत (इजराइल)।** इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाता रहा है ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ने से रोका जा सके लेकिन अब दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में इजराइल के वैज्ञानिक भी निशाने पर आ गए हैं। दोनों ओर से जारी हमलों के बीच ईरान की मिसाइल ने इजराइल के ऐसे प्रमुख शोध संस्थान पर हमला किया है जो जीवन विज्ञान और भौतिकी समेत विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने काम के लिए जाना जाता है। वीजमैन विज्ञान संस्थान पर रविवार तड़के हुए हमले में हालांकि किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इससे परिसर में स्थित कई प्रयोगशालाओं को भारी क्षति पहुंची है जिससे वर्षों से जारी शोध कार्य प्रभावित हुए हैं और इजराइली वैज्ञानिकों को यह भयावह संदेश गया है कि ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष में अब वे एवं उनके शोध कार्य भी निशाने पर आ गए हैं।

### हवाई, जमीनी व समुद्री मार्ग से अपने-अपने देश लौट रहे हैं विदेशी

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर के देश इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने पर दोनों देशों से हवाई, जमीनी और समुद्री मार्ग से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। दोनों देशों के कई दिनों से किए जा रहे हमलों और बदले की कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है जिससे वाणिज्यिक उड़ानें बुरी तरह बाधित हुई हैं और लोग इस क्षेत्र से आसानी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कुछ सरकारें अपने नागरिकों को सड़क मार्ग से उन देशों तक पहुंचाने के लिए भूमि सीमाओं का इस्तेमाल कर रही हैं, जहां हवाई अड्डे खुले हैं। पिछले हफ्ते संघर्ष शुरू होने के बाद से हजारों विदेशी पहले ही अपने-अपने देश लौट चुके हैं। बुल्गारिया ने तेहरान से अपने सभी राजनयिकों को अजरबैजान की राजधानी बाकू भेज दिया है। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रोजन झेलयाझकोव ने कहा, हम दूतावास बंद नहीं कर रहे हैं लेकिन खतरा टलने तक इसे बाकू स्थानांतरित कर रहे हैं।

# सीमा पार कर ताइवान में घुसे चीन के लड़ाकू विमान

**ताइपे (ताइवान), एजेंसी**

- चीन के 74 लड़ाकू विमानों में से 61 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया

चीन ने गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह ताइवान की ओर 74 लड़ाकू विमान भेजे, जिनमें से 61 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार किया। यह चीन और ताइवान के बीच अनौपचारिक विभाजन रेखा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह के बीच इतने सारे विमान क्यों भेजे गए। उसने बताया कि विमानों को दो अलग-अलग किस्तों में भेजा गया।

चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वह इस तरह की तैनाती का इस्तेमाल स्वशासित द्वीप को घेरने और संभवतः उस पर हमले की धमकी देने के लिए करता है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ब्रिटिश रॉयल नेवी के अपतटीय गश्ती जहाज 'एचएमएस स्पी' के एकदिन पहले ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने की पुष्टि करते हुए उसका स्वागत किया था। मंत्रालय ने कहा, एक बार फिर यह जलडमरूमध्य के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के दर्जे की पुष्टि करता है। ताइपे में ब्रिटेन के प्रतिनिधित्व कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्पी ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन किया था।



चीन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जन मुक्ति सेना (पीएलए) की पूर्वी थियेटर कमान ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की और सुरक्षा तथा प्रभावी ढंग से इसका जवाब देने के लिए सैनिकों को संगठित किया। पूर्वी थियेटर कमान ने एक बयान में कहा कि ब्रिटिश जहाज की कार्रवाई ने जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ा और ताइवान जलडमरूमध्य की शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चीन द्वारा ताइवान में बड़ी संख्या में भेजे गए इन विमानों का संबंध ब्रिटिश जहाज के ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन से है या नहीं।

## तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा कार्बन बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री से. तक सीमित रखने का लक्ष्य, वैज्ञानिकों के अंतर्राष्ट्रीय समूह ने जताई चिंता

वैज्ञानिकों के एक अंतर्राष्ट्रीय समूह के अनुसार, अगर दुनिया में वर्तमान दर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता रहा, तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का कार्बन बजट तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा। कार्बन बजट से तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड की कुल मात्रा से है जिसे ग्रह उत्सर्जित कर सकता है। फिलहाल तापमान एक निश्चित सीमा से नीचे रहने की अच्छी संभावना है।

2015 में हुए पेरिस जलवायु सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन की सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने पर सहमति व्यक्त की गई थी। कार्बन बजट पार करने का मतलब यह नहीं है कि 1.5 डिग्री की सीमा तुरंत पार हो जाएगी। इसका मतलब है कि अगर उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की गई तो दुनिया बहुत जल्द कार्बन बजट पार कर जाएगी। अर्थ सिस्टम साइंस डेटा पत्रिका में प्रकाशित नवीनतम वैश्विक जलवायु परिवर्तन संकेतक अध्ययन में यह भी पाया कि यदि कार्बन उत्सर्जन वर्तमान स्तर पर रहा तो 2048 तक 2 डिग्री सेल्सियस का कार्बन बजट पार हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि मानवीय गतिविधियों के कारण पिछले एक दशक में हर साल लगभग 53 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में छोड़ा गया है।

## साइबर अपराध में दोषी 85 चीनी नागरिकों को किया निर्वासित

**कोलंबो।** श्रीलंका में साइबर अपराध के मामले में दोषी पाए गए 85 चीनी नागरिकों को देश से निर्वासित कर दिया गया है। कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मध्य प्रांत के कुंदसाले कस्बे में साइबर अपराध गतिविधियों में लिप्त 22 महिलाओं समेत 130 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन सभी को टेलडेनिया की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 200 से अधिक मोबाइल फोन, 100 से ज्यादा लैपटॉप और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण जब्त किए गए। अदालत के आदेशानुसार, जब्त उपकरणों को कोलंबो स्थित चीनी दूतावास को सौंपा जाएगा। कुल 130 आरोपियों में से 122 को अदालत के आदेश के बाद आव्रजन हिरासत केंद्र में भेजा गया था।

# कीव पर मिसाइल हमले के बाद रूस पर अधिक दबाव बनाने की अपील

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा- इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला

**कीव, एजेंसी**



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि कीव के नौ मंजिला अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमला इस बात का संकेत है कि युद्धविराम के लिए मास्को पर अधिक दबाव डाले जाने की जरूरत है। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मंगलवार सुबह कीव पर ड्रोन और मिसाइल से किया गया हमला इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला है।

इस हमले में 28 लोग मारे गए और 142 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की ने राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमक और आंतरिक मंत्री इगोर के साथ गुरुवार सुबह कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थिति इमारत का दौरा किया और वहां हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जेलेंस्की ने कहा यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। उन्होंने साथ ही रूस पर दबाव डालने के लिए तैयार यूक्रेन के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं जो 24 फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमला है।

### यूक्रेन के दो शहरों में ड्रोन हमले, एक व्यक्ति की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए।

## ट्रंप को लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड सैनिकों पर नियंत्रण की अनुमति

**एंजिलिस।** अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति ट्रंप को आव्रजन संबंधी मामलों में छापेमारी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में तैनात किए गए नेशनल गार्ड के सैनिकों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दे दी। इस निर्णय ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश के इस फैसले पर रोक लगा दी है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर के विरोध के बावजूद सैनिकों को सक्रिय करके ट्रंप ने गैर कानूनी कार्य किया था। यह 1965 के बाद से पहली बार है जब गवर्नर की अनुमति के बिना किसी राष्ट्रपति ने नेशनल गार्ड को तैनात किया है। नाइंथ यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला कि ट्रंप ने गार्ड पर नियंत्रण को संघीय मामला बनाकर अधिकार का संभवतः विधिसम्मत इस्तेमाल किया था।

## पाकिस्तान में धर्मांतरण के विरोध के बाद तीन हिंदू बहनों को कराया मुक्त

**कराची, एजेंसी**

- पुलिस ने चारों को सिंध प्रांत के हैदराबाद से कराया मुक्त

पाकिस्तान पुलिस ने सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की तीन लड़कियों और उनके चचेरे भाई को मुक्त करा लिया है। तीनों लड़कियों और उनके भाई का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था जिसका हिंदू समुदाय की ओर से विरोध किए जाने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। हिंदू समुदाय ने 16, 19 और 22 वर्ष की तीन बहनों तथा उनके 13 वर्षीय चचेरे भाई की माताओं की अपील पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाया गया।

पुलिस ने चारों को हैदराबाद से मुक्त कराया। एसएसपी गुलाम नबी कीरियो ने कहा, हमने उनका धर्मांतरण कराने वाले संदिग्ध को भी गिरफ्तार कर लिया है। कीरियो ने बताया कि तीनों बहनें और उनका चचेरा भाई बुधवार सुबह बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। कुछ घंटों बाद उनके वीडियो सामने आए, जिसमें चारों यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया है। कीरियों के मुताबिक वीडियो में तीनों बहनें और चचेरा भाई अपने परिवार पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते सुनाई दे रहे थे। इस घटना के बाद उनकी माताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और कहा कि लड़का सिर्फ 13 साल का है और उसे धर्म की भी समझ नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हिंदू पंचायत और कुछ निर्वाचित नेताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## मुनीर ने अमेरिका में क्षेत्रीय शांति के प्रति प्रतिबद्धता जताई

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिका में हुईं मुलाकातों के दौरान क्षेत्रीय शांति व स्थिरता और नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान में कहा कि मुनीर ने अमेरिकी ट्रंप के साथ मुलाकात के बाद वाशिंगटन डीसी में वरिष्ठ स्कॉलर, विश्लेषकों, नीति विशेषज्ञों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक वार्ता की। मुनीर अमेरिकी वैचारिक समूहों और सामरिक मामलों के संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत से प्रमुख क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर पाकिस्तान के सैद्धांतिक रुख को स्पष्ट करने व पाकिस्तान के सामरिक दृष्टिकोण की समझ को बढ़ाने का अवसर मिला।

**चिंताजनक** चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा, 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 % बढ़े

# 2024 के संघर्षों में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल विभिन्न जगहों पर संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा अभूतपूर्व स्तरों पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा अपराध गाजा और वेस्ट बैंक, कांगो, सोमालिया, नाइजीरिया और हैती में हुए हैं। गुरुवार देर रात जारी चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट नामक वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 प्रतिशत बढ़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में अपराधों में 21 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि 2024 में बच्चों को निरंतर जारी रही शत्रुता व अंधाधुंध हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ा। वे युद्ध विराम और शांति समझौतों की अवहेलना और गहराते मानवीय संकटों से प्रभावित हुए। उन्होंने युद्ध की रणनीतियों का जिक्र किया जिसमें बच्चों पर हमले, आबादी वाले क्षेत्रों में तेजी से विनाशकारी और विस्फोटक हथियारों की तैनाती, और लड़ाई के लिए बच्चों का व्यवस्थित शोषण शामिल है। संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के खिलाफ 41,370 घोर अपराधों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 अपराध 2024 में और 5,149 उससे पहले किए गए थे, लेकिन ये पिछले साल सत्यापित किए गए। इन अपराधों में बच्चों की हत्या, उन्हें अपंग बनाना, अपहरण, यौन हिंसा, स्कूलों और अस्पतालों पर हमला और युवाओं को मानवीय सहायता तक पहुंच से वंचित करना शामिल है। इजराइली सेना को दूसरे वर्ष भी बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले देशों की काली सूची में रखा है।



### बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध : गुतारेस

गुतारेस ने कहा कि वह कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों और इजराइल में बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध हैं और अपराधों में वृद्धि, विशेष रूप से इजराइली बलों द्वारा मारे गए बच्चों की बड़ी संख्या बहुत चिंता की बात है। उन्होंने एक बार फिर इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की। बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा, स्कूलों और अस्पतालों की सुरक्षा, हमलों में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर करने तथा नागरिकों को अत्यधिक नुकसान से बचाने की आवश्यकता का अनुपालन करने की बात कही है। संरा ने कांगो में, पिछले साल 3,418 बच्चों के खिलाफ़ 4,043 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी है। सोमालिया में 1,992 बच्चों के खिलाफ 2,568, नाइजीरिया में 1,037 बच्चों के खिलाफ 2,436, हैती में 1,373 बच्चों के खिलाफ 2,269 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी गई है।